


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 युवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर ...

शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की... 11



वर्ष : 13 ■ अंक : 121 ■ पटना, शनिवार, 09 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# पुनौराधाम में बनेगा मां जानकी का भव्य मंदिर, अमित शाह व सीएम नीतीश ने किया भूमिपूजन

## 890 करोड़ की लागत से बनेगा मां जानकी का भव्य मंदिर : शाह

■ बोलें- पूरे बिहार और देश के लिए सौभाग्य का दिन है

प्रात : किरण

सीतामढ़ी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मां जानकी ने बारिश भेजकर आशीर्वाद दिया है। मां जानकी का आशीर्वाद पूरे भारत के लिए शुभ होगा। 890 करोड़ रुपए की लागत से पुनौराधाम में मां जानकी का भव्य मंदिर बनेगा। आज सीतामढ़ी के साथ पूरे बिहार और देश के लिए सौभाग्य का दिन है। ये सिर्फ एक मंदिर नहीं है, बल्कि मिथिलांचल और बिहार के सौभाग्य की शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही माता जानकी का भव्य मंदिर बन रहा है। मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री शाह ने मां जानकी के मंदिर



की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाए गए हैं। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम है। इसके 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है। शाह ने समस्तीपुर से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में पीएम मोदी की अयोध्या में पूजा की तस्वीरें दिखाई गईं।

## घुसपैठियों को बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी

इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में लोग बम धमाके कर भाग जाते थे। कई पूछने वाला नहीं था। लेकिन हमारी सरकार ने सेना को खुली छूट दी, इसके बाद सेना ने पहलगाम हमले का बदला लिया। पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। ये लालू एंड पार्टी ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाती है। लेकिन लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है ये नरेंद्र मोदी की एनडीए की सरकार है। देश से खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। बिहार के सभी अखबारों में सवाल उठाए जा रहे हैं एसआईआर होना चाहिए किया नहीं होना चाहिए। देश से घुसपैठियों को बाहर होने चाहिए की नहीं होने चाहिए। लालू जी आप किसे बचाना चाहते हो। जो बांग्लादेश से आकर मेरे बिहार के लोगों की नौकरी खा जाते हैं, क्या आप उन्हें बचाना चाहते हो। इस पूरे मामले पर लालू एंड कंपनी को जवाब देना चाहिए। घुसपैठियों के वोट चाहिए, तब बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को भी कहना चाहता हूं चुनाव पर चुनाव हारते हैं। इसलिए लोगों को इस तरह की वजह बताते हैं। गुरुवार को लालू की पार्टी ने प्रेसवार्ता कर पूछा शाह ने मिथिलाचंल को क्या दिया। अरे मैं बनिया का बेटा हूं। आना, पाई-पाई की हिसाब लेकर आया हूं। लालू जब रेल मंत्री थे, तब हर साल रेलवे के लिए 1132 करोड़ रुपए खर्च करते थे। मोदी जी ने साल 2025-26 के लिए 10 हजार 66 करोड़ का बजट रेल के लिए रखा है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 35.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 55% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 05% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,995 |
| चांदी | 1,17,000 |
| सेंसेक्स | 79,857 |
| निफ्टी | 24,363 |

### कच्छ : भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत, 5 घायल

कच्छ। गुजरात के कच्छ में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की एक दुर्घटना में जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना मालियुआ के पास स्थित सूरजबाड़ी पुल की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों में आग लग गई। गाड़ी में सवार चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और 5 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक चार लोगों की जान जा चुकी थी। दमकल विभाग ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और मृतकों की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही पुलिस ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया है और फॉरेंसिक जांच के आधार पर हादसे के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### हिमाचल : 500 मीटर गहरी खाई में गिरी, 6 लोगों की मौत

चंबा। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में कार खाई में गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। यह कार चंबा जिले के तीसा इलाके में चनवास से होकर गुजर रही थी, इसी दौरान वह करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। गुरुवार रात यह घटना घटी। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कार में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें दो पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल थे। तीसा के भंजराडू से चिनवास शाहवा मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरी।

# हर क्षेत्र में तेजी से हो रहा विकास का काम : नीतीश

## बोलें- माँ जानकी मंदिर परिसर को पूरे तौर पर किया जाएगा विकसित

प्रात : किरण

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिले में मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की वृहद् योजना का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ जानकी के मंदिर परिसर का पूरे तौर पर विकास किया जाएगा, इसके लिए यहाँ पूर्व से उपलब्ध 17 एकड़ भूमि के अलावा 50 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा रही है। जमीन अधिग्रहण के बाद कुल 67 एकड़ भूमि पर माँ जानकी के भव्य मंदिर एवं परिसर का विकास कार्य बेहतर ढंग से कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 24 नवम्बर, 2005 से जदयू और भाजपा की गठबंधन वाली एनडीए की सरकार बनी। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी बदतर थी, यह किसी से छुपा नहीं है। शाम के बाद लोग डर के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकलते थे। सड़कों के अभाव के कारण



कहीं आने-जाने के लिए रास्ता नहीं था। हमलोगों ने हर क्षेत्र के विकास और हर तबके के उत्थान के लिए काम किया है। प्रारंभ से



ही बिहार के विकास के लिए हर प्रकार से काम किये जा रहे हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है।

### सीतामढ़ी जिले में विकास के अनेक कार्य कराए

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा इस नई योजना का शिलान्यास किया गया है। हमलोगों ने सीतामढ़ी जिले में विकास के अनेक कार्य कराए हैं,वह निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां जो जरूरतें या कमियाँ रह गई हैं उन्हें दूर किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच रेलमार्ग और सड़क मार्ग विकसित किया जा रहा है। श्री अमित शाह के द्वारा सीतामढ़ी से दिल्ली के लिए आज नई ट्रेन की भी शुरूआत की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ जानकी के भव्य मंदिर बनने और नई ट्रेन शुरू होने से आप सभी को काफी फायदा होने वाला है।

### केंद्र सरकार का मिल रहा भरपूर सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में बिहार को विशेष आर्थिक पैकेज के तहत सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी। वहीं फरवरी 2025 के बजट में मखाना बोर्ड तथा दरभंगा में एयरपोर्ट की स्थापना सहित अन्य कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गयीं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन कराया गया, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

## हर तबके के उत्थान के लिए हो रहा काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, विधवा महिलाओं को मिलने वाली 400 रुपये की पेंशन राशि को बढ़ाकर 1100 रुपये किया है, इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में हमलोगों ने हर घर तक बिजली का कनेक्शन पहुंचा दिया है जो भी नई बसावटें हैं, उन सभी तक हर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। हमलोग शुरू से ही अनुदानित दर पर लोगों को बिजली मुहैया कराते रहे हैं और अब राज्य सरकार की तरफ से सभी बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी इच्छुक लोगों के घरों की छतों पर राज्य सरकार अनुदानित दर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है, इससे लोगों को काफी फायदा होगा।

# रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42 हजार करोड़ मंजूर


■ मिडिल क्लास को सस्ती मिलेगी एलपीजी गैस सिलेंडर

■ शिक्षा, एलपीजी, बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास पर विशेष जोर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को 52,667 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है, जिसके तहत शिक्षा, एलपीजी, बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास पर जोर दिया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों को मजबूत करने के लिए 4,200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 12,060 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी।

**रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42,000 करोड़ रुपये मंजूर:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल



पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जायेगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है। इससे पहले, अक्टूबर 2023 से साल में 12 रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही थी। सब्सिडी का लाभ योजना की 10.33 करोड़ लाभार्थियों को होगा। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत रिफिल बढ़ाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मई 2022 में सालाना 12 रिफिल पर 200 रुपये प्रति सिलेंडर लक्षित सब्सिडी की शुरूआत की थी जिसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपये किया गया था। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने रसोई गैस के घरेलू सिलेंडर के मूल्य नियंत्रण के कारण तेल विपणन कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 30 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान को भी मंजूरी दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आम उपभोक्ताओं पर अनुचित बोझ न पड़े इसके लिए घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियंत्रित मूल्य पर की जाती है

## देश के गुनाहगार सुन लें, वक्त बदलेगा, सजा जरूर मिलेगी: राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को वोटर लिस्ट में कथित धांधली के मुद्दे पर बेंगलुरू में ह्यवोट अधिकार रैलीह्व को संबोधित करेंगे। इससे ठीक पहले उन्होंने वोट चोरी मुद्दे को लेकर एक्स पर पोस्ट में लिखा- वोट चोरी सिर्फ एक चुनावी घोटाला नहीं, ये संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया एक बड़ा धोखा है। देश के गुनहगार सुन लें- वक्त बदलेगा, सजा जरूर मिलेगी। राहुल गांधी ने एक दिन पहले ही वोट चोरी के मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के आंकड़े सामने रखते हुए आरोप लगाया था कि मतदाता सूची में हेरफेर करके वोट चोरी का मॉडल बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए लागू किया है। उन्होंने दावा किया था कि यह सब बीजेपी और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से हो रहा है और यह संविधान के खिलाफ अपराध है। बता दें राहुल गांधी ने गुरुवार को वोट चोरी से जुड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, इस दौरान उन्होंने महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के आंकड़े पेश किए थे। उन्होंने कहा था कि बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई, जबकि यह सीट पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 32,707 मतों के अंतर से जीती थी।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस ने की बड़ी कार्रवाई

## जहानाबाद में पदस्थापति डीएसपी के ठिकानों पर छापा

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने जहानाबाद में पदस्थापित डीएसपी संजीव कुमार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के केस में की गई है। यह मामला करीब डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति से जुड़ा है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट, पटना ने डीएसपी संजीव कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था। यह मुकदमा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988 की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया। डीएसपी पर लगभग 1 करोड़ 52 लाख रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जो उनके ज्ञात वैध स्रोतों से कहीं अधिक है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को अधिकारी के खिलाफ एक्शन लिया। सुबह से ही पटना, खगड़िया और जहानाबाद स्थित उनके आवास और अन्य परिसरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। अदालत ने इस संबंध में सर्च वारंट जारी किया



था। उसी आधार पर विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को छापा मारा। यह कार्रवाई डीएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में की जा रही है, जिसमें तीनों स्थानों पर टीमें सक्रिय हैं। हालांकि, इस छापेमारी में किसी बरामदगी और जब्ती को लेकर अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले, विशेष सतर्कता इकाई (एसवीयू) की कई टीमों ने इस साल जनवरी में पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण से जुड़े आधा दर्जन ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की थी।

## बिहार की मतदाता सूची के मसौदे पर अब तक किसी राजनीतिक दल ने नहीं दर्ज कराई आपत्ति

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग बिहार की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कर रहा है। नागरिकों को पूरी जानकारी देने के लिए नियमित रूप से प्रेस नोट और विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को दैनिक बुलेटिन जारी करते हुए चुनाव आयोग ने जानकारी दी कि बिहार की मसौदा मतदाता सूची के संबंध में किसी भी राजनीतिक दल ने पिछले 7 दिन में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। चुनाव आयोग ने दोहराया कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाए और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाए। इस दिशा में 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। अहम यह है कि विपक्ष लगातार एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहा है। बड़ी संख्या में लोगों को मतदाता सूची से बाहर करके उनके अधिकार छीनने का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन मसौदा मतदाता सूची में नाम हटाने या सुधारों को लेकर किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई। चुनाव आयोग ने बूथ-वार मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की थी, जो सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा भी की गई। चुनाव आयोग ने यह भी जानकारी दी कि बिहार के सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने भी अपने बीएलए की संख्या 1,38,680 से बढ़ाकर 1,60,813 कर दी है।

## चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ संसद परिसर में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद में जारी मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को विपक्षी दलों के सांसदों ने एसआईआर और चुनाव आयोग के हलफनामें वाले फैसले के खिलाफ संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में विपक्षी सांसदों ने पोस्टर और नारेबाजी के जरिए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल सांसदों ने वोट चोरी बंद करो, तानाशाही बंद करो, दादागिरी बंद करो जैसे नारों के साथ चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कुछ पोस्टरों में नारे मराठी भाषा में भी लिखे हुए थे। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। विपक्षी दलों का कहना है कि एसआईआर की प्रक्रिया बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को वोटिंग अधिकार से वंचित करने की एक साजिश है। उनका यह भी आरोप है कि चुनाव आयोग का यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के समान है। विपक्ष इस मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में चर्चा की मांग कर रहा है। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर छिड़ी राजनीतिक बहस, बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में बेहद अहम है। जहां विपक्ष इस निर्णय को लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा बता रहा है, वहीं चुनाव आयोग इसे सुधार और पारदर्शिता की दिशा में उठाया गया कदम बता रहा है। बहरहाल विपक्ष एसआईआर को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है ऐसे में अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा क्या

**उद्घाटन** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने किया उद्घाटन

## राजगीर में एशियन रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ

प्रात : किरण

पटना। राजगीर राजगीर खेल परिसर में शुक्रवार एशियन रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंदर, खेल निदेशक महेंद्र कुमार, रग्बी इंडिया के



अध्यक्ष एवं प्रख्यात अभिनेता राहुल बोस, जिलाधिकारी नालंदा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों की भागीदारी रही। अपने संबोधन में राहुल बोस ने बिहार में तैयार की गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं और इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की उत्कृष्ट मेजबानी के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व में इस प्रतियोगिता के शुभंकर और लोगो का अनावरण कर इस आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया था। ग्रामीण विकास मंत्री और खेल मंत्री ने भी मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व तथा बिहार के युवाओं की उत्कृष्ट खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि रग्बी में राज्य का प्रदर्शन प्रेरणादायक है और इससे खेल संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में भारत, चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मलेशिया और नेपाल की पुरुष एवं महिला टीमें भाग ले रही हैं। कुल 16 टीमों के 192 खिलाड़ी, 32 कोच और 50 तकनीकी अधिकारी इस आयोजन में शामिल हैं। भारतीय पुरुष अंडर-20 टीम में बिहार के गोल्डन कुमार और सागर प्रकाश शामिल हैं, जबकि महिला अंडर-20 टीम में बिहार की आरती कुमारी, अनशु कुमारी, अल्पना कुमारी और गुड़िया कुमारी चयनित हुई हैं। पुरुष टीम की कप्तानी सुमित कुमार रॉय और उपकप्तानी करन राजभार के पास है, वहीं महिला टीम की कप्तान भूमिका शुक्ला और उपकप्तान तनुश्री भोसले हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी में राइफल और तीन गोली बरामद, अपराधी चकमा देकर फरार

फतुहा। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नत्थूपुर गांव निवासी भोला राय का पुत्र मनीष कुमार, जिसका पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, अपने घर में राइफल और गोलियां छिपाकर रखे हुए है। इस सूचना के तत्काल बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गुरुवार को रात्रि में छापेमारी के लिए मनीष कुमार के घर भेजा गया। पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही मनीष कुमार अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने उसके घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, घर में रखे एक बक्से से एक गैर-लाइसेंसी देशी राइफल और तीन कारतूस बरामद हुए। बरामद कारतूसों में से दो मिस फायर थे, जबकि एक जिंदा कारतूस मिला है। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि मनीष कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। वह दो-तीन महीने पहले ही जेल से छूटा था। जेल से छूटने के बाद से ही वह पुलिस की निगरानी में था। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मनीष कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### पुनपुन नदी में डूबे दोनों युवक का शव बरामद

फतुहा। बीते गुरूवार को पुनपुन नदी में आठ युवकों ने स्नान के लिए पुनपुन नदी पुल से छलांग लगा दिया था जिसमें छः युवकों को बचा लिया गया था। वहीं दो युवक नदी में डूब गए थे। रउफ्रक्र की टीम ने सर्च ऑपरेशन के दूसरे दिन पुनपुन नदी में डूबे दोनों युवकों की बॉडी को बरामद करने में कामयाब हो गई। टीम ने पहले धर्मेंद्र की बॉडी को बरामद किया। फिर कुछ घंटे की अंतराल पर बिट्टू की बॉडी को भी रउफ्रक्र की टीम ने बरामद कर लिया। इस घटना में गोविंदपुर के गौरैया स्थान में रहने वाले बिट्टू और धर्मेंद्र के साथ कल दोपहर में घटना घटी थी। शव मिलने की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के घर कोहराम में मच गया।

### कल से 20802 नई दिल्ली - इसलामपुर मगध एक्सप्रेस का गहमर स्टेशन पर होगा ठहराव

पटना/ हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दानापुर मंडल के गहमर स्टेशन पर 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस का 10 अगस्त से 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। विदित हो कि गाड़ी संख्या 20801 इसलामपुर- नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस का ठहराव गहमर स्टेशन पर पहले से ही है। 10 अगस्त से गहमर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस 10.07/10.09 बजे रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। मगध एक्सप्रेस का गहमर स्टेशन पर ठहराव के कारण गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्ली-इसलामपुर मगध एक्सप्रेस का जमनिया एवं दिलदारनगर स्टेशन पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है। गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्ली- इसलामपुर मगध एक्सप्रेस 10 अगस्त से संशोधित समयानुसार 09.38/09.40 बजे जमनिया तथा 09.52/09.54 बजे दिलदार नगर स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### तीन लोगो को बदमाशो ने अपना शिकार बना कर करीब डेढ लाख से अध्रिक राशि ले उड़े

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बदमाशो की सक्रियता बढ गयी है। पुलिस सुरक्षा का धत्ता बताते हुए ये बदमाश लोगो को अपना निशान ब नाकर उसकी मोटी कमाई पर हाथ साफ कर दे रहे है। पिछले पांच दिनो में तीन लोगो को बदमाशो ने अपना शिकार बना कर उनके करीब डेढ लाख से अध्रिक की राशि ले उड़े। इस संबंध में तीनो ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। पहली घटना 4 अगस्त को मोतीचौक सैदपुरा निवासी गौरव कुमार सिंह के साथ घटी। श्री सिंह मां के साथ स्टेट बैंक से पेंशन का पैसा 40 हजार रुपए निकाल कर घर जा रहे थे। इसी दौरान वे पेड़ा लेने के लिए रूके। इसी क्रम में बैग काट उसमे रखे 40 हजार रूपसे बदमाश ले भागे। उन्होने पीछा भी किया पर बदमाश भागने में कामयाब हो गये। वही 7 अगस्त को त्रिभुवन मोड़ के साई आर के पैलेस निवासी अजय कुमार ठाकुर बैंक ऑफ बरौदा में पत्नी के खाते में पैसा जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान स्पेशल चेकिंग का झांसा दे बदमाशो ने उन्हे रोका और पुलिस की वर्दी में अपना एक आईकार्ड भी दिखाया। जिससे वे उसके झांसे में आ गये। बदमाशो ने झांसे में लेकर उनके करीब 58 हजार रुपए व अंगुठी ले भागे। तीसरी घटना द्वारिकापुरी निवासी शालू कुमारी के साथ घटी।

# अमित शाह एवं नीतीश कुमार द्वारा सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता





पटना/हाजीपुर। अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री एवं नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री,बिहार ने सीतामढ़ी से नई दिल्ली के लिए एक नई अमृत भारत ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)। आज इसका परिचालन सीतामढ़ी से 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। दिल्ली और सीतामढ़ी के मध्य गाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिल्ली से 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को तथा सीतामढ़ी से 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। गाड़ी सं. 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत एक्सप्रेस 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर गाजियाबाद, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसिवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 10.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से 22.15 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 22.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। विदित हो भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी, तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच किया गया था। सहरसा और मुंबई के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का प्रारंभ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच प्रतिदिन अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए, दरभंगा से लखनऊ तथा भागलपुर, गया, सासाराम के रास्ते मालदा टाउन से लखनऊ के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निमार्णाधीन हैं, जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रूटों पर चलाया जाएगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इनमें हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं, जिससे सफर आरामदायक होता है। इस ट्रेन के प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सॉप डिस्पेंसर और एरोसॉल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। शौचालयों के निर्माण में शीट मेटल कंपाउंड सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे रख-रखाव आसान होगा। अमृत भारत 2.0 ट्रेन में 130 किमी/घंटा रफ्तार देने की क्षमता है। भारतीय रेल के इतिहास में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जो न केवल यात्रा को सुगम बनाती है, बल्कि कनेक्शन को भी सुविधाजनक बनाती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक स्थिरता के साथ उच्चतम गति और बेहतर संचालन सुनिश्चित करता है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और म्च-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये फीचर पहली बार भारतीय ट्रेनों में जोड़ा गया है। इसके अलावा पूरी तरह से सील गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। यात्री और सुरक्षा-गार्ड के बीच दो-तरफा संचार के लिए प्रत्येक कोच में इमरजेंसी टॉक बैक सिस्टम की नई सुविधा जोड़ी गई है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है। ऑन-बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम से रियल टाइम व्हील और बियरिंग की निगरानी होती है। इंटरनेट आधारित वाटर लेवल इंडिकेटर स्टेशनों और ऑन-बोर्ड स्टाफ को सहायता प्रदान करते हैं। देश में पहली बार किसी ट्रेन में बाहरी आपातकालीन लाइट्स की सुविधा भी दी गई है।

# रिटायर्ड नप कर्मी के दुकान से 12लाख की चोरी



प्रात: किरण संवाददाता

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के मसौढ़ी पितमास पथ स्थित सोनकुकरा के पास एक दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने करीब 12 लाख रुपये की काली मिर्च की बोरा उठकर ले गए, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

चोरों ने गुरुवार की मध्य रात्रि में मसौढ़ी पितमास पथ स्थित सोनकुकरा के पास नगर परिषद के रिटायर्ड कर्मचारी श्यामानंद सिंह के दुकान का शटर तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया।

दुकान के मालिक सोनकुकरा निवासी श्यामानंद सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि मसाला का मेरा थोक कारोबार है। गुरुवार की मध्यरात्रि मेरे दुकान का शटर तोड़कर दुकान से 47बोरा काली मिर्च गायब थी,जिनकी कीमत करीब 12 लाख रुपये है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है.पुलिस मामले की जांच में जुटी है. जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

12लाख रुपए की काली मिर्च अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है।दुकान थाना क्षेत्र के सोनकुकरा मुहल्ले मेंकमेटी चौक के समीप पेट्रोल पंप के साथ उनका बीडी-सिगरेट का थोक का काम है।

# आरएमआरआई में डेंगू एवं चिकनगुनिया प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

पटना- राजेंद्र मेमोरियल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना में गुरुवार को डेंगू एवं चिकनगुनिया के क्लिनिकल प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. एन.के. सिन्हा, आरएमआरआई के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद, स्टेट कोऑर्डिनेटर, एनटीडी, विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. राजेश पांडेय, डीएनडीआई के हेड ऑफ ऑपरेशन अमित मालिक व अन्य उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरूआत करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. एन.के.सिन्हा ने राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया की राज्य में वर्तमान स्थिति से प्रत्भागियों को अवगत कराया. उन्होंने विस्तार से दोनों रोगों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की और आगे की रणनीति बताई। आरएमआरआई के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय ने डेंगू के उपचार पर जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत कराया. उन्होंने उपचार के दौरान राखी जाने वाली सावधानियों पर भी चर्चा की और इलाज के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने डेंगू और चिकनगुनिया के क्लिनिकल प्रबंधन पर भी विशेष जानकारी दी. विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. राजेश पांडेय, स्टेट कोऑर्डिनेटर, एनटीडी ने डेंगू के मच्छर के प्रजनन वाली जगहों के बारे में विस्तार से बताया और समुदाय डेंगू की रोकथाम कैसे करे इसपर भी जानकारी दी. उन्होंने डेंगू एवं चिकनगुनिया की क्लिनिकल डायग्नोसिस से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

### रक्षा बंधन पर कोटा और दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पटना/हाजीपुर। रक्षा बंधन के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर गुना-सागर-दमोह-कटनी-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते कोटा और दानापुर के मध्य 09817/09818 स्पेशल टेज्न का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी सं. 09817 कोटा-दानापुर स्पेशल 09 अगस्त को कोटा से 21.25 बजे खुलकर अगले दिन 15.10 बजे डीडीयू, 16.28 बजे बक्सर, 17.15 बजे आरा रूकते हुए 18.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 09818 दानापुर-कोटा स्पेशल 10 अगस्त को दानापुर से 21.15 बजे खुलकर 21.45 बजे आरा, 23.20 बजे बक्सर एवं अगले दिन 02.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

# अपहृत विशाल हत्या मामले में पुलिस ने दो और आरोपी को गिरफ्तार किया वही एक न्यायालय में आत्मसमर्पण किया

प्रात: किरण संवाददाता



दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपहृत विशाल हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वही पुलिस दबिंश के कारण घटना का मास्टर माईंड राकेश उर्फ सिपहिया ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में लगी है। घटना के पीछे पुलिस प्रथम दृष्ट्या कुछ पैसा का विवाद होने की बात मान रही है। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात जन्मदिन के पार्टी में ही विशाल का राकेश उर्फ सिपहिया से विवाद हुआ व मारपीट हुआ। उस समय राकेश उर्फ सिपहिया के साथ कुछ लड़के भी थे। उसी विवाद को लेकर सभी ने विशाल को पीटाई कर दी। जिसमें वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सभी उसे लेकर अस्पताल भी गये थे। उससे पहले ही उसकी मौत हो गयी थी। वहां अन्य कार्रवाई को देख सभी उसे लेकर नहर में फेक दिया। जहां से देर रात शव बरामद किया गया। इस मामले में पहले ही तीन आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। दो आरोपी दल्लूचक निवासी शाहिल यादव व रितेश कुमार उर्फ छोटा गेल को गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि घटना का मास्टर माईंड राकेश उर्फ सिपहिया ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया है। अन्य अभियुक्तो के गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# साकेत सिंह शूटिंग रेंज में 35वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

## गौरव भारती स्वर्ण, साकेत कुमार सिंह रजत व अंजन कुमार सिंह ने कांस्य पदक जीता

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रम : प्रखण्ड के अख्तियारपुर स्थित साकेत सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 35वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप गुरुवार को सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गौरव भारती ने स्वर्ण, साकेत कुमार सिंह ने रजत और अंजन कुमार सिंह ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग के 50 मीटर पिस्टल एकल मैच में खुशबू कुमारी ने गोल्ड, सुप्रिया सिंह ने रजत और अंजनी कुमारी ने कांस्य पदक हासिल की। पहली बार प्रतियोगिता में भाग लेने आई अंजनी कुमारी का पदक जीतना खिलाडियों में चर्चा का विषय बना हुआ है, लोगों ने उनकी खूब तारीफ की` पुरुष वर्ग के 25 मीटर स्टैंडर्ड में गौरव भारती ने स्वर्ण, राजवीर सिंह ने रजत और साकेत कुमार सिंह ने कांस्य पदक जीता।

# कृषि भवन में नारियल पर तकनीकी समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन

## कृषि विभाग के प्रधान सचिव ने नर्सरी विकास के लिए उद्यान पदाधिकारियों को दिये निदेश




प्रात: किरण संवाददाता

पटना। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि भवन के सभागार में नारियल पर तकनीकी समृद्धि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारियल विकास बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारियल की खेती में नवीन तकनीकों का प्रसार, उत्पादन में वृद्धि और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने नारियल उत्पादन से जुड़े तकनीकी पहलुओं और विपणन संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। नारियल पर तकनीकी समृद्धि कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि समय के साथ लोगों की खाद्य आदतें और अपेक्षाएँ बदल रही हैं। आज उपभोक्ता न्यूट्रीशनल वैल्यू को प्राथमिकता देते हैं और उनकी क्रय क्षमता के साथ उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार की मांग और उपभोग पैटर्न को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट अनुसंधान आधारित उत्पादन अपनाना होगा, ताकि फलों और सब्जियों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने पौधों के उच्च जीवित रहने की दर (सर्वाइवल रेट) सुनिश्चित करने, किसानों को तकनीकी रूप से शिक्षित करने और उनमें भरोसा जगाने की विशेष आवश्यकता है। प्रधान सचिव ने सभी उद्यान पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक की नर्सरी को मानक के अनुरूप विकसित करें, ताकि गुणवत्तापूर्ण पौध उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में उद्यानिक फसलों को किसानों तक इस प्रकार पहुँचाया जाए कि वे उनसे अधिकतम लाभ अर्जित कर सकें। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में राज्यभर में 1 लाख नारियल के पौधों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बागवानी के क्षेत्र विस्तार पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसान व्यावसायिक बागवानी से जुड़ सकें। श्री कुमार ने उद्यान पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों तक उच्च गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री समय पर और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों की असुरक्षा की भावना को दूर करने के लिए उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, बाजार की जानकारी और आवश्यक संसाधनों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नारियल जैसे बहुवर्षीय फसलों का विस्तार न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि राज्य की कृषि विविधीकरण रणनीति को भी मजबूती प्रदान करेगा। द्वितीय सत्र में डॉ रूबी रानी, वरीय वैज्ञानिक, बीएयू, सबौर एवं एटीएआरआई के अमरेन्द्र कुमार वरीय वैज्ञानिक द्वारा नारियल पौधा की वैज्ञानिक खेती विषय पर तकनीकी जानकारी दी गई। अंत में राजीव भूषण प्रसाद, निदेशक, नारियल विकास बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आश्वस्त किया गया कि ससमय पौधा सभी जिलों में उपलब्ध करा दिया जायेगा। इस बैठक पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ विरेन्द्र प्रसाद यादव, अपर सचिव द्वय शैलेन्द्र कुमार एवं कल्पना कुमारी, संयुक्त सचिव द्वय मदन कुमार एवं श्री मनोज कुमार सहित विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में राखी व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रम। प्रखंड क्षेत्र के मरियावां स्थित कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सावन को लेकर राखी बनाओ और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों ने घर में बेकार पड़े सामान और प्राकृतिक चीजों का उपयोग कर राखियां बनाईं। बच्चों की कल्पना और कला से मौजूद लोग अभिभूत रहे। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में बच्चों ने एक-दूसरे के हाथों पर सुंदर मेहंदी की डिजाइन बनाई। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को राखियां बांधकर रक्षाबन्धन पर्व मनाया। मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ अमरेंद्र कुमार अमरेश ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने का मौका मिलता है। उन्होंने सावन और रक्षाबन्धन के पर्व की महत्ता पर भी प्रकाश डालते हुए सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व मनाने को प्रेरित किया वहीं प्राचार्य संतोष उनीकृष्णन ने लड़कों को सभी लड़कियों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने का वचन दिलाया। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मी मौजूद रहे।

# दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव का किया आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

सरस्वती विद्या मंदिर, उदासीन आश्रम के प्रांगण में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के तत्वावधान में एक भव्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर देशभक्ति, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के स्वर पूरे परिसर में गूंजते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुसुम यादव ने की, जबकि विद्यालय की ओर से प्रमुख शिक्षकों नूतन कुमारी, विक्रम कुमार, संजू कुमारी, नीलम कुमारी, पूनम कुमारी, राखी कुमारी, राहुल शर्मा, रिमझिम कुमारी, प्रमोद पांडे और गोपेश झा की सक्रिय भागीदारी रही। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की ओर से निदेशक डॉ. राकेश दत्त मिश्र, महिला अध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे और सदस्य रमेश कुमार चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच देना था, बल्कि उन्हें भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ना था। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने कार्यक्रम को बहुआयामी रूप दिया। चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण/वाद- विवाद, नाट्य मंचन, राखी निर्माण, देशभक्ति गीत-भजन, पोस्टर मेकिंग और वृक्षारोपण जैसे विभिन्न आयोजन बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए रखा गया था। गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी मधुर आवाज से वातावरण को भावनाओं और ऊर्जा से भर दिया। वर्ग 8 की अंशिका कुमारी, सौम्या कुमारी, आरुही कुमारी, अंजलि कुमारी, साक्षी शर्मा, वर्ग 5 के सक्षम कुमार, वर्ग 9 की तान्या शर्मा वर्ग 6 की अक्षर सिन्हा, साक्षी कुमारी और वर्ग 3 के रूपम प्रताप, इन सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति में सुर, ताल और भाव का अद्भुत समन्वय दिखाया।

चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 1 से लेकर उच्च कक्षाओं के छात्रों ने अपने ब्रश और रंगों से अद्भुत चित्र उकेरे। प्रमुख प्रतिभागी रहे, जया कुमारी, विशाल कुमार, प्रियांशु, अंकुश, आयुष, सन्नी, आराध्या, कृतिका, शिवांश, सिद्धि, श्रेया, अदिराज, मणिशंकर, शिवप्रिया, यश, अहम, दिविषा सिंह, शिखा, नंदनी, मुस्कान, माहि, नारायणी, मंशी कुमारी आदि। इनके चित्रों में भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक मुद्दों की जीवंत झलक दिखी। राखी निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों ने परंपरा और नवाचार का सुंदर मेल प्रस्तुत किया। इसमें समीक्षा, आरुषी, सीमा, अक्षर सिन्हा, साक्षी कुमारी, राजलक्ष्मी, अदिति, अंशिका, आरुही, अंजलि और समया कुमारी की कृतियों में रंग, डिजाइन और प्रतीकों का विशेष ध्यान रखा गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था ह्लभारतीय और पश्चिमी सभ्यताह्व। इसमें सक्षम, अंजली, आयुष, तेजस, विराट, अर्पिता, सुन्नी, सलोनी, आस्था, तान्या, संभवी और अंशिका कुमारी ने ठोस तर्क और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ अपनी बात रखी। इस प्रतियोगिता ने छात्रों की सोच, शोध और अभिव्यक्ति कौशल को एक नई दिशा दी। ड्रामा प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गहराई जोड़ी।

भारत माता- वर्ग 8 के अदिति, अंकिता, अंशिका, राधा, आरोही, सौम्या और वैष्णवी ने देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। संस्कृति और प्रगति- वर्ग 6 की ईशा, साक्षी, अक्षरा, साक्षी शर्मा तथा वर्ग 7 के सौम्या, अंकित और आयुष ने भारतीय मूल्यों और आधुनिकता के बीच संतुलन का संदेश दिया। झूठ के पैर नहीं होते- वर्ग 5 के राम भाष्कर, ध्रुव, मयंक, सौरव, संस्कृति वर्मा, सक्षम, आस्था और सीमा कुमार ने सत्य की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें आम, नीम, अमरूद, जामुन और पीपल के पौधे लगाए गए। यह पहल बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदत डालने और हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस आयोजन ने साबित किया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक प्रक्रिया है जिसमें कला, संस्कृति, खेल और सामाजिक जिम्मेदारी का समावेश होना चाहिए। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और अभिभावकों की उत्साही मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में एक मिसाल कायम किया है। बच्चों को उनके कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मंच देकर उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फुलवारी शरीफ में आयोजित यह सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता भर नहीं था, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, मूल्यों और रचनात्मकता के पुनर्जीवन का उत्सव था।

# माता जानकी मंदिर के भूमिपूजन पर एनडीए नेता उत्साहित, कहा- राम मंदिर के तर्ज पर होगा निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार दौरे पर हैं। इस दौरान वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ संयुक्त रूप से सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर का शिलान्यास और भूमि पूजन करेंगे। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन को लेकर एनडीए नेताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बने राम मंदिर के तर्ज पर इस मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। पुनौरा धाम में मां जानकी मंदिर के शिलान्यास को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, यह बिहार के लोगों का लंबे समय से सपना रहा है। व्यक्तिगत रूप से भी, मैंने हमेशा बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के माध्यम से अपनी इच्छा व्यक्त की है और वादा किया है कि जिस तरह अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह मां सीता को समर्पित एक भव्य मंदिर यहां बनाया जाना चाहिए। यह अधिकांश बिहारी वासियों की इच्छा रही है। आज, मुझे खुशी है कि इसकी शुरूआत हो रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा, निश्चित रूप से आज आप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देखने और उनका संबोधन सुनने के लिए पुनौरा धाम में बड़ी भीड़ उमड़ते हुए देख सकते हैं, क्योंकि हमारी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी ने पुनौरा धाम के विकास के लिए 882 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मां जानकी मंदिर के भूमि पूजन समारोह में शामिल होने पर भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने खुशी जताई। उन्होंने कहा, हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। बिहार में माता सीता के मंदिर का निर्माण हम सभी के लिए गर्व की बात है। बिहार सरकार के मंत्री गोपाल जी ठाकुर ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन करने जा रहे हैं। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे। इससे पूरे मिथिला क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के बाद माता सीता के मंदिर का निर्माण हो रहा है। यह बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए सौभाग्य की बात है। मंत्री मंगल पांडेय ने कहा, आज बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। माता सीता की भूमि पर उनके मंदिर का निर्माण हो रहा है। यह बिहार और सीतामढ़ी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां सीता की पावन प्राकट्य स्थली पुनौराधाम मंदिर एवं पूरे परिसर की समग्र विकास योजना का भूमि पूजन और शिलान्यास किया।

## बिहार की नई ऊर्जा और विकास का शंखनाद है : विजय

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सीतामढ़ी के पुनौरा धाम अवस्थित मां जानकी मंदिर के पुनर्निर्माण के शिलान्यास एवं भूमिपूजन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों से केवल मां जानकी मंदिर कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास नहीं हुआ है बल्कि यह नए बिहार के नए युग का शंखनाद है । जिसमें प्रधानमंत्री के विरासत के साथ विकास की सोच की सच्ची तस्वीर दिखाई देगी। श्री सिन्हा ने कहा कि 882 करोड़ रुपए की मां जानकी मंदिर पुनरुद्धार परियोजना केवल मंदिर निर्माण का आरंभ नहीं, बिहार की सनातन संस्कृति, श्रद्धा और समृद्धि का एकीकृत प्रयास है । मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास की इस परियोजना में मंदिर परकोटा का निर्माण, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र, ऑडिटोरियम, यात्री अतिथि गृह, माता जानकी कुंड घाट, भंडारा स्थल, मंदिर प्रवेश द्वार और जन सुविधाओं का समेकित विकास शामिल है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आदरणीय मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में श्रीराम मंदिर नवनिर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल कॉरिडोर और सोमनाथ मंदिर को स्वणार्भूषित करने जैसे अभूतपूर्व काम हुए हैं । उसी कड़ी में मां जानकी तीर्थस्थल का भी समग्र विकास किया जा रहा है । ये काम देश के आध्यात्मिक विकास के साथ आर्थिक विकास के दोहरे लक्ष्य को साधने वाले हैं। इससे परम्परा और पर्यटन दोनों को खासी गति मिल रही है।

## मां जानकी मंदिर बनेगा आस्था और संस्कृति का केंद्र : उमेश

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि मां जानकी की जन्मस्थली पर भव्य और दिव्य सीता मंदिर का निर्माण न केवल बिहार, बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए गौरव का अद्वितीय अवसर है। आने वाले वर्षों में पुनौराधाम भारत की आस्था और संस्कृति का अभिनव केंद्रबिंदु बनकर उभरेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी परियोजना को साकार करने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 882 करोड़ 87 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि मंदिर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन को नई दिशा और पहचान मिलेगी, साथ ही हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इससे आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों और विरासत से और अधिक गहराई से जुडेगी, तथा पुनौराधाम विश्व पटल पर आस्था का आलोक स्तंभ बनकर चमकेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते दो दशकों में अपनी अद्भुत कार्य क्षमता और दूरदर्शिता से बिहार को नई पहचान दिलाई है। विशेष रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उनकी कार्ययोजनाएं और उनका क्रियान्वयन सराहनीय रहे हैं। इसका परिणाम है कि बिहार में देशी एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष कहा कि 2005 से पहले बिहार को बीमारू और जंगलराज की संज्ञा दी जाती थी, लेकिन आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में यही बिहार विकास की राह पर अग्रसर है और अपनी सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देने में प्रतिदिन नए आयाम गढ़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सनातन और सनातनियों की रक्षा के संकल्पित है भाजपा : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि देश-प्रदेश के सनातनियों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा तोहफा दिया है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में माता जानकी का भव्य मंदिर बनेगा। यह माता जानकी के सम्मान के साथ-साथ समस्त सनातनियों का भी सम्मान है। दशकों से पुनौरा धाम के विकास के लिए किसी ने नहीं सोचा। यही एनडीए सरकार की विशेषता है, जहां तक किसी का विजन नहीं पहुंचता, वहां तक सिर्फ एनडीए सरकार की दृष्टि ही पहुंच पाती है। श्री मिश्र ने कहा कि पुनौरा धाम में माता जानकी का भव्य मंदिर बन जाने से क्षेत्र का पर्यटन के क्षेत्र में विकास होगा। देश-दुनिया से पर्यटक आएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। श्री मिश्र ने कि शुक्रवार को एक धार्मिक अनुष्ठान में माननीय गृह मंत्री अमित शाह ने माता जानकी मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। बड़ी संख्या में लोग इस अनुष्ठान में शामिल हुए। पुनौरा धाम में 67 एकड़ में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा । यह मंदिर 11 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि माता जानकी मंदिर के लिए भूमि पूजन अनुष्ठान से सनातन विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है, लेकिन भाजपा सनातन धर्म और सनातनियों की रक्षा के लिए संकल्पित है।

### भाकपा ने अमेरिकी व्यापार आक्रामकता की निंदा की

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने रूस के साथ तेल व्यापार के प्रतिशोध में भारत पर 50 फीसद का दंडात्मक शुल्क लगाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकाने वाली रणनीति की कड़ी निंदा की है। व्यापार संबंधों का यह स्पष्ट हथियारीकरण भारत की स्वायत्तता पर हमला है और अमेरिका के नेतृत्व वाली एक बहिष्कारवादी और पतनशील विश्व व्यवस्था को लागू करने का एक भद्दा प्रयास है। इस तरह की कार्रवाइयों का उद्देश्य स्वतंत्र राष्ट्रों को अधीनता में लाना और संप्रभुता विदेश एवं आर्थिक नीतियों को अपनाने के उनके अधिकार को कमजोर करना है।

## दानापुर के राजद नेता ने अपने समर्थकों के साथ थामा जदयू का दामन

# युवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रही सरकार : उमेश

### बोलें- नीतीश कुमार की युवा हितैषी सोच से प्रभावित है प्रदेशभर का युवा वर्ग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में राजद से आए दानापुर क्षेत्र के समाजसेवी राहुल यादव ने अपने अनेक साथियों एवं सैकड़ों युवाओं के साथ जदयू का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई । अपने संबोधन में श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की युवा हितैषी सोच के कारण आज प्रदेशभर के युवाओं का झुकाव जदयू की ओर है। उसी क्रम में दानापुर के युवा समाजसेवी राहुल यादव ने अपने अनेक साथियों एवं सैकड़ों युवाओं के साथ पार्टी का दामन थामा है। आगे उन्होंने कहा कि युवाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाने के लिए नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से निरंतर कार्य कर रहे हैं, और अगले पाँच वर्षों में 1 करोड़ नौकरी एवं रोजगार सृजन का संकल्प हो, युवा आयोग का गठन, शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति या फिर युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने हेतु जननायक कपूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना, ये सभी पहलें उसी संकल्प का हिस्सा हैं। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने नए साथियों से आह्वान किया कि वे 2025 में 225 और फिर से नीतीश के मिशन को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुट जाएं। विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि विगत 20 वर्षों के कार्यकाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का कायाकल्प किया है। वे निरंतर बिहार की तरक्की और उन्नति के लिए कार्यरत हैं।



### नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास का पर्याय बना : राजीव

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली हैं, जिसका सम्पूर्ण श्रेय माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। उन्होंने बिहार को विकास का पर्याय बना दिया है, और उनकी दूरदर्शी नीतियों की सराहना आज पूरे देश में हो रही है। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से रंजन कुमार पटेल, राकेश कुमार यादव, राहुल रंजन यादव, अजय कुमार राय, सुकेश कुमार यादव, राहुल कुमार प्रजापति, नीरज कुमार पटेल, बबलू कुमार यादव शामिल रहे। उक्त मौके पर मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह, प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी, वासुदेव कुशवाहा, मनोरंजन गिरी, नीतीश पटेल, जनाब इरशाद अली आजाद, जितेंद्र पटेल, मुन्ना चैधरी, प्रशांत कुमार सहित कई नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## राजस्व महाअभियान भूमि संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम : सचिव

- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 16 अगस्त से 20 सितंबर चलने वाले राजस्व महाअभियान के सफल संचालन और तैयारियों को लेकर अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने महाअभियान के दौरान की जाने वाली सभी तैयारियों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि यह महाअभियान जनता की भूमि संबंधी महत्वपूर्ण समस्याओं का त्वरित समाधान करने का सशक्त माध्यम है। अतः सभी स्तरों पर समन्वय बनाते हुए कार्य करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से अंचलवार तैयारी, ऑनझ्रग्राउंड टीम की उपलब्धता, आईटी पोर्टल की कार्यशीलता, प्रचारझ्रप्रसार की रणनीति और पर्यवेक्षण की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने सभी अधिकारियों से अंचल स्तर पर तैयार किए जा रहे माइक्रो प्लान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंचल स्तर पर शिविरों की तैयारी महत्वपूर्ण है। इसके लिए जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्रों को घर- घर तक टीम के द्वारा पहुंचना हमारा पहला लक्ष्य है। अंचलों के माइक्रो प्लान से सभी पंचायत में दोझ्रदो शिविर के आयोजन की तिथि स्पष्ट हो जाएगी। हर जिले में नामित पर्यवेक्षण पदाधिकारी अभियान की नियमित निगरानी करें। इस महाझ्रअभियान में त्रुटिपूर्ण जमाबंदियों में सुधार, बंटवाराझ्रनामांतरण, उत्तराधिकार नामांतरण और छूटी जमाबंदी को ऑनलाइन करने का कार्य संपन्न किया जाएगा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सचिव ने जिलों में तैयारियों का लिया जायजा

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व महाझ्रअभियान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सचिव महोदय ने अंचल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों, माइक्रो प्लान की स्थिति तथा जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों के वितरण की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण हों, ताकि 16 अगस्त से प्रारंभ हो रहे महाअभियान को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा सके। सचिव ने कहा कि यह अभियान जनता को भूमि दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। अतः इसकी सफलता के लिए सभी स्तरों पर पूर्व तैयारियाँ, जन-जागरूकता और समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## मतदाता सूची पर तेजस्वी यादव का बयान भ्रामक : नितिन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री एवं बांकीपुर से भाजपा विधायक मंत्री नितिन नबीन ने राजद नेता तेजस्वी यादव के मतदाता सूची को लेकर दिए गए हालिया बयान को दिखावटी, भ्रामक और पूरी तरह से मीडिया पब्लिसिटी स्टंट बताया। मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि सुने में आया है कि तेजस्वी यादव ने अपने नेताओं और कार्यकताओं को 48 घंटे के भीतर मतदाता सूची से जुड़ी जमीनी सच्चाई पता करने का निर्देश दिया है। लेकिन हैरानी की बात है कि अब तक उन्होंने अपने किसी भी आरोप की एक भी लिखित शिकायत चुनाव आयोग को नहीं दी। चुनाव आयोग ने पहले ही स्पष्ट किया है कि यदि कहीं गड़बड़ी है तो प्रमाण सहित लिखित रूप में दें, ताकि तत्काल कानूनी कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि राजद का मकसद समस्या का समाधान नहीं, बल्कि चुनावी माहौल में सस्ती राजनीतिक सुर्खिय़ाँ बटोरना और जनता के बीच अफवाह फैलाना है। तेजस्वी यादव की राजनीति सिर्फ कैमरे के फ्लैश और हेडलाइन तक सीमित है, जबकि असली मुद्दों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ बयां करती है। मंत्री नितिन नबीन ने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शिता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होगा और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे जिम्मेदारी से काम करें, और यदि कोई वास्तविक शिकायत है तो नियमानुसार चुनाव आयोग को लिखित रूप में सौंपें, न कि मीडिया माइक्रोफोन के सहारे झूठ फैलाएं और जनता को गुमराह करें।

## बेवसाइट से बिहार का वोटर लिस्ट क्यों हटाया गया : गगन

### राजद प्रवक्ता ने कहा- 22 लाख मृतकों की सूची उपलब्ध कराए चुनाव आयोग

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजनीतिक दलों पर चुनाव आयोग द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से लगाए गए आरोप का प्रतिकार करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि पिछले कई दिनों से लगातार मांग किए जाने के बावजूद चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रारुप में हटाए गए मतदाताओं की कैटगरी वाइज सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। जबकि लोगों को गुमराह करने के लिए चुनाव आयोग कह रही है कि राजनीतिक दलों द्वारा दावा या आपत्ति नगण्य है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि जब चुनाव आयोग कह रही है कि मतदाता सूची से 22, 34,501 मृत लोगों का नाम हटा दिया गया है , तो विधानसभा क्षेत्र और मतदान केन्द्र संख्या सहित उनका नाम देने में क्या आपत्ति है। इसी प्रकार स्थानांतरित, दो जगह नाम वाले, अनुपस्थित मतदाताओं के नाम कैटगरी वाइज क्यों नहीं उपलब्ध कराई जा रही है। किस प्रमाणिकता के आधार पर राजनीतिक दलों के बीएलए दावा या आपत्ति दाखिल करेंगे। स्थानीय स्तर पर भी बीएलओ द्वारा बीएलए को यह सूची नहीं दी जा रही है , केवल बीएलए या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटो खींचवा कर यह सबूत तैयार कराया जा रहा है कि चुनाव आयोग पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ मतदाता पुनरीक्षण का काम कर रही है।

दावा और सुधार के लिए निर्धारित अवधि में आज आठ दिन बीत गए पर राजद सहित इंडिया गठबंधन के दलों द्वारा मांगे गए जानकारी का सही जवाब न देकर चुनाव आयोग द्वारा पार्टी को भेजे जा रहे पत्रों में एक हीं बात को बार-बार दोहराया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रतिदिन जारी बुलेटिन में व्यक्तिगत रूप से किए गए आपत्तियों एवं दावों की संख्या तो बताई जाती है पर नाम और पता सहित उसकी सूची स्थानीय स्तर पर बीएलए अथवा राजनीतिक दलों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसी प्रकार नये जुड़ने वाले और सत्यापित किए गए मतदाताओं की सूची भी नहीं दी जा रही है। जारी प्रारुप में अभी तक कितने मतदाताओं के नाम सत्यापित हो चुके हैं इसका कोई ब्यौरा राजनीतिक दलों के साथ शेयर नहीं किया गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने नाटक के जरिए दी नसीहत

# अपने घर का कचरा बाहर नहीं लगाएँ, पेड़ न काटे, पेड़ लगाएं !

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अपने घर का कचरा साफ कर बाहर मत लगाएँ ! पेड़ काटें नहीं, बल्कि अधिक से अधिक लगाएँ ! जल और वायु को शुद्ध करें तभी पृथ्वी पर जीवन की रक्षा हो पाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर, बेउर स्थित विद्यालय पाटलिपुत्र विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से ये संदेश दिए । विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य और व्याख्यानों से पर्यावरण-संरक्षण पर चर्चा की। समारोह का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा अनिल सुलभ ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सीखे गए उपदेशों को केवल स्मरण ही नहीं रखना चाहिए बल्कि उसे अपने जीवन में उतारना और व्यवहार में लाना भी चाहिए! उन्होंने आशा व्यक्त की कि अपनी प्रस्तुतियों से बच्चों ने जो संदेश दिए उसे वे अपने आचरण में भी उतारेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे ! इस अवसर पर डॉ सुलभ ने विद्यालय परिसर में पेड़ भी लगाए । विद्यालय की प्राचार्या मेनका झा, सचिव डा आकाश कुमार, उपप्राचार्या आशा गुप्ता, कुंदन झा, आकांक्षा दीप्ति, बी के झा, आर्यन प्रताप सिंह, विनीता , अंजू सहाय, कुसुम कुमारी, मोनी श्रीवास्तव आदि शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे । प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में उत्तर उत्तरायण, कीर्त्यादित्य, प्रतीक, अनमोल, प्रियांजलि, आस्था, दीपिका, विकास, स्तुति , रानी, रिया, वैष्णवी, शौर्य, युवराज के अभिनय की खूब सराहना मिली !



## ग्रीन डे का उल्लासपूर्वक आयोजन, सावन के रंगों में रंगे नन्हे कदम

- टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे का भव्य आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। इस विशेष दिवस पर मॉन्टेसरी एवं प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हरियाली और सावन के पावन माह को समर्पित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, जिसमें बच्चों ने हरी सब्जियाँ, फल, काँवरिया, भगवान शिव तथा माता पार्वती के रूप में सजीव प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की भाव-भंगिमा, वेशभूषा और मंच पर आत्मविश्वास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चे रंग बिरंगे वेशभुषा में नजर आए जिनमें काशवी सिन्हा कैप्सिकम, ज्ञान कुमार सिंह पेड़, और उमाएमा फूलगोभी का वेशभूषा धारण किए नजर आए शिव के रूप में सजे विद्यार्थी शिवांश राज, आयुष श्रीवास्तव, अभिराज दीप, अभिराज और काँवरिया बने रिआंश, उत्कर्ष, प्रत्यांश और पार्वती बनी रिद्धि श्रीवास्तव, मानसी झा ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव एवं प्राचार्या शिवानी ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उत्साह को सराहा। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिका रेवा भार्गव, शिनकी एवं जागृति की अहम भूमिका रही। विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गायक अंकित सिन्हा, दिव्या सिन्हा बच्चों को प्रोत्साहित किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। ग्रीन डे न केवल बच्चों के रचनात्मक विकास का माध्यम बना, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता का संदेश भी लेकर आया।

## सदाकत आश्रम में मनाया गया राखी महोत्सव

- राखी महोत्सव में सैंकड़ो बहनों ने बांधा राजेश राम को राखी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राखी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आयी बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश राम को राखी बांधकर इस पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाया। राखी महोत्सव में विधायक प्रतिमा कुमारी दास, नीतू सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरवत जहां फातमा ने राजेश राम को राखी बांधकर राखी महोत्सव का शुरूआत किया। इस अवसर पर राज्य भर से डाक से आये हजारों राखी को उपस्थित बहनों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के कलाई पर बांधी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की धर्मपत्नी रेखा दास के साथ सैकड़ों बहने उपस्थित थी। राखीं बांधने के पश्चात बहनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लम्बी उम्र, स्वस्थ जीवन और जनसेवा में सफलता की शुभकामनाएं दी। श्री राजेश राम ने भी सभी बहनों को उपहार स्वरूप शुभ आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया । इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व प्रेम, विश्वास और आपसी सौहार्द का प्रतीक है।

यह पर्व हमें नारी सम्मान, सुरक्षा और भाईचारे का संदेश देता है। बहनों द्वारा बांधी गयी राखी केवल एक धागा नहीं बल्कि हमारी सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कृति की पहचान है। कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं के अधिकारों, उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। समाज में हर बहन, बेटी सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बने यही रक्षाबंधन का सच्चा अर्थ है। मैं सभी बहनों को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और उनके स्नेह और विश्वास के लिए आभार प्रकट करता हूं। राखी महोत्सव में विधायिका प्रतिमा कुमारी दास, नीतू सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शरवत जहां फातमा, रीता सिंह, साधना रजक,खुशबू कुमारी, विनीता, राजेश राठौड़,अम्बुज किशोर झा, सौरभ सिन्हा, रौशन कुमार सिंह, राजीव मेहता, वैद्यनाथ शर्मा, कमल कमलेश, अरविन्द लाल रजक, शशांक शेखर, पंकज यादव मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट की घटना में दो जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो जख्मी हो गए। जख्मियों की परिजनों के सहयोग से समुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए कल्याणपुर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने जख्मी की पहचान चकमहेसी गांव की भोला सहनी की 35 वर्षीय पत्नी लीला देवी के रूप में हुई। वहीं दूसरी ओर जनार्दनपुर गांव के महेश्वर राय के 42 वर्षीय पुत्र दिनेश राय के रूप में हुई। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद हैदर ने दी।

### एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को जेल

कल्याणपुर समस्तीपुर स्थानीय पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर पंचायत स्थित भूटा चौक से गिरफ्तार का जेल भेजा है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी की पहचान गांव के ही फूल बाबू पासवान के रूप में की गई है।

### कल्याणपुर विधानसभा के दक्षिणी मंडल में बूथ सर्वेक्षण और तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर विधानसभा के दक्षिणी मंडल में बूथ सर्वेक्षण और घर-घर तिरंगा 9 अगस्त से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मानने का विचार विमर्श किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय शंकर ठाकुर ने किया संचालन। मौके पर जिला से आए जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और हर घर पर तिरंगा झंडा लगाने का काम करेंगे और आजादी का महोत्सव मनाएंगे मौके पर मंडल प्रभारी विजय पांडे पूर्व विधानसभा संयोजक इंद्रमणि सिंह गुड्डू राजा सहनी सुधीर साहनी किशन देव ठाकुर पप्पू सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मिथिला का कायाकल्प करने के लिए एनडीए सरकार संकल्पित है : पप्पू सिंह

अलीनगर(दरभंगा)मथिलावासियों का सैकड़ों साल पुराना स्वप्न साकार होने वाला है। मां सीता की जन्मभूमि पुनौराधाम में देश के गृह मंत्री अमित शाह के हाथों मां जानकी के मंदिर की आधारशिला रखी गई। ये अवसर समस्त मिथिलावासियों के लिए भावविभोर करने वाला है। ये बातें कही दरभंगा पूर्वी बीजेपी जिला के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचने पर संजय सिंह पप्पू सिंह ने उन्हें तैलचित्र और बुके देकर स्वागत किया। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण होने के बाद से मिथिलावासियो की हार्दिक इच्छा थी की मां सीता की जन्मभूमि का भी उद्धार हो। श्री सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए 882.87 करोड़ रुपये की लागत को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना कुल 67 से 68 एकड़ भूमि में विकसित की जाएगी और इसमें मंदिर के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी शामिल होंगी। इस राशि में से मंदिर के पुनर्विकास और निर्माण पर लगभग 137 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जबकि बाकी राशि का उपयोग पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास पर होगा। संजय सिंह ने कहा कि मिथिला का कायाकल्प करने के लिए एनडीए सरकार संकल्पित है।

### सीमा सुरक्षा बल द्वारा सिमरारी में पशुचिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

मधुबनी जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के समवाय जानकीनगर के अंतर्गत सीमा चौकी सिमरारी क्षेत्र में शुक्रवार को एक दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन क्षेत्रीय मुख्यालय, मुजफ्फरपुर से पधारे डॉ. एस. एन. सिंह, कमांडेंट (पशुचिकित्सा) द्वारा किया गया। शिविर में कुल 35 पशुपालकों ने भाग लिया, जहां उनके कुल 175 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मौसमी रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण, संतुलित आहार व्यवस्था, साफ-सफाई तथा नियमित देखभाल के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था, साथ ही सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच समन्वय व विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना रहा।

# साइबर ठगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई 4 गिरफ्तार, कई सामग्रियां भी बरामद

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।जिले की पुलिस ने एक बड़े साइवर ठगी गिरोह का पदार्फाश किया है। साइबर ठगों द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर इनवेस्टमेंट फ्रॉड , गेमिंग फ्रॉड सहित विभिन्न माध्यमों से ठगी करने वाले साइबर ठगों के गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि गुरुवार पुलिस को अहियापुर थाना क्षेत्रांतर्गत एसकेएमसीएच ओवर ब्रिज के पास एक आवासीय होटल में 3 लोगों के द्वारा पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन के बाद अहियापुर थाना की टीम द्वारा उक्त मेडिकल ओवर ब्रिज के पास एक आवासीय होटल के कमरे में ठहरे तीन युवकों अभिषेक पांडेय, पिता-चंद्र प्रकाश पांडेय, साकिन-गौरी गंज, थाना-गौरी गंज, जिला-अमेठी, उत्तर प्रदेश, कृष्णा कुमार सिंह, पिता- नंदलाल कुवंर, ग्राम-धर्मडीहा एवं विक्रम कुमार सिंह, पिता-अरूण कुमार, ग्राम-धर्मडीहा, दोनों थाना-फुलपरास, जिला मधुबनी को विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेक बुक, एन०जी०ओ० से संबंधित कागजात एवं मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछ-ताछ के क्रम में एन०जी०ओ० राम प्यारी नंद लाल सेवा संस्थान के नाम से एक्सिस बैंक के खाता पर विभिन्न माध्यमों से किये गये साइबर ठगी के आये हुये करीब 8 करोड़ 33 लाख रू० की लेन-देन में कमीशन को लेकर तीनों साइबर अपराधकर्मी के बीच विवाद की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस ! के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक, नगर के अनुश्रवण तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर-02 एवं पुलिस उपाधीक्षक, साइबर के संयुक्त नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गिरफ्तार अपराधकर्मियों से कड़ाई से गहन पूछ-ताछ की गई। गिरफ्तार साइबर अपराधकर्मी द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में विभिन्न माध्यमों से की जाने वाले साइबर अपराध की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के स्वीकारोक्ति बयान व निशानदेही के आधार पर गठित टीम द्वारा जिलांतर्गत मुशहरी थाना क्षेत्र में छापामारी कर सहयोगी साइबर अपराधी . गुड्डु कुमार, पिता-नागेन्द्र कुमार साह, ग्राम माधोपुर, थाना मुशहरी \ को मोबाईल फोन,लैपटॉप, बायोमेट्रिक फिंगर स्केनर, आई-रेटिना स्केनर, वेब कैमरा, आधार एनरोलमेंट की एक प्रति पावती रसीद एवं बैंकों से संबंधित अन्य कागजातों के साथ गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार साइबर अपराधकर्मी गुड्डु कुमार द्वारा फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने सहित विभिन्न प्रकार की साइबर ठगी की गतिविधियों में संलिप्त होने की बात स्वीकार की गई है ।इस कांड से जुडे व साइबर अपराध की घटना में संलिप्त अन्य साइबर अपराधकर्मियों की गिरफ्तार हेतु उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है ।गिरफ्तार साइबर अपराधकर्मियों के पास से बरामद मोबाईल नंबर एवं खातों पर देश के विभिन्न राज्यों से 20 से अधिक शिकायत दर्ज होने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के निदेशक ने जाना बलात्कार पीडिता का हाल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, पटना के निदेशक, डॉ० दिनेश व्यास, सहायक निदेशक, ए० भट्टाचार्य एवं अन्वेषक, शिवम शुक्ला द्वारा औराई थाना काण्ड सं०-166/25 दिनांक-27.07.2025 में बलात्कार एवं हत्या के प्रयास की घटना का गहन निरीक्षण किया गया। जाँच के क्रम में आयोग की टीम द्वारा एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में पहुँच कर उक्त काण्ड में बलात्कार पीड़िता एवं परिवारजनों से मुलाकात की गई तथा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या एवं अधीक्षक से पीड़िता के इलाज की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। टीम द्वारा पीड़िता के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार पर संतोष व्यक्त किया गया।आयोग की टीम औराई थाना पहुँच कर अंचल निरीक्षक कटरा, थानाध्यक्ष औराई एवं कांड में अनुसंधान अधिकारी के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक की गई तथा कांड के सभी बिन्दुओं पर गहन अध्ययन एवं निरीक्षण किया गया। कांड के अभियुक्तों को कड़ी सजा हेतु आवश्यक सभी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। अभियुक्तों के आपराधिक पृष्ठभूमि का पता लगाने तथा कांड में शामिल अन्य अज्ञात अभियुक्तों की पहचान करने का भी निदेश दिया गया। आयोग की टीम द्वारा औराई प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी के साथ पीड़िता के घर पहुँच कर पीड़ित के अन्य परिजनों से भी मुलाकात की तथा उन्हें सरकार से मिल रही योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली गई। पीड़ित एवं परिवारजनों को योग्यता के अनुरूप सभी कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का निदेश दिया गया। पीड़ितों को सुरक्षा एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी कार्य करने का निदेश पुलिस प्रशासन को दिया गया।अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़िता को जिला पदाधिकारी द्वारा कुल चार लाख रुपये की त्वरित स्वीकृति के पश्चात प्राथमिकी के आधार पर मुआवजा की प्रथम किस्त ,कुल एक लाख रुपये का भुगतान किया गया है। मुआवजा के त्वरित भुगतान पर टीम द्वारा संतोष व्यक्त किया गया तथा अधिनियम के अनुसार अन्य राहत भी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उक्त मामले में शीघ्र आरोप पत्र समर्पित करने हेतु थानाध्यक्ष, औराई को निदेश दिया गया, ताकि अभियुक्तों को सजा के साथ-साथ आरोप पत्र के आधार पर पीड़िता को मुआवजा की द्वितीय किस्त दो लाख रुपये का भी भुगतान किया जा सके। आयोग की टीम कांड से संबंधित सभी दस्तावेजों की प्रति प्राप्त कर पटना वापस लौट गई। यह जानकारी जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा जारी एक प्रेस नोट में दी गई है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरे जोर पर, जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया पूर्ण सक्रियता और पारदर्शिता के साथ जारी है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने आज सभी एफ्ड्२ (निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी) और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अएफ्ड्२ (सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी) के साथ समीक्षा बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन एक अत्यंत गंभीर और प्राथमिकता वाला कार्य है, जिसकी नियमित समीक्षा और सघन निगरानी की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों और नगर निकायों में फील्ड विजिट कर विशेष कैंपों की निगरानी करें तथा प्रपत्र 6, 7 एवं 8 में प्राप्त आवेदनों की समेकित रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय को उपलब्ध कराए 1 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा और आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में 7 अगस्त को सभी बीएलओ ने अपने क्षेत्र के बीएलए के साथ मतदान केंद्र स्तर पर बैठक की और प्राप्त दावों व आपत्तियों की जानकारी साझा की। यह बैठक 8 अगस्त को भी दोहराई जाएगी, ताकि बीएलए के माध्यम से भी व्यापक जन-जानकारी एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जा सके जो भी पात्र युवा या अन्य व्यक्ति अभी तक मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं करा पाए हैं, वे आवेदन कर सकते हैं ।जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों से लेकर बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे यह प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन रही है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी तत्परता से कार्य करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नामांकन से वंचित न रहे।

## हम सभी छोटी बड़ी चीजों के लिए बाजार पर निर्भर हो गए है : डॉ अमृता मिश्रा




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बलभद्रपूर स्थित शेखर क्लासेस में आज राखी मेकिंग एवं कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन राखी के पूर्व संध्या पर किया गया ।जहाँ बच्चों ने अपने हाथों से राखी बनाया वहीं लड़कों के द्वारा अपनी बहनों के लिए कार्ड बनायी गई। कार्यक्रम में बतौर जज डॉ अमृता मिश्रा थीं। जिसमें प्रथम रिचा द्वितीय राज नंदनी और तृतीय स्थान पर प्रणव रहे। जज डॉ मिश्रा ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आज कल हम लोग सभी छोटी बड़ी चीजों के लिए बाजार पर निर्भर हो गए है ।विद्यार्थियों को यथासंभव इन चीजों को खूद से बनाके अपने भाइयों और बहनों को देना चाहिए जिससे प्रेम और लगाव समाज में परिवार में बढ़ेगा। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कंप्यूटर इकाई की निर्देशिका सूरभि ने किया ।कार्यक्रम में दर्जनों बच्चों ने भाग लिया । संस्था के संरक्षक डॉ आशीष शेखर ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया । निदेशक ने आगत अतिथियों का स्वागत किया ।

## सम्पूर्णता अभियान के तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स किए गये सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर ।जिले में संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी प्रखंड एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन कर नियत समयावधि में विकास के पैमाने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। इस कार्य में फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में अधिकारियों एवं कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उनके लिए जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में जिलाधिकारी ने 45 फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हौसला अफजाई की तथा बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सम्मानित होने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स में 8आशा कार्यकर्ता , 8आंगनबाड़ी सेविका , 4 एएनएम ,4शिक्षक 4 कृषि,3 समन्वयक , एक प्रगतिशील किसान ,6 जीविका कर्मी ,2 महिला पर्यवेक्षिका एक जिला परामर्शी बीडीओ मुशहरी, सीडीपीओ मुशहरी शामिल है। ज्ञातव्य हो कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी प्रखंड एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया। इस अभियान के तहत मुसहरी प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित कर जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक कुल 3 माह में 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना था जिसे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने टीमवर्क के रूप में कार्य कर लक्ष्य प्राप्त किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेया श्री, जिला योजना पदाधिकारी नवीन कुमार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा सुजीत कुमार सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जानकी मंदिर निर्माण से मिथिला के भाग्योदय की शुरूआत : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सनातन संस्कृति की आराध्य माता जानकी के सीतामढी पुनौराधाम में मंदिर निर्माण का भूमि पूजन सह शिलान्यास होना साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए आस्था और सम्मान का केवल प्रतीक ही नहीं है बल्कि मिथिला के भाग्योदय की शुरूआत है। जानकी मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कर गृह अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि मिथिला का सांस्कृतिक तथा आर्थिक विकास केंद्र की मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता है। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने सीतामढी पुनौराधाम में जानकी मंदिर भूमि पूजन में भाग लेने के बाद उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने जानकी मंदिर निर्माण के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह के हाथों संपन्न हुए भूमि पूजन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्री के हाथों वैदिक विद्वानों ने षोडशोपचार विधि से मंदिर नव निर्माण की सारी प्रक्रियाएं पूरी कराई तथा मंत्रोच्चारण के साथ नींव रखी गई जिसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार के साथ साथ उन्हें भी सहभागी होने का सुखद अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लोगों की हुई विशाल भागीदारी को केंद्र तथा बिहार की एनडीए सरकार के प्रति लोगों की बढ़ रही लोकप्रियता तथा स्वीकार्यता का उदाहरण बताते हुए कहा कि जानकी मंदिर के निर्माण के भूमि पूजन में उमड़ा यह जनसैलाब आने वाले समय में दूरगामी परिणाम को रेखांकित करता है। सांसद डा ठाकुर ने पुनौराधाम में भूमि पूजन के बाद आयोजित जनसभा में गृह मंत्री अमित शाह के संबोधन में मिथिला के विकासात्मक कार्यों की की गई चर्चा को रेखांकित करते हुए कहा कि यह गृह मंत्री ने जिस तरह से दरभंगा के मखाना बोर्ड एयरपोर्ट शिशो रेलवे बाईपास नरकटियागंज सीतामढी दरभंगा रेलवे का दोहरीकरण का विस्तार से चर्चा किया वह आने वाले समय में मिथिला के उत्कर्ष और उत्थान का संकेत है। गृह मंत्री ने मिथिला के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि मिथिला के विकास के बिना बिहार का विकास संभव नहीं जैसे भावों को स्पष्ट कर साबित कर दिया कि मिथिला देश स्तर पर नए विकास का मापदंड बनेगा जिसकी केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा रूप रेखा तैयार की जा रही है।

## चर्चित हिंदी फिल्म द ताज स्टोरी को रिलीज करने की मिली अनुमति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित व सुपरस्टार परेश रावल अभिनीत तथा दरभंगा निवासी सीए सुरेश झा द्वारा निर्मित हिंदी फिल्म द ताज स्टोरी को रिलीज करने की अनुमति मिलते ही इससे जुड़े कलाकारों एवं सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। फिल्म के निमार्ता सीए सुरेश झा ने बताया कि तुषार अमरीश गोयल द्वारा निर्देशित और क्रिएटिव निमार्ता विकास राधेश्याम के इस फिल्म को कई इतिहासकारों और एक्सपर्ट बिचारकौ के गहन मंथन के बाद सीबीएफसी ने हरी झंडी दे दिया है। जल्द ही देश के अनेकों सिनेमाघरों में इसका प्रदर्शन होगा। इस 4 महीना 16 दिन में सीबीएफसी ने इतिहासकारों और एक्सपर्ट से गहन मंथन कर बीते 6 अगस्त को ए यू प्लस 13 के साथ प्रमाणपत्र निर्गत किया है। इस ऐतिहासिक फिल्म में सुपरस्टार परेश रावल एवं अन्य कलाकारों ने बेस्ट परफॉर्मेंस दिया है। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के कथात्मक गहराई का अनोखा संगम फिल्म द ताज स्टोरी, ताजमहल के गुढ़ रहस्य और इतिहास के साथ किए गए छेड़छाड़ से पर्दा हटाएगा। मायानगरी मुंबई के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस फिल्म की जबरदस्त चर्चा है। लोगों को बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार है। फिल्म का स्क्रीनिंग हाउस ऑफ कॉमन लंदन में गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुई थी। ज्ञात हो कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को लेकर देश विदेश में कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके दरभंगा जिला के घनश्यामपुर गोईं लगमा निवासी सीए सुरेश झा ने इस फिल्म का निर्माण किया है। फिल्म ताजमहल के ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। जिसमें सुपरस्टार परेश रावल, जाकिर हुसैन,अमृता खानविलकर, विजेंद्र काला, शिशिर शर्मा, श्रीकांत वर्मा, अभिजीत लेहरी, मिथिला क्षेत्र के चर्चित कलाकार अखिलेंद्र मिश्र, अंजनी कुमार, वीणा झा, सर्वज्ञ झा, स्वर्णिम झा सहित दर्जनों की संख्या में कलाकारों एवं क्रू मेंबर्स ने अपने अद्भुत कलाकारी का प्रदर्शन किया है। फिल्म की शूटिंग देहरादून, आगरा, बिहार एवं मुंबई में हुई है।

## पिछले दो दशकों में बिहार के सड़कों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया हैं : डॉ मुरारी मोहन झा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार सरकार ने केवटी विधानसभा क्षेत्र निवासियों के लिए बड़ी सौगात दी हैं । ननौरा से मोहम्मदपुर तक की सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिसके लिए 25.55 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई हैं। इस बात की जानकारी केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने दी । यह परियोजना वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत की गई हैं। इसके तहत कुल 6.84 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा । वर्तमान में यह सड़क बहुत ही संकरा हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं । चौड़ीकरण के बाद यह सड़क स्थानीय जनता के लिए अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी। विधायक श्री झा ने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी । चौड़ीकरण के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे । आगे डॉ० झा ने बताया कि एनडीए सरकार 2005 से राज्य में सड़क बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत कर रही हैं । पिछले दो दशकों में बिहार के सड़कों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया हैं । विधायक ने कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण करवाने के लिए मैं लगातार विभाग के मंत्री से संपर्क में था और शीघ्र ही इसका चौड़ीकरण कर दिया जाएगा ।इस पुनीत कार्य के लिए केवटी विधानसभा के तमाम जनता की तरफ से आदरणीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन जी को ह्रदय से धन्यवाद देते हैं ।

## अदालत ने पत्नी की हत्या के जूर्म में पति को दिया आजीवन सश्रम कारावास कि सजा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। व्यवहार न्यायालय दरभंगा के अपर सत्र न्यायाधीश आदि देव की अदालत ने पत्नी की हत्या के जूर्म में पति को शुक्रवार को आजीवन सश्रम कारावास और दस हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। आदिदेव की अदालत ने पत्नी की हत्या के जूर्म में सदर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीसागर बैंकर्स कॉलनी निवासी रमण कुमार चौधरी उर्फ डब्लू कुमार चौधरी को 31जुलाई को दोषी करार दिया था और 8 अगस्त को आजीवन सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है । एपीपी दिलीप कुमार साह ने बताया कि 25 जूलाई 2021 को अहले सुबह लक्ष्मीसागर बैंकर्स कॉलनी में डब्लू चौधरी ने अपनी 15 बर्ष पूर्व ब्याहता पत्नी रिंकी चौधरी के सिर पर खंती से प्रहार कर हत्या कर दिया था ।इस जघन्य घटना की सूचना हत्यारे पति डब्लू की बहन ने मोबाईल फोन से मृतिका के पिता को दिया ।नेहरा थानाक्षेत्र के इम्ब्राहिमपुर निवासी नूनू चौधरी( मृतिका के पिता ) ने इसकी प्राथमिकी सदर थाना में कांड सं.316/21 दर्ज कराया ।कोर्ट में इस केश का बिचारण सत्रवाद सं.63/22 के तहत प्रारंभ हुई ।अनुसंधानक द्वारा आरोपपत्र समर्पित किया गया ।अदालत में पत्नी की हत्या करने वाले पति के बिरुद्ध 11 अप्रैल 22 को आरोप गठन के बाद बिचारण प्रारंभ किया गया ।जघन्य हत्या मामले में ट्रायल के दरमियान अभियोजन पक्ष से न्यायालय में कूल 9 गवाहों की गवाही कराई गई ।इनमें मृतिका की 11 बर्षीय पुत्री आशू चौधरी और 8 बर्षीय पुत्र आलोक की गवाही हुई ।गत 31 जुलाई को कोर्ट ने इस केश की सुनवाई पुरी कर रिंकी चौधरी की हत्या के जूर्म में हत्यारे पति को दोषी करार दिया। हत्यारे पति प्राथमिकी दर्ज होने के पश्चात से ही इस हत्याकांड में जेल में बंद है ।लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने बताया कि दरभंगा जिला न्याय मंडल के सिविल कोर्ट दरभंगा, बेनीपुर और बिरौल में लंबित सभी गंभीर सत्रवादों को चिन्हित कर त्वरित न्याय निर्णय कराने के लिए प्रयास जारी है। वे लोक अभियोजक पद पर योगदान के पश्चात कटिबद्ध हैं कि दस वर्षों से पूर्व के जघन्य मामलें में ट्रायल पूरी करबाकर पीड़ितों को न्याय दिलाई जाय।

## वोट बंदी के खिलाफ सीपीएम ने किया विशाल प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीएम द्वारा पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला समाहरणालय पर शुक्रवार को रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। जिला के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आये प्रदर्शन कारी सुपर मार्केट में जमा होने के पश्चात शहर में प्रदर्शन करते - चुनाव आयोग की मनमानी नहीं चलेगी, एस आई आर के बहाने वोट बंदी की साजिश नहीं चलेगी, गरीबों का नाम मतदाता सूची से बाहर करना बंद करो। मतदाताओं को सहजता से उपलब्ध आधार कार्ड, राशनकार्ड,जांव कार्ड, बैंक पासबुक को प्रमाण पत्र के रूप में मान्यता देना होगा सहित अन्य गगनभेदी नारा लगाते समाहरणालय पहुंचे जहां प्रदर्शन सभा में तब्दील हो गया। कामरेड मिथिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में चले सभा को सम्बोधित करते पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड विनोद कुमार ने कहा बीजेपी और आरएसएस आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पराजय को देखते चुनाव आयोग के सहारे चाल चल कर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए वोट बंदी की साजिश रची है तथा ऐनकेन प्रकारेण पुनः सत्ता में आना चाहती है जिसको बिहार की जनता समझ चुकी है और उनके किसी साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। विनोद कुमार ने कहा सीपीएम पूरे देश में आज सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर रही है। मतदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकार मत का अधिकार बचाने के लिए पार्टी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक तक जनता की संवैधानिक लड़ाई लड़ेगी। पार्टी जिला सचिव सह पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड रणधीर यादव ने कहा विगत के लोकसभा चुनाव जिस मतदाता सूची पर हुई उसमें एकाएक पुनः विशेष गहन पुनरीक्षण करना वो भी इतने कम समय में अन्यायपूर्ण नीति है। इसमें भी ऐसे दस्तावेज मांगे जा रहे है जो गरीब गुरवा मेहनतकश जनता के पास उपलब्ध ही नहीं है। सहजता से उपलब्ध आधार कार्ड, राशनकार्ड, पेन कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक पासबुक का कोई मान्यता नहीं देना गरीबों को वोट बंदी के सहारे उनके संवैधानिक अधिकार पर हमला है। उन्होंने कहा एक तो राज्य से बाहर कमाने वाले व्यक्ति गणन फार्म ही जमा नहीं कर पाये जिसके कारण लाखों लोगों का नाम मतदाता सूची से बाहर हो गया और अब प्रमाण पत्र के नाम पर फिर लाखों लोगों के नामों को सुची से हटाने की गहरी साज़िश चल रही है।

## जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में डीएम ने आमजनों की शिकायतों से हुए रूबरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित संवादकक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर आमजन की जनशिकायतों से रूबरू हुए तथा उन्हें उनके शिकायतों से संबंधित आवेदन पर शीघ्र जांचोपरांत समुचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने आज के जनता दरबार में स्वयं से आवेदक के पास जा जाकर उनके आवेदन को पढ़ा एवं उसके समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए। आज के जनता दरबार में कुल 22 लोगों ने अपनी जनशिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। मुबारकचक निवासी मो. साबिर द्वारा गलत तरीके से दाखिल खारिज करने के विरूद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। मौजमपुर संग्रामपुर निवासी श्याम नारायण शर्मा ने अपने निजी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की। पुरूषोत्तम केशरी ने अपने घर में किराए पर दूसरे को आवंटित दुकान को दुकानदार द्वारा खाली नहीं करने से संबंधित आवेदन दिया। खानपुर तारापुर निवासी सरोजनी देवी द्वारा दाखिल खारिज नहीं करने से संबंधित आवेदन दिया गया। औड़ाबगीचा धरहरा निवासी सामो देवी उर्फ समुद्री देवी ने जमालपुर अंचलाधिकारी पर भूमि सुधार उप समाहर्ता मुंगेर सदर के पारित आदेश को अनुपालन नहीं करने से संबंधित शिकायत की। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों के आवेदन पर तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बड़ी आशिकपुर जमालपुर निवासी सुंदर तांती ने अपने निजी जमीन पर दबंगों द्वारा फर्जी तरीके से कब्जा करने की शिकायत की। सर, पति की मृत्यु हो गई है, दो बच्चों के साथ बहुत मुश्किल से जीवन बसर कर रही हूं। ससुराल वालों द्वारा मुझे मेरे पति की सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया है और मेरे पति के खाते से भी गलत तरीके से पैसे की निकासी कर ली गयी है। इंसाफ के लिए आई हूं, इंसाफ किया जाए सर।

# सिलाई केन्द्रों ने जीविका दीदियों को दिया रोजगार आंगनवाडी केन्द्रों को सिल कर देंगी पोशाक

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय । हुनर को प्रोत्साहन के साथ ही महिला स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु अब उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप सिलाई केंद्रों से भी जोड़ा जा रहा है । ये महिलाएं जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इसके लिए जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघों के तत्वाधान में सिलाई केंद्र खोले जा रहे हैं। गत जुलाई माह में 3 सिलाई केंद्र का लखीसराय जिला अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के बरियारपुर और महेशपुर मे शुभारंभ किया गया । गुरुवार को भी सूर्यगढ़ा में 2 और चानन में एक सिलाई केंद्र का शुभारंभ हुआ था। बढ़ते क्रम में शुक्रवार को लखीसराय सदर प्रखंड, रामगढ़ चौक में, हलसी में, सूर्यगढ़ा में, चानन में और बड़हिया में सिलाई सह परिधान उत्पादन केंद्र का शुभारंभ हुआ। सदर और रामगढ़ चौक प्रखंड में केंद्र का शुभारंभ श्रीमती अनीता कुमारी, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा किया गया । इस अवसर पर संकुल स्तरीय संघ की पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहीं । इन केंद्रों पर जीविका दीदियों को सिलाई कटाई का प्रशिक्षण कार्य भी तत्काल शुरू कर दिया गया है। इस प्रकार के दीदी का सिलाई केंद्रों को जिले के सभी प्रखंडों में खोलने की प्रक्रिया जारी है ' जीविका से सम्बद्ध संकुल स्तरीय संघ द्वारा सिलाई केन्द्रों के संचालन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। इन सिलाई केंद्रों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए ड्रेस की सिलाई होगी और मांग के अनुरूप आपूर्ति की जाएगी । बाद में अन्य विद्यालयों में भी ड्रेस की आपूर्ति की जाएगी। प्रति सिलाई केंद्र 25 से अधिक जीविका दीदियों जो रोजगार मिला है। 01 जुलाई 2025 को बिहार सरकार के जीविका,ग्रामीण विकास विभाग एवं समेकित बाल विकास सेवा, समाज कल्याण विभाग के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर हुआ। इस समझौता ज्ञापन के तहत अब राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को पोशाक जीविका दीदियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। लखीसराय जिला के प्रति प्रखंड में कम से कम चार सिलाई केंद्र के संचालन का निर्देश प्राप्त है ' लिहाजा सिलाई केन्द्रों के संचालन हेतु स्थल एवं हुनरमंद जीविका दीदियों का चयन प्रक्रिया जारी है ' खोले गए सभी सिलाई केन्द्रों के संचालन एवं पोशाक समेत अन्य परिधानों की सिलाई-कटाई के लिए चयनित महिलाओं को सात दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया है ' इन सिलाई इकाइयों के माध्यम से स्थानीय महिलाएं स्कूल ड्रेस और अन्य प्रकार के परिधानों की सिलाई करेंगी । इसके लिए इन्हें प्रशिक्षण , मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है । बढ़ते क्रम में इन सिलाई केंद्रों को बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे जीविका दीदियों द्वारा निर्मित परिधानों को उचित कीमत मिल सकें और वो आत्मनिर्भर भी बनेंगी ।साथ ही निर्मित उत्पादों को अच्छी कीमत मिल सके। सिलाई केंद्रों से होनेवाली आमदनी से जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन का नया आयाम मिलेगा । कुल मिलकर लखीसराय जिला में जीविका द्वारा अब तक 14 सिलाई केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इन संचालन केंद्रों से चार सौ से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार और उनके हुनर को सम्मान मिला है। कृपया इस विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में स्थान देकर हमें अनुगृहित करें ।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत एसपी अजय कुमार ने चोरी और गुम हुए मोबाइलों को मालिकों को सौंपा

## एसपी अजय कुमार के कार्यों की लोगों ने की भूरि भूरि प्रशंसा और किया धन्यवाद ज्ञापित

- **मोबाइल मिलते हीं लोगों के चेहरे पर छाई मुस्कान और खिल उठे चेहरे**

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय ! लखीसराय जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में 20 लोगों को उनके खाये और चोरी हुए मोबाइल फोन वापस सौंपे ! इन मोबाइलों की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए हैं !मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी लौट आई !उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया !एसपी अजय कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई भारत सरकार की योजना के तहत सीआईआर पोर्टल के माध्यम से संभव हुई है !उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय द्वारा इस पोर्टल की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है जब कोई मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है तो सबसे पहले सीआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की जाती है ! इसके बाद पुलिस टीम सक्रिय होकर ऐसे मोबाइलों को ट्रैक कर बरामद करती है !एसपी ने बताया कि लखीसराय पुलिस ने हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों में सफलता पाई है !उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाता है बल्कि आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ाता है ! एसपी अजय कुमार ने जिले वासियों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन खो जाता है या चोरी हो जाता है तो वह तुरंत सीआईआर पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराएं !समय पर सूचना मिलने से पुलिस को मोबाइल बरामद करने में आसानी होती है और सफलता की संभावना बढ़ जाती है पुलिस की इस पहल से पीड़ितों को राहत मिली है और लोगों के चेहरे खिल उठे हैं !

# सहरसा पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व



- **सामाजिक समरसता का संदेश देता है रक्षाबंधन त्योहार : अवनीश वर्मा**

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भाई बहन को भावनात्मक तौर पर जोड़ने वाले रक्षा बंधन का पर्व शुक्रवार को स्थानीय हटिया गाछी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने छात्रों की कलाइयों पर राखी बांधी। बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने रक्षा बंधन के उद्देश्यों और महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा बंधन पर्व को भाई बहन के प्रेम और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक बताया। प्राचार्य अवनीश कुमार वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा बंधन भाई बहनों के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा का प्रतिक है। इस अवसर पर बहनें अपने भाई की लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं वहीं भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देता है। प्राचार्य ने बच्चों से कहा कि बहन करुणावती और हुमायूं की कथा आप बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। उसे पढ़कर आप अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंनें कहा कि भाई बहन के इस पर्व त्यौहार को मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ मनाये ।यह पर्व समाजिक समरसता का संदेश देती है।

# स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में अंजन ने लगाया गोल्ड पर निशाना, पहले प्रयास में ही क्वालिफाई

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा 35 वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो कि 03 से 06 अगस्त तक पटना के विक्रम में आयोजित की गई थी से अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लौटी सहरसा सिविलियन राइफल कल्ब की टीम। पिछली बार के पदक विजेता अंजन सिंह ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में अपने नाम कुल चार पदक दर्ज करवाया वहीं पहली बार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रवि रंजन सिंह ने अपने पहले प्रयास में ही क्वालिफाइंग स्कोर हिट करने में सफलता पाई। अंजन सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल टीम इवेंट में गोल्ड, 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल टीम इवेंट तथा 50 मीटर पिस्टल के टीम इवेंट में सिल्वर के साथ 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इंडिविजुअल इवेंट में ब्रोंज मेडल के साथ कुल चार मैडल अपने नाम किए। दिल्ली में पदस्थापित अंजन सिंह विगत 2022 से सहरसा सिविलियन राइफल कल्ब से जुड़े तथा तब से प्रतिवर्ष लगातार सहरसा जिले के लिए खेलते हुए मैडल प्राप्त कर रहे हैं। सहरसा जिला राइफल संघ के सचिव त्रिदिव सिंह ने कहा कि अंजन सिंह दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज पर प्रैक्टिस कर लगातार सहरसा जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। वहीं रवि रंजन सिंह द्वारा अपने पहले प्रयास में ही 50 मीटर ओपन साइट राइफल इवेंट में क्वालिफाई कर अन्य निशानेबाजों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। टीम मैनेजर सोना भदौरिया के नेतृत्व में अंजन सिंह, रवि रंजन सिंह, मनोज कुमार, सिद्धार्थ सिद्धू, डॉ प्रणव प्रताप सिंह, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार सिन्हा, त्रिदिव सिंह, कुणाल आनंद, आरव राज, नितेश कुमार आदि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शिरकत की। कार्यकारी अध्यक्ष आत्मानंद झा ने कहा कि प्रतियोगिता में सफल हुए एवं मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर नहीं प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को मोटिवेशन मिला है तथा सभी लोग अपने प्रदर्शन को निखारने के लिए प्रयास रत हैं साथ ही साथ उत्साहित दिख रहे हैं। इसके साथ ही अन्य बहुत सारे नये खिलाड़ियों ने भी निशानेबाजी के इस विधा से जुड़ कर इस खेल के अभ्यास तथा प्रशिक्षण हेतु संघ से संपर्क किया है। जल्द ही नियमित अभ्यास तथा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू होगा। अभी मुंगेर जिला राइफल संघ के साथ हमारा संयुक्त अभ्यास कार्यक्रम जारी है, जो शूटर अभ्यास करना चाहते हैं वो सचिव से आदेश प्राप्त कर अभ्यास में भाग ले सकते हैं। सचिव त्रिदिव सिंह ने कहा कि अब संघ दिसंबर में होने वाले बिग-बोर गेम्स के लिए तैयारी में लग चुकी है। टीम के चयन प्रक्रिया शुरू है। हमें लगता है कि हमारे कुछ शूटर बिग-बोर के गेम में अच्छा प्रदर्शन कर मेडल ला सकते हैं ।इस वर्ष के बेहतर प्रदर्शन के लिए राइफल संघ उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह के अलावा वरिष्ठ सदस्यों ओम प्रकाश खेमका, गोपाल शंकर शाक्त, कुमार अनिर्वाण चौधरी, राजेश्वर मिश्रा, अर्जुन चौधरी, मनोहर लाल बागड़िया, के साथ साथ सूरज गुप्ता, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ रंजेश कुमार, डॉ अभिषेक कुणाल, डॉ जयंत आशीष, डॉ विजय शंकर, कोषाध्यक्ष अमन कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सुदर्शन कुमार तथा चंदन कुमार, आर्मरर एन के सिंह सदस्य अनिल सर्राफ, प्रदीप सर्राफ, शंभु प्रसाद टेकरीवाल, दौलत टेकरीवाल, मनीष खेमका, कुणाल आनंद, नितेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सहित अन्य सभी सदस्यों ने अध्यक्ष सह पुलिस अधीक्षक आईपीएस हिमांशु कुमार का खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी लोगों ने खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मधेपुरा के द्वारा विशेष कैम्प का किया गया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, मधेपुरा तरनजोत सिंह के द्वारा उदाकिशुनगंज प्रखंड अंतर्गत विषेश गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत विशेष कैम्प का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ से 2003 मतदाता एवं उनके वंशज के सूची के बारे में पूछा गया। उनके द्वारा सभी उपस्थित बीएलओ को अपने इस कार्य में और प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। बीएलओ से बीएलओ एप्प को लॉगईन कराकर देखा गया। सभी बीएलओ को एक सरल प्रक्रिया और विधि से अपलोड करने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। बीएलओ एवं बीएलए का बैठक एवं उसमें की गई प्रक्रिया के बारे में बताया गया। 2003 मतदाता/वंशज एवं विकास रजिस्टर के मतदाता के अलावे अन्य मतदाताओं का दस्तावेज अपने क्षेत्र से संग्रहित ससमय करने का निदेष बीएलओ को दिया गया। ज्ञात हो कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित दिनांक-02.08.2025 से 01.09.2025 तक दावा आपत्ति प्राप्ति विशेष शिविरों के माध्यम से ली जाएगी।

# सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान सहरसा के द्वारा चलाए जा रहें नि:शुल्क सेवा शिविर का किया सराहना



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा सनातन श्री नारायण सेवा संस्थान सहरसा के तत्वाधान में मुख्य कांवरिया पथ कटोरिया,बांका, देवघर में चल रहें निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर में अतिथि के रूप में पहुंचे बीएनएमयू मधेपुरा के सिंडीकेट मेंबर, मेजर डॉ गौतम कुमार। निःशुल्क सेवा शिविर के माध्यम से चिकित्सीय सेवा से लेकर भोजन एवं अन्य प्रकार की सभी सेवाएं प्रदान की जा रही है। संस्थान के सदस्यों के द्वारा डॉ गौतम का अंग वस्त्र देकर अभिन्दन किया गया ।तत्पश्चात संस्थान के सदस्यों के साथ मिलकर डॉ गौतम कांवरिया का सेवा किया, जूस, पानी, फल एवं अन्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान डॉ गौतम ने कहा कि सनातन श्री नारायण सेवा सनातन के सदस्य निशुल्क सेवा शिविर चला रहे हैं जो की हमारी संस्कृति की सेवा भावना और आस्था के प्रति समर्पण को दशार्ता है ।उन्होंने सेवा शिविर की व्यस्था को देखकर संस्थान का सरहाना किया। निःशुल्क सेवा शिविर में लोगों को बढ़ चढ़ कर भागीदार बन सहयोग करना चाहिए। एक मास तक चलने वाले इस कावड़ यात्रा को समाज के सहयोग और सेवा भाव के माध्यम से ही चलाया जा सकता है ।कावड़ यात्रा के दौरान कांवरिया का सेवा करने के लिए तत्पर हैं, उत्सुक है, दिन रात लगे हुए है। कांवरिया को बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराई जा सके, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सागर कुमार नन्हें, कोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह राजू, प्रशांत सिंह, रवि सिंह, अभिजीत सिंह रघुवंशी, रंजीत यादव, राजू यादव, सोहन जी, गोबिंद पासवान, आशीष कुमार, रंजीत यादव, कपिल यादव आदि मौजूद थे।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट) । गुरुबार को नगर के सिंहपुर स्थित सामुदायिक भवन में स्वर्गीय सहदेव साह शक्ति केंद्र पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख गौतम कुमार ने किया। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रभारी शिवदयाल शर्मा , बूथ अध्यक्ष 206 अविनाश कुमार पुष्प, बूथ संख्या 207 गौतम, बूथ अध्यक्ष 217 गोपाल शर्मा एवम बूथ कमिटी के सदस्यों, दूसरी ओर नगर के दुलारपुर स्थित बजरंगवाली के पास स्वर्गीय रामेश्वर साह शक्ति केंद्र प्रमुख अजीत कुमार साह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष भाजपा शिव शंकर चौधरी थे। प्रभारी ध्रूब कुमार साह , बूथ अध्यक्ष 201 कुबेर मंडल , बूथ अध्यक्ष 202 परमानंद राय, बूथ अध्यक्ष 203 दयानंद शर्मा, बूथ अध्यक्ष 204 अभिषेक पाठक एवम बूथ कमिटी के सदस्यगण मौजूद थे ' नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने कहा बूथ सशक्तिकरण के अन्तर्गत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कार्यशाला कर बूथ अध्यक्ष को पार्टी के क्रियाकलाप एवम सिद्धांत से अवगत कराया गया ' आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकताओं को अभी से ही पार्टी की मजबूती के कार्य में जुट जाना है तथा सभी कार्यकर्ता आगामी चुनाव में अपने अपने बूथ पर एन डी ए प्रत्याशी को जीत दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाय ' पार्टी का लक्ष्य है बूथ जीतो चुनाव जीतो ' कल दिनांक 08/08/2025 को हर घर तिरंगा लगाने की सफलता के लिए सामुदायिक भवन सिंहपुर में 11 बजे पूर्वाह्न में बैठक रखा गया है जिसमे जिला के उपाध्यक्ष शंभूशरण राय एवम जिला मिडिया सेल जिला अध्यक्ष रवि कुमार उपस्थित रहेंगे।

# डीएम ने खडगपुर और बरियारपुर के एईआरओ तथा बीएलओ के अपलोडिंग कार्य की समीक्षा की, लपरवाही वरतने वाले से पूछा स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकार द्वारा गुरुवार को जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत प्रखंड स्तर पर एईआरओ के नेतृत्व में चल रहे दस्तावेजों के अपलोडिंग कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने खड़गपुर, टेटिया बम्बर एवं बरियारपुर एईआरओ तथा बीएलओ के साथ बैठक कर दस्तावेज अपलोडिंग की जानकारी ली। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में खड़गपुर बीडीओ सह एईआरओ तथा बीएलओ के द्वारा अपलोडिंग कार्य में लापरवाही किए जाने पर उनसे जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है। जिलाधिकारी ने खड़गपुर और बरियारपुर के एईआरओ तथा बीएलओ के द्वारा किये जा रहे अपलोडिंग कार्य की समीक्षा की। उन्होंने बारी बारी से सभी एईआरओ तथा बीएलओ के अपलोडिंग कार्य की जानकारी ली। जानकारी के क्रम में खड़गपुर में दस्तावेज अपलोडिंग कार्य पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया तथा एईआरओ तथा बीएलओ के द्वारा अपलोडिंग कार्य में लापरवाही देख उनके खिलाफ स्पष्टीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसलिए इस कार्य को अत्यंत ही गंभीरता के साथ पूर्ण करें अन्यथा डंडात्मक अथवा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को उच्च गुणवत्ता सहित सभी डेटा को अपलोड करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा खड़गपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्यालय के आगत निर्गत पंजी के साथ साथ उपस्थिति पंजी की भी जांच की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी को सभी कर्मियों के ससमय कार्यालय आने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीपीएस काउंटर का भी निरीक्षण किया तथा आमजन द्वारा किए जा रहे आवेदनों की भी जानकारी काउंटर पर कार्यरत कर्मी से ली। उन्होंने एक आवेदक से स्वयं दूरभाष पर बात कर उनके आवेदन तथा मिलने वाले प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने काउंटर कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जो भी आवेदक आवेदन करें उनका सही से सारे दस्तावेज कि जांच कर निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं।

# महंगी शराब नहीं खरीदने के कारण स्मैक, गांजा एवं पंचर वाला सुलेशन पी रहें है नौनिहाल : अनिल कुमार साहा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बिहार प्रदेश के महामंत्री [ संगठन ]सह प्रभारी पूर्णियाँ, कोशी एवं भागलपुर प्रमंडल के अनिल कुमार साहा ने कहा नीतीश कुमार की तुगलकी कानून से शराबबंदी से बिहार में शराब बंद हो गया बिहार में कोई भी शराबी इंसान नहीं है उन्होंने जानना चाहा की क्या बिहार सरकार के तुगलकी कानून से शराब माफियाओं या शराब के सिंडिकेट के सदस्य हो गए बिहार में मालोमाल। क्या किन कारणों से शराब पर रोक नहीं लग रहा है क्या शराब बंदी के आड़ में शराब माफियाओं को शराब के सिंडिकेट के सदस्यों को खुली छूट दिया जा रहा है वह नाजायज पैसा कमावे जहरीली शराब बिहार में बेचे अगर ऐसा नहीं है तो आखिर शासन के सारे शक्तियों को लगाने के बाद भी बिहार में शराब बिक्री पर रोक क्यों नहीं लग रहा है ? आज नीतीश कुमार की सरकार में अगर बिहार में किसी को गोली लग रही है कहीं गोली चल रहा है और कहीं कोई शराब के तस्कर शराब लेकर जा रहे हैं तो पुलिस की ओर शासन प्रशासन की पहली प्राथमिकता यह है कि वह पहले शराब के जो तस्कर है माफिया है उसको पकड़े ना की जहां गोली चल रही है उसअपराधी को पकड़े। बिहार के सारे शासन प्रशासन के लोगों को शराब बंदी के पीछे लगा दिया है। बिहार का जनता के हित में यह सर्वोपरि सोच है शराब बंदी एक अच्छी चीज है समाज को सुधारने वाली विषय है, लेकिन इस पर रोक लगाने में अगर बिहार सरकार अक्षम है तो उसे इस बिषय पर पुनर्विचार करना चाहिए। जहां तक मेरी जानकारी है कि आज बिहार में शराबबंदी के वजह से जो युवा वर्ग के लोग हैं जो युवा पीढ़ी के लोग हैं जो सामर्थवान हैं या जो सामर्थवान नहीं हैं बिहार में अवैध रूप से मिल रहे हैं महंगी शराब को नहीं खरीद पाने के कारण स्मैक, गांजा, चरस यहां तक सुनने आ रहा है कि साइकिल के ट्यूब पंचर में जो सुलेशन काम आता था उसको गरीब परिवार के बच्चे पॉलिथीन में डाल करके उसका श्वास लेते हैं सेवन करते हैं और जब उनके पास पैसा नहीं होता है तो वह रोड पर छिनतई का काम करते हैं जिससे बिहार में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। यह सर्वमान्य विषय है की शराब पर रोक लगना चाहिए। जब के अभी हमारे देश के सारे जो प्रमुख शहर है खासकर भारत की जो राजधानियां हैं या जो भारत के प्रमुख राज्य हैं वहां धड़ल्ले से शराब बिक रहा है कोई रोक नहीं है सिर्फ समय सीमा की पाबंदी है। नितीश बाबू यह कहने में मुझे कोई गुरेज नहीं है कि शराबबंदी के आड़ में आपके सरकार के संरक्षण में ऐसे कुछ लोग हैं कुछ शराब माफिया है शराब के सिंडिकेट सदस्य हैं जो खुलेआम बिहार मे गाड़ी से ट्रक के ट्रक शराब की खेप को बिहार में लाते हैं और मनमाने कीमत पर पूरे बिहार में शराब को बेचते हैं चाहे वह होम डिलीवरी के मार्फत से हो या किसी भी तरह से हो।आपको यह समझना होगा कि आपसे अगर इस खास समय पर जो हिंदुओं का महापर्व होने जा रहा है आने जा रहा है दुर्गा पूजा से लेकर के छठ तक तथा बिहार का जो महापर्व बिहार विधानसभा चुनाव होने जा रहा है अगर आप बिहार में शराबबंदी पर 100% रोक नहीं लगा सकते हैं तो इस पर आपको विचार करने की जरूरत है। किन वजह या किन कारणों से बिहार में अवैध शराब बिक रहा है। नितीश बाबू आप बिहार के सम्मानित नेता हैं, आप सर्वप्रथम जितनी भी घोषणाएं या कैबिनेट की बैठक या और कोई काम कर रहे हैं मेरे दिमाग से आपका सर्वप्रथम और सर्वोपरि काम यह होना चाहिए कि शराब बंदी 100% कैसे लागू हो और अगर आप नहीं कर पाते हैं तो अविलंब इस पर सारे राजनीतिक दलों के नेताओ पार्टी के नेताओं के साथ मिल बैठकर विचार विमर्श कर कोई ऐसा रास्ता ढूढना चाहिए जिससे बिहार में जो शराब से जो एक्साइज ड्यूटी का पैसा टैक्स का पैसा है जो नहीं आ रहा है, बिहार सरकार की क्षति हो रही है उस विषय पर या शराब बंदी से बिहार के युवाओं पर क्या असर पड़ रहा है बिहार में सारे प्रयास के बाद भी अवैध शराब की बिक्री चाहे वह डोर डिलीवरी के द्वारा हो या किसी भी तरह से हो लेकिन अवैध शराब की बिक्री हो रही है उस पर रोक नहीं लग पा रहा है, इन सारे विषयों पर जो बिहार की जनता के हृदय से जुड़ा मामला है इस पर गहन विचार करने की जरूरत है।

# भगवान शिव की शिष्यता पर आयोजित हुई संगोष्ठी




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा भगवान शिव की शिष्यता एवं शिष्य भाव पर अंचल क्षेत्र के प्रसिद्ध सुर्य मंदिर कन्दाहा में एक दिवसीय शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित गुरु भाई एवं बहना को सम्बोधित करते गुरु बहन ज्योति ने कहा कि भगवान शिव गुरु रुप में अपने शिष्यों के अंदर प्रेम पैदा करते हैं जिससे आज आध्यात्म जनमानस के बीच सरल और सुलभ हो रहा है ।उन्होंने कहा कि इस काल खंड के महामानव साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने भगवान शिव को गुरु मानकर एक संकल्प लिया कि भगवान शिव की शिष्यता से विश्व के सभी मानव को जोड़कर उनके अंदर का आध्यात्म की ज्योति जगाकर जगत को भगवान शिव गुरु के आश्रय में डालकर परिणामदायी गुरु के रुप में साबित करुंगा। शिव शिष्यों को सम्बोधित करते शिव शिष्य भाई परमेश्वर ने कहा कि साहब श्री के तल पर उतरकर जो शिव ने उन्हें अनुभूति प्रदान किया आज शिव के शिष्य साहब श्री के बताए गए मार्ग पर चलकर वही अनुभूति प्राप्त कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अपने शिष्यों को अदृश्य सत्ता से साक्षात्कार करवाते हैं और उन पर किए गए दया से उन्हें एहसास भी करवाते हैं। उन्होंने कहा कि जबसे भगवान शिव के गुरु स्वरुप की बात साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने करना प्रारंभ किया तब से मानव के जीवन में पहले से बेहतर व्यवस्था देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने जबसे लोगों को भगवान शिव की शिष्यता एवं शिवेच्छा से प्राप्त 3 सुत्र देकर भगवान शिव को शिष्य भाव अर्पित करने का आदेश दिया तबसे भगवान शिव अपने शिष्यों का उत्तरदायित्व लेने लगे। उन्होंने कहा कि ग्रन्थों में वर्णित आदि गुरु भगवान शिव की शिष्यता भगवान शिव के इच्छा से साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी ने सन-1974 में भगवान शिव को गुरु माना, फिर उन्हें जांचा और परिणाम मिलने के वाद उनके मन का यह संकल्प कि आध्यात्मिक आह्लाद से आध्यात्म में आई संक्रान्ती से प्रत्येक व्यक्ति को मुक्त करने की अन्तः प्रेरणा जगी और एक एक व्यक्ति को शिव का शिष्य बनाने का संकल्प संकल्पित होता गया।

# घर घर जाकर नल जल का करे सर्वे : डीएम

मुंगेर। जिला अधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकार द्वारा नगर आयुक्त को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नल जल योजना के तहत किए गए कनेक्शन का सभी टैक्स कलेक्टर तथा सफाई जमादार को घर घर जा कर सर्वे करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में नल जल योजना के तहत अब भी कई घरों में कनेक्शन नहीं होने की शिकायत पर नगर आयुक्त को सभी टैक्स कलेक्टर तथा सफाई जमादार को घर घर जा कर सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। सर्वे का उद्देश्य जिन घरों में कनेक्शन नहीं हुआ है वैसे घरों को चिन्हित कर शत प्रतिशत घरों में कनेक्शन करने तथा नल जल योजना के तहत पेयजल की आपूर्ति करना है। उन्होंने शीघ्रताशीघ्र इस कार्य को पूर्ण करने तथा सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही है।

# बीएलओ एवं बीएलए की बैठक आयोजित

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। भारत के चुनाव आयोग के निदेशानुसार गत गुरुवार को नगर के बेसिक स्कूल परिसर में बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएलओ और बीएलए को मतदाता सूची संशोधन नए मतदाताओं को नामांकन करने डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान करने आपत्र मतदाताओं के नाम हटाने एवं फोटो युक्त निर्वाचक नियमावली को अद्यतन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अपने-अपने मतदान केंद्रो दपर नियमित रूप से भ्रमण करें और मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर आवश्यक सुधार कार्य करें। निर्देश में कहा गया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच जिलाधिकारी ने प्लास्टिक सीट बाटे

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अजय कुमार सिंह और जिलाधिकारी निखिल धनराज ने गंगा के जलस्तर बढ़ोतरी को देखते हुए प्रखंड के चार पंचायत के दर्जन भर गांव का दौरा कर बाढ़ के खतरा को देखते हुए गुरुवार को बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच प्लास्टिक सीट बाटे। जिलाधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन एसडीपीओ अनिल कुमार और प्रभारी अंचल अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया।

# रक्षाबंधन पर विशेष: भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

भारत एक ऐसा देश है जहाँ लोग साल भर त्यौहार मनाते रहते हैं। उनमें से राखी का त्यौहार लोगों के दिलों में बहुत खास जगह रखता है। बाकी सभी त्यौहारों के मुकाबले रक्षाबंधन एक अलग रिश्ते के महत्व को जताने और दिखाने का उत्सव होता है। बच्चे हों या बुजुर्ग, अपने भाई या बहन के साथ के खास रिश्ते के लिए सभी साल दर साल इसे यादगार तरीके से मनाते रहते हैं। रक्षाबंधन का पर्व भाई और बहन के बीच पवित्र स्नेह को सदियों से दशार्ता चला आ रहा है। रक्षाबंधन का अर्थ होता है रक्षा का बंधन। हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है। येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचलः इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना। भारत में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दौरान भाई भी अपनी बहन को रक्षा का वचन देता है और क्षमता के अनुसार उसे उपहार देता है। रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहिन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्यौहार है। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता का सांस्कृतिक उपाय रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी एक सूत्रता के रूप में इस पर्व का उपयोग किया जाता है। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरू बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिये फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाडकर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी।

उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में इस दिन अमरनाथ गुफा में प्रत्येक वर्ष मेले का आयोजन भी होता है। नेपाल के पहाडी इलाकों में ब्राह्मण एवं क्षत्रीय समुदाय में रक्षा बन्धन गुरू के हाथ से बांधा जाता है। लेकिन दक्षिण सीमा में रहने वाले भारतीय मूल के नेपाली भारतीयों की तरह बहन से राखी बंधवाते हैं। महाराष्ट्र में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूडियों में बांधी जाती है। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थी। इस विश्वास के साथ कि यह धागा उन्हे विजयश्री के साथ वापस ले आयेगा।

# साइकोलॉजिकल ऑटोप्सी कब और किन परिस्थितियों में की जाती है

अंकित श्रीवास्तव



साइकोलॉजिकल ऑटोप्सी एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की रहस्यमयी या संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु, विशेषकर आत्महत्या के मामलों में, उसके मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं का विश्लेषण किया जाता है। इसका उद्देश्य यह समझना होता है कि मृतक ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। इस प्रक्रिया में मृत व्यक्ति के परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और जान-पहचान वालों से बातचीत की जाती है, उसकी मेडिकल और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी रिपोर्टों की जांच की जाती है, और जरूरत पड़ने पर उसकी व्यक्तिगत डायरी, सोशल मीडिया गतिविधियों या अन्य व्यवहारिक संकेतों का अध्ययन किया जाता है। साइकोलॉजिकल ऑटोप्सी की जाती है ताकि यह पता चल सके कि मृतक किसी मानसिक बीमारी, तनाव, नशे की लत, पारिवारिक समस्याओं या किसी अन्य मनोवैज्ञानिक दबाव से तो नहीं जूझ रहा था। यह प्रक्रिया आत्महत्या और हत्या के बीच फर्क समझने, बीमा क्लेम की सत्यता जांचने, और कानून या न्यायिक मामलों में निर्णय लेने में भी मददगार होती है। इसके अलावा, यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े शोधों में भी अहम भूमिका निभाती है, जिससे आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की दिशा में बेहतर नीतियाँ बनाई जा सकें। इस तरह, साइकोलॉजिकल ऑटोप्सी न केवल एक जांच प्रक्रिया है, बल्कि यह समाज को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की ओर भी जागरूक करती है।

# रक्षाबंधनः नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

**तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बाँधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के ये धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें।**






ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध, और नैतिक मूल्यों के पुनसंर्वेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है। रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है। रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लिखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजयी हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी। महाभारत में जब भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। श्रीकृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दशार्ती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। ये प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है। रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है। लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है, न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें। एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में ह्यअवनी अविट्टमह्ण के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और श्रीमद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को ह्यबलेवह्ण के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है-अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा, और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहाँ पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं। राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी।

# मधुमेह से आंख, किडनी और दिल के साथ-साथ हड्डियां भी हो रही है प्रभावित

**शोध ने यह सिद्ध कर दिया है कि हड्डियाँ इसका अगला शिकार बन चुकी हैं डॉ. हारुन शाह का कहना है कि हमें मधुमेह मरीजों की जाँच में हड्डी से जुड़ी समस्याओं को भी शामिल करना चाहिए। खासकर वे मरीज जिनका एचबीए1सी स्तर लगातार अधिक रहता है पीबीएम अस्पताल का यह शोध एक चेतावनी की तरह है। यह दिखाता है कि मधुमेह से न केवल आंख, किडनी और दिल प्रभावित होते हैं, बल्कि अब हड्डियाँ भी गंभीर रूप से इसकी चपेट में हैं। अगर समय रहते मधुमेह मरीज अपने शुगर को नियंत्रित नहीं करते, तो फ्रैक्चर और विकलांगता जैसी स्थितियाँ सामने आ सकता है।**






जितेन्द्र कुमार सिन्हा

लेखक

मधुमेह (डायबिटीज) को आमतौर पर एक ऐसी बीमारी माना जाता है जो केवल ब्लड शुगर (रक्त शर्करा) के स्तर को प्रभावित करता है। लेकिन हाल के अध्ययनों और शोधों से जो तथ्य सामने आया हैं, वह बेहद चौंकाने वाला और गंभीर चिंता का विषय हैं। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में हुए एक ताजा शोध के अनुसार, मधुमेह केवल इंसुलिन या शुगर का खेल नहीं है, बल्कि यह शरीर के लगभग हर अंग पर गहरा प्रभाव डालता है विशेषकर हड्डियों और जोड़ों पर। इस शोध ने साफ किया कि 35.5% मधुमेह रोगी हड्डी और जोड़ संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। इनमें फ्रोजन शोल्डर, चारकोट जॉइंट, घुटनों में दर्द जैसी स्थितियां शामिल हैं। इसका सीधा अर्थ है कि डायबिटीज की वजह से हड्डियाँ अंदर ही अंदर खोखली हो रही हैं, जिससे फ्रैक्चर का खतरा कई गुना बढ़ गया है। जब कोई मधुमेह रोगी ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित नहीं रख पाता है, तो इसका असर सिर्फ आँखों, गुर्दों और दिल तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि यह हड्डियों की मजबूती को भी प्रभावित करता है। इंसुलिन की कमी, लंबे समय तक हाई ब्लड शुगर और न्यूरोपैथी जैसी स्थितियाँ हड्डियों की बनावट को नुकसान पहुंचाती हैं। मधुमेह की वजह से हड्डियाँ अधिक लचीली, कमजोर और भंगुर हो जाती हैं। पीबीएम अस्पताल, बीकानेर के डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा एवं डॉ. हारुन शाह के नेतृत्व में हाल ही के महीने में डायबिटिक केयर एंड रिसर्च सेंटर शोध में 400 मधुमेह मरीजों को शामिल किया गया था, जिनमें से 35.5% में हड्डी और जोड़ों से जुड़ी समस्याएँ पाई गईं। शोध का निष्कर्ष है फ्रोजन शोल्डर 8%, चारकोट जॉइंट 3.5%, घुटनों और जोड़ों का दर्द 12.25% और एचबीए1सी स्तर 9.59 औसत (जो बहुत अधिक है)। इस शोध ने स्पष्ट किया कि जिन रोगियों का शुगर नियंत्रण बेहद खराब था, उनमें हड्डियों की कमजोरी और फ्रैक्चर की संभावना कई गुना अधिक देखी गई। इंसुलिन को आम तौर पर ब्लड शुगर कंट्रोल करने वाला हार्मोन माना जाता है। लेकिन हड्डियों के स्वास्थ्य में इसकी अहम भूमिका है। इंसुलिन ऑस्टियोब्लास्ट नामक कोशिकाओं को सक्रिय करता है, जो हड्डियों के निर्माण और मरम्मत का कार्य करती हैं। जब शरीर में इंसुलिन की कमी होती है, तो हड्डियों के निर्माण की गति धीमी हो जाती है और वे कमजोर होने लगता है। मधुमेह की एक प्रमुख जटिलता डायबिटिक न्यूरोपैथी होती है, जिसमें नसें कमजोर हो जाती हैं। इसका असर यह होता है कि मरीज को अपने शरीर का संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। चलते-चलते अचानक गिर जाना या संतुलन खोना आम बात बन जाता है, जिससे फ्रैक्चर होने की आशंका बढ़ जाता है, खासकर बुजुर्गों में। शोध में कई प्रमुख कारक सामने आए हैं, जिनसे मधुमेह मरीजों की हड्डियाँ कमजोर हो रही हैं। ब्लड शुगर का असंतुलन के कारण हड्डी कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होती हैं, इंसुलिन की कमी के कारण हड्डियों का निर्माण रुकता है, विटामिन ऊकी कमी के कारण कैल्शियम का अवशोषण नहीं होता है, न्यूरोपैथी के कारण संतुलन बिगड़ता है, गिरने का खतरा बढ़ जाता है, रीनल डिसफंक्शन के कारण हड्डी में मिनरल कम होने लगता है, मोटापा और गतिहीन जीवनशैली के कारण घुटनों और जोड़ों पर अतिरिक्त भार बढ़ जाता है। इस अध्ययन में 20 से 60 वर्ष की आयु के मधुमेह मरीजों को शामिल किया गया था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, 35 से 45 वर्ष की आयु वर्ग सबसे अधिक प्रभावित पया गया। इसका मतलब यह है कि हड्डी और जोड़ से जुड़ी जटिलताएँ अब मध्यम आयु वर्ग के लोगों को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, जो पहले केवल बुजुर्गों तक सीमित माना जाता था। चारकोट जॉइंट एक दुर्लभ लेकिन गंभीर स्थिति है जो मधुमेह मरीजों में देखने को मिलती है। इसमें पैर या टखने के जोड़ों की हड्डियाँ धीरे-धीरे टूटने लगती हैं और मरीज को पता भी नहीं चलता। यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि कभी-कभी अंग कटवाना भी पड़ सकता है। डायबिटीज और ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की कमजोरी) का संबंध पिछले कुछ वर्षों में अधिक स्पष्ट हुआ है। खासतौर पर टाइप 1 डायबिटीज से ग्रसित मरीजों में हड्डी का घनत्व (इङ्गल्ली ट्रल्ली१' ऊेल्ल२३८) बहुत तेजी से घटता है। वहीं टाइप 2 डायबिटीज वाले मरीजों में हड्डी घनत्व बना रहता है, लेकिन हड्डियों की गुणवत्ता खराब हो जाती है। हर मधुमेह रोगी को समय-समय पर हड्डियों की जाँच करवानी चाहिए। इसके लिए कुछ विशेष परीक्षण उपलब्ध हैं। वह है ऊएअ स्कैन- हड्डियों का घनत्व जांचने का सबसे प्रभावी तरीका। एचबीए1सी जांच- ब्लड शुगर का औसत स्तर जानने के लिए। विटामिन ऊऔर कैल्शियम स्तर की जांच तथा फुट स्कैनिंग और गैट एनालिसिस। नियमित ब्लड शुगर मॉनिटरिंग करना चाहिए। डाइट, दवाइयां और व्यायाम को संतुलित करना चाहिए। कैल्शियम और विटामिन ऊका सेवन बढ़ाना चाहिए, इसके लिए डाइट में दूध, दही, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, बादाम, अंडे और धूप शामिल करना होता है। व्यायाम करना चाहिए इसमें हल्के वेट ट्रेनिंग और वॉकिंग हड्डियों को मजबूत बनाती है। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाना चाहिए ये दोनों तत्व हड्डियों की बनावट को बिगाड़ता है। साल में एक बार हड्डियों की जांच जरूर कराना चाहिए खासतौर पर अगर उम्र 40 पार कर चुका हो। डॉ. सुरेन्द्र वर्मा कहते हैं कि मधुमेह अब केवल शुगर की बीमारी नहीं रही। यह एक मल्टी-ऑर्गन डिसऑर्डर है।

# रक्षाबंधन अर्थात भाई-बहन का त्योहार




रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है । इसलिए इस दिन को राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है । इस साल यह त्यौहार ९ अगस्त २०२५ को है । इस दिन बहन अपने भाई को प्रेम के प्रतीक के रूप में राखी बांधती है । राखी बांधने का उद्देश्य होता है, भाई का उत्कर्ष हो और भाई बहन की रक्षा करे । राखी बांधने पर भाई अपनी बहन को उपहार देकर आशीर्वाद देता है । सहस्त्रों वर्षों से चले आ रहे इस रक्षाबंधन त्यौहार का इतिहास, शास्त्र, राखी सिद्ध करने की पद्धति और इस त्यौहार का महत्त्व आगे इस लेख में दिया है । रक्षाबंधन ऐसे मनाएं ! भाई अपनी बहन के घर जाएं । राखी बांधने हेतु भाई को बैठने के लिए पीढा रखें । पीढे के चारों ओर रंगोली बनाएं । अब भाई एवं बहन दोनों एक-दूसरे की रक्षा के लिए देवताओंसे प्रार्थना करें । बहन भाई का औक्षण कर उसे निःस्वार्थ भाव से राखी बांधें । बहन भाई को कुमकुम का तिलक करें । बहन भाई की दाई कलाई पर राखी बांधे । राखी बांधने के उपरांत बहन भाई का औक्षण करें` इसमें प्रथम सोनेकी अंगूठी एवं सुपारीसे अर्धगोलाकार पद्धतिसे औक्षण करे एवं उसके उपरांत घीके निरांजनसे भाईकी अर्धगोलाकार पद्धतिसे ३ बार आरती उतारे । बहन ने भाई को नमस्कार कर उसका आशीर्वाद लें । यह त्योहार बहन-भाई के बीच का लेन-देन कम करने के लिए मनाया जाता है । बहन ने भाई को निःस्वार्थभाव से राखी बांधकर उसका आशीर्वाद लेने से बहन-भाई का लेन-देन न्यून होने में सहायता होती है । यदि भाई अपनी बहन को स्वेच्छा से कुछ देना चाहे, तो उसने सात्त्विक उपहार देना चाहिए । रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन को शगुन के रूप में भेंट देता है । भेंट देने से एक-दूसरे की याद रहती है । बहन का भाई के प्रति जो प्रेम होता है, उसका मोल भाई कभी कर नहीं सकता; किन्तु बहन को प्रेम देकर वह उसे कुछ मात्रा में अल्प करने का प्रयास करता है । भाई उपहार जैसे स्थूल माध्यम द्वारा बहन के प्रति अपना प्रेम व्यक्त करता है । उपहार देते समय भाई के मन में ईश्वर के प्रति भाव होना चाहिए । इससे बहन को अधिक लाभ होता है । बहन ने भाई को उपहार मांगना नहीं चाहिए । यदि भाई स्वेच्छा से उपहार दे, तो बहन ने उपहार का स्विकार कर उसका सम्मान करना चाहिए; अन्यथा वह लेना टालना अधिक उचित होता है ।सात्त्विक वस्तुओं का किसी जीव पर संसारिक परिणाम नहीं होता । सात्त्विक वस्तु उपहार स्वरूप देने पर जीव को २० प्रतिशत तथा लेनेवाले जीव को १८ प्रतिशत लाभ होता है । सात्त्विक कृति करने पर लेन-देन अल्प होकर उससे नया लेन-देन उत्पन्न नहीं होता है । दोनों ने प्रार्थना करनी है । येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः । तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल ।। अर्थ : महाबली एवं दानवेंद्र बलि राजा जिससे बद्ध हुआ, उसी रक्षा से मैं तुम्हें भी बांधती हूं । हे राखी (रक्षा), तुम अडिग रहना । रक्षाबंधन के दिन प्रत्येक भाई ईश्वर से प्रार्थना करें, ह्यमेरी बहन की रक्षा के साथ-साथ मुझसे समाज, राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए प्रयास हों । बहन अपने भाई के कल्याण हेतु प्रार्थना करें, तथा राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा हेतु हम दोनोंसे प्रयास हों । ऐसी प्रार्थना करें । भाई को देवताओं की चित्रवाली राखियां ना बांधें । राखी के माध्यम से होनेवाला देवताओं का अनादर रोकें ! आजकल राखी पर अथवा देवताओं के चित्र होते हैं । राखी का उपयोग होने के उपरांत वह यहां-वहां बिखरी दिखाई देती हैं । यह एक प्रकार से देवता एवं धर्मप्रतीकों का अपमान है, जिससे पाप लगता है । इससे बचने के लिए राखी उतारने पर उसे जल में विसर्जित करनी चाहिए ! बहन ने भाई को राखी बांधते समय कोई अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए । आजकल बहनें अपने भाई को पहले ही उन्हें रक्षाबंधन के दिन क्या भेंट चाहिए यह बताकर रखती है, तथा वह मिलने के लिए हठ भी करती हैं । इस प्रकार मन में इच्छा अथवा अपेक्षा रखने पर बहन उस दिन मिलनेवाले आध्यात्मिक लाभ से वंचित होती है । क्योंकि रक्षाबंधन मनाने का उद्देश तो बहन-भाई के बीच का लेन-देन अल्प करना है । अपेक्षा रखकर भाई से वस्तु की प्राप्ति करने पर लेन-देन ३ गुना बढता है तथा आध्यात्मिक दृष्टि से १२ प्रतिशत हानि होती है । अपेक्षा के कारण उस दिन वातावरण में जो प्रेम तथा आनंद की तरंगें होती है, उसका लाभ नहीं मिल सकता है ।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 09 अगस्त, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### दो पटीदारो के बीच खूनी झड़प एक की मौत अन्य जख्मी

छपरा। सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के बांगरा गांव में गुरुवार की देर रात्रि में दो पटीदार के बीच रास्ते के विवाद में खूनी झड़प हुई। देखते ही देखते दोनों पाटीदारों के तरफ से जमकर पत्थरबाजी एवं चाकूबाजी चलने लगा जिसमें एक की मौत इलाज के दौरान हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही दाउदपुर थानाध्यक्ष घटनास्थल पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटना स्थल से जख्मी व्यक्तियों को इलाज के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में भर्ती कराया गया जहां एक व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान हो गई। जिसके बाद पुलिस ने घटना में संलिप्त दोनो पाटीदारों से घटना के संबंध में आवश्यक पुछताछ के लिए दो को हिरासत में लिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एकमा द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। उसके बाद आसपास के लोगों से घटना के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित पदाधिकारी को घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओं की जाँच कर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया गए।

### पुलिस अधीक्षक ने बुनियादी प्रशिक्षण केन्द्र का किया भौतिक निरीक्षण

छपरा। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बुनियादी प्रशिक्षण केन्द्र का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु सिपाहियों के शारीरिक प्रशिक्षण पी.टी. एवं परेड अभ्यास की प्रगति की समीक्षा किया गया। नव नियुक्त सिपाहियों के पी.टी. एवं परेड प्रर्दशन का अवलोकन कर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने प्रशिक्षु सिपाहियों के समर्पण की सराहना की एवं इस दौरान प्राप्त त्रुटियों जैसे शारीरिक चुस्ती, लयबद्ध कदमताल, टर्न आउट, वर्दी के पहनावे, तेज चाल, सावधान, विश्राम, सेल्यूट करने के तरीके आदि के संबंध में जानकारी देते हुए कई दिशा-निर्देश दिए गए।

### शुद्ध और सटीक मतदाता सूची के लिए जिला प्रशासन की बड़ी पहल

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अमन समीर ने शुक्रवार को दावा-आपत्ति प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 1 अगस्त से प्रारूप निर्वाचक सूची प्रकाशित हो चुकी है, जिसे 1 सितंबर तक सुधारा, नया नाम जोड़ा या नाम हटाया जा सकता है। प्रारूप सूची बीएलओ व राजनीतिक दलों के पास इस अवसर पर डीएम अमन समीर ने कहा कि बीएलओ और बीएलए के पास सूची उपलब्ध है। मतदाता अपना नाम वहां या ऑनलाइन (QR k code/voters.eci.gov.in/ECINET ऐप) से जांच सकते हैं। 30 विशेष कैंपः जिले के सभी 10 शहरी निकाय व 20 प्रखंडों में कैंप लगाए गए हैं, जहां नाम जांचने, दावा-आपत्ति दर्ज करने और फार्म-6, 7, 8 भरने की सुविधा है। जिलाधिकारी अमन समीर ने यह भी कहा कि ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है, जिसे voters.eci.gov.in पर भी संशोधन, नाम जोड़ने एवं विलोपन किया जा सकता है, टोल फ्री नंबर 1950 पर भी कॉल कर जानकारी ले सकते हैं। जबकि डीडीसी यतेंद्र कुमार पाल ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत बूथ स्तर तक बैठकों व प्रचार रथ के जरिए लोगों को जोड़ा जा रहा है।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 70 मामलों की सुनवाई

- कई ममालों का मौके पर ही हुआ समाधान

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की कुल 70 शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे उपस्थित लोगों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब न हो। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रशासनिक स्तर से जिला में 109 स्थान पर होगा लाइव टेलीकास्टः जिलाधिकारी

- 125 यूनिट तक फ्री बिजली का तोहफा, 12 अगस्त को मुख्यमंत्री उपभोक्ताओं से होंगें रूबरू
- कनेक्ट होइए 12 अगस्त को, जब सीएम करेंगे आपसे सीधा संवाद

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत जिले के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब हर महीने 125 यूनिट तक बिजली निःशुल्क मिलेगी। इस योजना पर उपभोक्ताओं से सीधा संवाद 12 अगस्त को मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर इस आशय की जानकारी दी। जिला मुख्यालय सहित पूरे सारण जिले में 109 स्थलों पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें उपभोक्ता लाइव वेबकास्टिंग के जरिए मुख्यमंत्री से जुड़ेंगे। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी बीडीओ को बिजली विभाग के अभियंताओं के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सारण जिले में कुल 5,84,420 विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें लगभग 4 लाख उपभोक्ताओं की बिजली खपत 125 यूनिट से कम है और वे इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ उठा सकेंगे।

## रक्षाबंधन के पूर्व अवसर पर 'राखी बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार की शाम रक्षाबंधन त्योहार के शुभ अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 की संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा ले, रंग बिरंगे राखियां बना अपने हुनर का परिचय दिया। इस बाबत प्राचार्य धनंजय मिश्रा ने बताया कि छात्र-छात्राओं के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन लगातार तीन वर्षों से हो रहा है। गुरुवार के दिन आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशि आर्या, द्वितीय स्थान-पीहू कुमारी, तृतीय स्थान वैष्णवी, राधा और सलोनी का रहा। साथ ही, दिव्यानी और जान्ह्वी की सराहनीय भूमिका रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनंजय मिश्र ने बताया कि राखी बनाओ प्रतियोगिता में बनाए गए राखी से ही छात्राएं अपनी भाइयों की कलाई पर राखी बांधेगी। छात्र-छात्राओं के प्रतिभा विकास की दृष्टि से प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के अवसर इस प्रतियोगिता का आयोजन होता है ।

## अगले माह से आमजन के लिए उपलब्ध होगा महाराजा हरेंद्र किशोर स्मारकः गरिमा



- महाराजा पुस्तकालय परिसर में स्थापित प्रतिमा स्थल का 14.03 लाख से स्मारक के तौर पर किया जा रहा विकास
- 1905 में बने इस धरोहर पुस्तकालय के जर्जर भवन का 18.97 लाख से कराया जा चुका है जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि गौरवशाली इतिहास से समृद्ध बेतिया राज परिवार के प्रतीक और स्मृतियों को आज और बाद की पीढ़ी के लिए जीवंत बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस क्रम में नगर के मध्य भाग में अवस्थित महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय परिसर में स्थापित बेतिया राज के अंतिम महाराजा की प्रतिमा का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण से संबंधित नगर निगम बोर्ड की योजना का पूरा होना अब अंतिम चरण में है। स्मारक स्थल का निरीक्षण के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि कुल 14.03 लाख लागत से बन रहा यह महाराजा हरेंद्र किशोर स्मारक अगले माह आमजन के लिए उपलब्ध हो जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बेतिया राज के अंतिम महाराजा हरेंद्र किशोर सिंह जी का जन्म 1854 में हुआ था। 1883 में करीब 29 साल की आयु में उन्होंने अपने पिता महाराजा राजेंद्र किशोर सिंह के बाद महाराजा बने। 26 मार्च 1893 को निःसंतान रूप में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी पावन स्मृति में 1905 में महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। उसी परिसर में स्थापित महाराजा हरेंद्र किशोर जी की प्रतिमा को स्मारक के रूप में विकसित करते हुए उसका सौंदर्यीकरण का पूरा होना अब अंतिम चरण में है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि प्रतिमा स्थल की पेंटिंग के साथ उसके चारों तरफ ग्रेनाइड पत्थर के साथ पेबर ब्लॉक संग स्टील की रेलिंग और रंगीन लाइटिंग से भी इसको सजाया जाने की योजना अब अंतिम चरण में है। ताकि वर्तमान और बाद की पीढ़ी के लिए महाराजा हरेंद्र किशोर स्मारक यादगार और आकर्षण का केंद्र के रूप में ख्याति प्राप्त करे।

# इंडो नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों को बहनों ने राखी बांधी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज के एक नंबर फाटक पर शुक्रवार की सुबह रक्षाबंधन के पूर्व अवसर पर देश की रक्षा करने के लिए सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों एवं अधिकारियों को राखी बांधने के लिए छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला स्वाभिमान बटालियन की समादेष्टा सुश्री निर्मला रही।उनके साथ एसएसबी 21 वीं वाहिनी डी कंपनी के इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा, प्राचार्य धनंजय मिश्रा, शिक्षक राकेश कुमार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

रक्षाबंधन को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत समादेष्टा निर्मला ने असिस्टेंट कमांडेंट अवधेश कुमार को राखी बांध मिठाई खिलाकर किया।इस अविस्मरणीय पल को यादगार बनाने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने तालियां बजा, भाई बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत करने वाले इस त्योहार पर एक दूसरे को बधाईयां दी।

विधायक प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह ने कहा कि देश की सेवा में अपने परिवार से दूर रहने वाले सीमा सशस्त्र बल के जवान हमारे वास्तविक हीरो हैं।

## सीपीएस में भव्य मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा छात्राओं में रचनात्मकता, कलात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेंट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से 12वीं तक की 200 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. संदीप कुमार सिंह, प्रशासक लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह, पीआरओ लायन अश्विनी कुमार परमार, सदस्य डॉ. अशोक सिंह, सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती सीमा मिश्रा, श्री प्रकाश श्रीवास्तव, श्री अविनाश पांडे एवं श्री शिव शंकर कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की कलात्मकता और रचनात्मकता की सराहना करते हुए चयन प्रक्रिया संपन्न की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल छात्राओं की रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव की भावना भी विकसित करती हैं। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यालय की छात्राओं ने इतनी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष लायन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा, लायंस क्लब सदैव समाज में सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज की मेहंदी प्रतियोगिता ने यह सिद्ध किया है कि प्रतिभा को मंच मिले तो वह निखरकर सामने आती है। सभी प्रतिभागी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण एवं सुसंगठित वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें लायंस क्लब ऑफ छपरा के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया और अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित कर प्रतियोगिता का सफल समापन किया गया।

## लायंस क्लब ऑफ छपरा सारण द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अंतरराष्ट्रीय संस्था लायंस क्लबस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब ऑफ छपरा सारण द्वारा आज इस सावन मास के आठ अगस्त को एक मेहंदी प्रतियोगिता डायरेक्टर लायन राजू कुमार के स्कूल आर बी एस पब्लिक स्कूल, मौना, छपरा के बच्चियों के बीच कराया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चियों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला। मेहंदी से एक से बढ़कर एक कलाकृति उन बच्चियों के हथेलियों पर देखने को मिली। अंततः बच्चियों के हाथों पर इस कलाकृति में जज को जज करने में बहुत मुश्किल हो रहा था कि किसको प्रथम करना है। क्लब के जज के अनुसार प्रथम साजिया को, द्वितीय स्वर्णा कुमारी को तृतीय प्राची कुमारी एवं तनु कुमारी को क्लब द्वारा मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया । एवं शेष प्रतियोगी बच्चियों को भी सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल और सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता लाया संजय कुमार आर्या, लायन जगदीश शर्मा, लायन आनंद अग्रहरि, लायन राजू कुमार, लायन गणेश पाठक लायन डॉ ओ पी गुप्ता सहित सभी अधिकारी एवं सभी सदस्य उपस्थित थे । जानकारी क्लब के जनसंपर्क पदाधिकारी लायन गणेश पाठक ने दी।

### हत्या के आरोपी को न्यायालय ने उम्रकैद की सुनाई सजा

छपरा। जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आपसी विवाद में एक युवक की हत्या मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 12, अंजनी कुमार गौड़ ने सजा की सुनवाई करते हुए दोषी को आजीवन कारावास सहित 20000/- का जुमार्ना की सजा सुनाया है। न्यायालय ने सजा सुनाते हुए कहा कि अगर जुमार्ना राशि की अदायगी नहीं करने की स्थिति में दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा उठानी पड़ेगी। उक्त हत्या के मामले में अभियोजन के तरफ से डॉक्टर एवं अनुसंधानकर्ता सहित आठ साक्षियों को माननीय न्यायालय में गवाही करवायी गयी। इस मामले की सोनपुर थाना कांड संख्या 408/19, धारा-302/34 भा.द.वि, सत्रवाद संख्या 594/19 के अभियुक्त पूर्वी चंपारण जिले के तुरकोलिया थाना क्षेत्र के केवटिया गांव निवासी रामदेव मांझी का पुत्र महादेव मांझी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी है।

## छात्रों की आवाज को लाठी से नहीं कुचला जा सकता : आइसा सारण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। शुक्रवार को सारण में आइसा नेताओं ने कहा कि हम सिर्फ एक परीक्षा की तारीख मांगने नहीं खड़े हैं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। जो छात्र शांतिपूर्ण ढंग से अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरते हैं, उन पर यह सरकार लाठीचार्ज और गिरफ्तारी कर रही है। सरकार का लाठी और गिरफ्तारी का यह हमला पूरे छात्र-युवा समाज पर है।आइसा नेताओं ने कहा कि एसटीईटी की परीक्षा को डेढ़ साल से लटकाकर और टी आर इ -4 का नाम लेकर सरकार ने छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया है। यह पाँच लाख छात्रों को शिक्षा व्यवस्था से बाहर करने की साज़िश है। सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है नौकरियाँ देना नहीं, बल्कि युवाओं की आवाज दबाना। छपरा के नगरपालिका चौक पर बिहार के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया और जोरदार नारेबाजी की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और एसटीईटी की तिथि घोषित करो, पुलिसिया दमन बंद करो, रोजगार दो जैसे नारों से चौक गूंज उठा। आइसा की माँगें मुख्य रूप से एसटीईटी की तिथि तुरंत घोषणा टी आर इ -4 से पहले यस टी इ टी सुनिश्चित करना, पुलिसिया दमन के लिए माफी मांगने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा छात्रों से संवाद स्थापित करने की है। आइसा छात्र नेताओं ने कहा कि यह दमन नया नहीं है नियोजित शिक्षकों, बेरोजगार युवाओं और आंदोलनरत परीक्षार्थियों पर लगातार हमले किए गए हैं, और इसे सरकार ह्नसुशासनह्न का नाम देती है। उन्होंने कहा कि चेतावनी देते हैं कि अगर माँगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और तेज होगा और भूचाल बनेगा। हर गली, मोहल्ला, कॉलेज और यूनिवर्सिटी से छात्र आवाज उठाएँगे। यह लड़ाई सिर्फ एक परीक्षा की नहीं, बल्कि रोजगार के हक, लोकतांत्रिक अधिकारों और एक बेहतर भविष्य की लड़ाई है।

कार्यक्रम में आइसा सारण जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक जिला सचिव दीपांकर मिश्र जिला कमेटी सदस्य विकास कुमार, हिमांशु कुमार, रोहित गुप्ता, अखिलेश कुमार, अभय कुमार, नीरज कुमार आइसा नेत्री लक्ष्मी कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस को सफलताः भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

छपरा। बिहार के सारण जिले में शराबबंदी कानून के उल्लंघन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस ने कई इलाकों में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इस दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देशन में सारण जिले के विभिन्न थानों के विभिन्न जगहों पर अवैध शराब सेवन, अवैध शराब निर्माण, अवैध शराब बिक्री, अवैध शराब भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गरखा थाना क्षेत्र एवं परसा थाना क्षेत्र के पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में छापामारी किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी घायल, तीन अन्य गिरफ्तार, दो फरार, हथियार व गोली बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिला के एकमा थाना क्षेत्र के तिलकर गांव में शुक्रवार को हुई पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को घुटने के नीचे पैर में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से तीन अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से हथियार व गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात मुन्ना मियां अपने गैंग के साथ तिलकर गांव में छिपा है और कुछ अपराध की बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एकमा राजकुमार व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष भी मौके पर पहुंचे।

बताया गया है कि तिलकर गांव में जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एकमा गांव निवासी मुन्ना मियां व भरहोपुर गांव निवासी रंजीत सिंह गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस चके अनुसार मुन्ना मियां को दाहिने पैर में और रंजीत कुमार सिंह को बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। दोनों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि मुन्ना मियां के विरूद्ध लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, गोलीकांड और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के परिसर में पत्रकारों को बताया कि रंजीत कुमार सिंह के विरुद्ध भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया है कि पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार हो गए। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल दोनों अपराधियों की उपचार कराई जा रही है।

# चुनाव आयोग की मनमानी और अलोकतांत्रिक कार्रवाई के विरुद्ध सीपीआई (एम) ने निकाला प्रतिरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। चुनाव आयोग की मनमानी और अलोकतांत्रिक रवैया के विरुद्ध आज माकपा द्वारा राष्ट्रीय आह्वान के तहत छपरा में प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया गया। जुलूस जिला परिषद ग्राउंड से प्रस्थान कर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए नगर निगम चौक पर पहुंचा जहाँ जिला सचिव बटेश्वाहा की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर से चुनाव आयोग के आदेश को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार दिया। वक्ताओं ने कहा कि जब जनवरी माह में मतदाता सूची का समरी रीवीजन हो गया था फिर यह रक्फ़करना एक गहरी साजिश को ही दशार्ता है। इतने कम समय में इतना बडा.टास्क पूरा करना क्या संभव है ? आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को पहचान सूची मैं शामिल करने के लिये सुप्रीम कोर्ट के सुझाव की अवहेलना की सख्त आलोचना करते हुए वक्ताओं ने बिहार में मतदाता निरीक्षण नहीं बल्कि एनआरसी लागू करने की एक साजिश करार दिया। सबसे अहम पहलु यह है कि मतदाता पूनरीक्षण में जो दस्तावेज मांगे जा रहे हैं वह इस इतने कम समय में संभव नहीं है। गृह मंत्रालय का काम मतदाता की पहचान करना है ना कि चुनाव आयोग का। सभा को मुख्य रुप से राज्य सचिवमंडल सदस्य अहमद अली, डा० सत्येन्द्र यादव ( माँझी, विधायक) अरूण तिवारी, विनोद यादव, अमरेन्द्र सिंह ,सुनील राय, राजेन्द्र प्रसाद, देवानन्द प्रसाद, राजू साह मुखिया, राजेश्वर प्रसाद (अधिवक्ता), प्रहलाद राम, दिनेश पंडित, कमलेश यादव, बीरेन्द्र सिंह कन्हैया माँझी, राजनाथ राय आदि ने सम्बोधित किया।

सभा समाप्ति के बाद एक प्रतिनिधिमंडल समाहर्ता सारण को ज्ञापन सौंपते हुए; आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को दस्तावेजों की सूची में शामिल करने तथा काटे गए नामों के साथ कारण का विवरण प्रस्तुत करने की मांग किया।प्रतिनिधिमंडल में बटेश्वर कुशवाहा, अरुण तिवारी, सुनिल राय, अमरेन्द्र सिंह और देवानन्द प्रसाद शामिल थे।

### एसआईआरः दावा-आपत्ति के प्रचार प्रसार के लिए जिलाधिकारी ने किया रथ रवाना

छपरा। जिला प्रशासन का लक्ष्य शुद्ध और स्वस्थ निर्वाचक सूची का निर्माण है। कोई योग्य निर्वाचक छुटना नहीं चाहिए। इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को दावा-आपत्ति कार्य में तेजी लाने और लोगों की जानकारी के लिए जागरुकता रथ रवाना करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि एक अगस्त को प्रारूप निर्वाचक सूची प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। सभी निर्वाचक को सूची में अपना नाम जांच लेना चाहिए। किसी प्रकार की त्रुटि होने, नाम जोड़ने या विलोपन के लिए संबंधित फॉर्म भर कर दावा-आपत्ति किया जा सकता है। आगामी एक सितंबर तक प्रविष्टि में सुधार, नए नाम जोड़ने या नाम हटाने का आवेदन स्वीकृत किया जाएगा।

## दिघवारा में गंगा के जलस्तर में मामूली गिरावट

### निचले इलाके बाढ़ से प्रभावित, प्रशासन की लापरवाही पर सवाल

प्रात : किरण संवाददाता



दिघवारा। दिघवारा नगर व इसके आसपास के क्षेत्रों में गंगा का जलस्तर पिछले कुछ घंटों से स्थिर बना हुआ है, लेकिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रो के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने से स्थानीय लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही।दियरा पार अकिलपुर पंचायत के कई गांवों के खेत पानी में डूब गए हैं, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं।वहीं घरों में पानी घुस जाने से लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन को मजबूर हैं।

वहीं प्रखंड क्षेत्र के गंगा किनारे बसे विभिन्न गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रशासन ने कोई ठोस इंतजाम नहीं किया है।लोगो का आरोप है की जब प्रसाशन को पता है कि हर वर्ष गंगा के बढ़ते जलस्तर के बाद क्षेत्र में कहाँ कहाँ से बाढ़ का पानी क्षेत्र के फैलता है फिर भी समय रहते की ठोस उपाय नही किये जाते हैं।जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है तो आनन फानन में प्रशासन द्वारा बाढ़ से बचाव के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। बरुआ पंचायत के रामदासचक गांव में गंगा नदी के दो तटबंधों पर पानी का भारी दबाव बना हुआ है जिसके छतिग्रस्त होने की स्थिति के क्षेत्र में भयंकर बाढ़ आ सकती है बावजूद कोई ठोस उपाय नही हो पाया है।इतना जरूर है कि प्रखंड के आला अधिकारी क्षेत्र में महज निरीक्षण कर अपना कोरम जरूर पूरा कर रहे है।

स्थानीय सामाजिक संगठनों ने अपने स्तर से राहत कार्य शुरू किया है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण वे सभी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहे।उधर, प्रशासनिक अधिकारियों का दावा है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, प्रभावित लोग इसे केवल खानापूर्ति करार दे रहे हैं।

## सहार में रसोईया- सह सहायिका छमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन

➤ दो दिवसीय प्रशिक्षण में रसोईया को सुरक्षा एंव सावधानी और पोषण पर जोर

पीरो ( आरा ) सहार प्रखंड बीआरसी भवन में रसोईया- सह सहायिका छमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दुसरे दिन प्रखंड के विभिन्न विधालयो से पचास रसोईया एंव सहायिकाओ ने प्रशिक्षण में भाग लिया।प्रशिक्षण की अध्यक्षता एंव संचालन एमडीएम साधन सेवी सहार आलोक कुमार द्वारा किया गया। बीआरसी कार्यालय के रसोईया प्रशिक्षण कार्यक्रम मे साधन सेवी ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में रसोईया को सुरक्षा, सावधानी और पोषण पर जोर देने की बात कही ग ई। साधन सेवी ने रसोईया से बच्चो की प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम मे सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। साधन सेवी ने मध्यान योजना को बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण,पोष्ण युक्त बनाने के लिए कहा गया। मध्याह्न भोजन योजना मे बच्चो को हरी सब्जी और विटामिन युक्त भोजन देने की बात कही गई।

## अजगैबीनाथ धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर दस पंचायतों में बाढ़ का पानी घुसा

■ हजारों एकड़ फसल बर्बाद, बाढ़ प्रभावित लोग नाव के सहारे कर रहे पलायन

प्रातः किरण संवाददाता

सुल्तानगंज। स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने पदाधिकारियों के साथ नाव के सहारे बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा। भागलपुर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने से पर गनगनिया पंचायत, महेशी पंचायत से लेकर किशनपुर खैरिया पंचायत तक के दियारा क्षेत्र वासियों का फसल व घर डुबने पर पलायन हो रहे हैं/ इसको लेकर आज शुक्रवार को स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल, सीओ रवि कुमार, विडिओ संजीव कुमार के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों का क्षेत्रीय दौरा करते हुए नाव के सहारे महेशी पंचायत के कल्याणपुर मोतीचक दियारा क्षेत्र सहित अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर राहत सामग्री दिलाने की बात कही।

इस दौरान स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल ने मिडिया से बातचीत कर बताया कि सुल्तानगंज विधानसभा के गनगनिया पंचायत, तिलकपुर पंचायत, महेशी पंचायत, किशनपुर पंचायत के लोग बाढ़ प्रभावित हैं इसके लिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात करते हुए आपदा राहत सामग्री दिलाने की मांग की गई है जो जल्द ही बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री देने की बात कही गई है/ वहीं सीओ रवि कुमार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में जाकर बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दो जगहों में समुदाय किचन चलाने के लिए स्वकृति देकर नाव की व्यवस्था की गई है/जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत मिल सके/वहीं विडिओ संजीव कुमार ने भी बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के सरकारी विद्यालय में सीप्ट किया जा रहा है/इस दौरान दर्जनों बाढ़ प्रभावित लोग मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । आरा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावा/आपत्ति दाखिल करने के संबंध में पात्र नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु ह्यमतदाता जागरूकता रथह्व को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, बाजारों, हाटों, चौक-चौराहों आदि स्थानों पर जाकर आम नागरिकों को दावा/आपत्ति प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देगा, ताकि अधिक से अधिक योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकें या आवश्यक संशोधन करवा सकें। गौरतलब है कि प्रारूप निर्वाचक सूची दिनांक 01 अगस्त 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है, जिस पर दावा/आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 01 सितंबर 2025 निर्धारित है। 01 जुलाई 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर योग्य नागरिक पंजीकरण, विलोपन एवं संशोधन हेतु विहित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन बीएलओ, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय, संबंधित प्रखंड कार्यालय अथवा नगर निकाय कार्यालयों में आयोजित विशेष शिविरों में जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के वोटर सर्विस पोर्टल (ह्वह्लह्लश्च://1शह्लद्गह्म्ह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी दावे एवं आपत्तियों का निष्पादन संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा 25 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। इसके उपरांत, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 30 सितंबर 2025 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। अरुण इंटरनेशनल स्कूल, आरा में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में विभाजित किया गया था।ग्रुप ए में आरिफ अली अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजलि द्वितीय एवं आयुषी तृतीय स्थान पर रहीं।ग्रुप बी में प्रियांशु ने पहला स्थान, नव्या ने दूसरा तथा हनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।वहीं ग्रुप सी में आयुष ने प्रथम, आदित्य ने द्वितीय और आरुषि ने तृतीय स्थान हासिल किया।राखी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने अपने रचनात्मक कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया। सुंदर-सुंदर राखियों में छात्रों की भावनाएं और भाई-बहन के रिश्ते की गहराई स्पष्ट रूप से झलक रही थी। विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और कहा, रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। हमारे स्कूल का उद्देश्य न केवल शिक्षा देना है, बल्कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बच्चों में जागरूक करना भी है। ऐसी गतिविधियों के माध्यम से छात्र न केवल रचनात्मक बनते हैं, बल्कि उन्हें अपनी परंपराओं को भी समझने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम का समापन मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ और छात्रों ने आपस में राखी बाँधकर भाईचारे का संदेश दिया।

## ज्ञान सरोवर अकादमी में मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



प्रातः किरण संवाददाता

आराः ज्ञान सरोवर अकादमी के बच्चों ने आज स्कूल के प्रांगण में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया. जिसमें स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांध भाई-बहन के अटूट रिश्ते की परंपरा को कायम रखा. बहनों ने भाइयों के कलाई पर राखी बांधकर उन्हें सुरक्षा का वचन देने को कहा भाइयों ने बहनों को अपना यह वचन दिया और उपहार के तौर पर गिफ्ट भी दिए. स्कूल के निर्देशक रवि भूषण कुमार और प्राचार्य रोशनी कुमारी ने कहा कि यह परंपरा हमारे स्कूल में वर्षों से होती आ रही है और आगे भी यह परंपरा कायम रहेगा. शिक्षक के तौर पर सिमरन कुमार, अंशु कुमारी, कैफिया कौसर ,मुस्कान गुप्ता मौजूद थे.

## आरा में एक अत्याधुनिक आरओ जल शोधक का सभापति ने किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । आराः भारत सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत देशभर में ह्लविकसित भारत 2047ह्व के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में कई जनकल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज भोजपुर जिले के एच.एन.के.एच.एस. हाई स्कूल, आरा में एक अत्याधुनिक आर.ओ. जल शोधक का उद्घाटन किया गया।यह आयोजन तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (डठत्रष्ठ) के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) कार्यक्रम के अंतर्गत, अवंत फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। परियोजना के तहत भोजपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर कुल 51 आर.ओ. प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य स्थानीय लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों, को सुरक्षित, स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इस अवसर के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह रहे।विशिष्ट अतिथियों में दुर्गा राज जिला अध्यक्ष, भोजपुर इंदु देवी महापौर, आरा नगर निगम तनय सुल्तानिया जिलाधिकारी, भोजपुर अंजू कुमारी नगर आयुक्त, आरा, राधाचरण साह बिहार विधान परिषद् सदस्य रश्मि सिंहा अंचल दंडाधिकारी, आरा और अवनीश त्रिपाठी वरिष्ठ सलाहकार, खान मंत्रालय, भारत सरकार एवं प्रख्यात सामाजिक नवप्रवर्तक झ्र विकसित भारत 2047 सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए सभापति अवधेश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ह्लस्वस्थ समाज की नींव स्वच्छ जल से ही रखी जाती है। यह पहल न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगी, बल्कि जल जनित बीमारियों से भी उन्हें बचाने में सहायक सिद्ध होगी।वरिष्ठ सलाहकार अवनीश त्रिपाठी ने बताया आर.ओ. जल शोधक को पूरी तरह वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से तैयार किया गया है। यह न केवल जल को शुद्ध करता है, बल्कि उसमें मौजूद हानिकारक रसायनों, बैक्टीरिया और रोगाणुओं को भी समाप्त करता है। यह प्रधानमंत्री हर घर जल अभियान को मजबूती प्रदान करता है और शिक्षा संस्थानों में स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।आर.ओ. जल शोधक के लाभजल को परजीवी, बैक्टीरिया और वायरस से मुक्त करता है।हानिकारक रसायनों और संदूषकों को हटाता है।पानी के स्वाद और गुणवत्ता में सुधार करता है।आवश्यक खनिज तत्वों को संरक्षित रखता है।जल जनित बीमारियों की रोकथाम में कारगर। छतरिया स्कूल के प्रचार डॉक्टर अशोक सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी रालो सपा के जिला अध्यक्ष रोहित कुशवाहा प्रदेश राम दिनेश यादव भाजपा जिला महामंत्री संतोष चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जगह कुशवाहा संतोष सिंह ऋतुराज विनय सिंह अखिलानंद ओझा ददन सिंह राजेश सिंह निजी सचिव सभापति बिहार विधान परिषद आदि उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चे करेंगे छुटे हुए महिला मतदाताओं का सर्वेक्षण

पीरो। नव विवाहित महिलाओं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाली युवतियों व दूसरी ऐसी महिलाएं जिनका नाम किसी कारणवश अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है का पता लगाने के लिए एक नायाब तरीका अपनाया गया है। ऐसे पात्र महिला मतदाताओं का पता लगाने काम अब स्कूली बच्चे करेंगे। दरअसल तरारी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के प्रारुप के अवलोकन के क्रम में यह बात सामने आई है कि यहां पुरुषों के अनुपात में महिला मतदाताओं की संख्या काफी कम है। ऐसे में छूटे हुए महिला मतदाताओं का नाम सूची में जोडने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके लिए स्कूली बच्चों को यह जिम्मेवारी दी गई है कि वे अपने घर व आसपास की ऐसी महिलाओं का पता कर उनका नाम, पिता या पति का नाम संपर्क नम्बर जुटाएंगे ताकि संबंधित बीएलओ उनसे संपर्क कर उनका नाम मतदाता सूची में जुडवा सके । यह अभियान 7 अगस्त से 13 अगस्त तक चलेगा। इसके लिए प्रत्येक दिन विद्यालयों मे आयोजित चेतना सत्र के दौरान शिक्षक बच्चों को इस कार्य के लिए प्रेरित करेंगे व बेहतर कार्य करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पीरो कृष्ण कुमार उपाध्याय के अनुसार अधिक से अधिक ऐसी महिला मतदाता का पता लगाने वाले छात्रों को कुशल छात्र पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा । पीरो अनुमंडल के प्रत्येक प्रखंड से ऐसे एक-एक छात्र को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## शांति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन का उत्सव

आरा । आरा शांति स्मृति संभावना आवासीय उच्च विद्यालय,मझौआ आरा में रक्षाबंधन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी और इस पर्व का महत्व समझाया।डॉ. कुमार द्विजेंद्र का संबोधन*: स्कूल के निदेशक ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है और यह हमारे देश का महान त्यौहार है।डॉ. अर्चना सिंह का संदेश प्रिंसिपल ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षा सूत्र भाइयों के लिए कवच का काम करता है।राखी मेकिंग कार्यशाला*: कला शिक्षक संजीव सिन्हा और विष्णु शंकर ने छात्रों को राखी बनाने की कला सिखाई। इस वर्ष 1120 राखियों का निर्माण किया गया था।विद्यालय की पहल स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें छात्रों को इस पर्व का महत्व और भाई-बहन के प्यार का संदेश दिया जाता है।विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह के आयोजन से छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है.

## जगदीशपुर अनुमंडल पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक




आरा । आरा,जिला पदाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया के निदेशानुसार 197-जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सभी राजनैतिक दलों को 01 अगस्त 2025 से अब तक प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की सूची प्रदान की गई, ताकि वे पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभा सकें एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी, जगदीशपुर तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, जगदीशपुर एवं पीरो एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृति पब्लिक स्कूल में मनाया गया सावन उत्सव

➤ संस्कृति पब्लिक स्कूल के छात्राएं ने सीआरपीएफ जवानों के कलाईयों में बांधी राखी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । आरा,संस्कृति पब्लिक स्कूल में सावन उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जैसे कि मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, राखी बनाना, बिना अग्नि पाक-कला और सावन के कजरी पर नृत्य प्रस्तुति।मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता*: छात्रों ने अपनी कला-कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।राखी बनाओ प्रतियोगिता*: छात्रों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया और राखी बनाने की कला सीखी।बिना अग्नि पाक-कला*: छात्रों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन बनाए और परोसे।कजरी पर नृत्य प्रस्तुतिः छात्रों ने सावन के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।सी.आर.पी.एफ कैंप कोईलवर में रक्षाबंधन का आयोजन विद्यालय की छात्राएं सी.आर.पी.एफ कैंप कोईलवर में तैनात वीर सैनिकों के बीच भाई-बहन के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन मनाने गईं। उन्होंने सैनिकों की कलाई में राखी बांधकर उनको दीघार्यु होने की मंगलकामना की और मिठाइयां खिलाईं।पूर्व एमएलसी डॉ. अजय सिंह ने कहा कि भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति और सभ्यता को बचाए रखने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करना आवश्यक है।डॉ. आलोक सिंह ने भी अपने संबोधन में छात्रों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के आयोजन में भूमिका निभाने वाले शिक्षक और कर्मचारीः *दीपक तिवारी सत्यदेव सिंह डॉ. अमित उपाध्यायरोशन सिंह अनिल सिंह अशोक सिंह अमरेश मिश्रा कुमुदशिवांगी सुरभि विशाल कृतिलक्ष्मी सिंहआफिया सिमरन एजाज विद्यालय की प्राचार्या जकिया यास्मीन ने बच्चों को विशिष्ट प्रदर्शन पर धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को अपने संस्कृति से जुड़ने और सर्वगुण संपन्न होने का अवसर मिलता है.।

## भाइयों की कलाई पर सजेंगी नन्हें हाथों से बनी आकर्षक राखियां

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। सरकारी व निजी विद्यालयों में आयोजित राखी बनाओं प्रतियोगिता में नन्हें हाथों से बनी सुन्दर व आकर्षक राखियां भाइयों की कलाई की शोभा बढाएंगी। स्कूली छात्राओं ने प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक सुन्दर व आकर्षक राखियां बनाकर न केवल अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि यह साबित किया कि आज के भौतिकवादी युग में भी हमारी संस्कृति व परंपरा कायम है। शुक्रवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदर टोला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुलुकुआं, मध्य विद्यालय लोहई,उत्क्रमित मध्य विद्यालय विजन टोला, प्राथमिक विद्यालय मिश्र टोला, प्राथमिक विद्यालय मोहन टोला सहित कई अन्य सरकारी विद्यालयों में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुलुकुआं के प्रधानाध्यापक लोकप्रकाश सिंह व उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदर टोला के प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद की देखरेख में संबंधित विद्यालय की छात्राओं के द्वारा बनाई गई राखियां विशेष आकर्षक का केंद्र रही। इस मौके पर छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखियां बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। पीरो नगर के आरएनबी पब्लिक स्कूल, टीएलएसएम वर्ल्ड स्कूल, सीबीएससी सेंट्रल स्कूल, आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन सहित अन्य विद्यालयों में रक्षाबंधन उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया।

## भोजपुर उप विकास आयुक्त ने संदेश प्रखंड का किया भ्रमण

आरा । गुंजन सिंह, (भा0 प्रे0 से0) उप विकास आयुक्त भोजपुर द्वारा संदेश प्रखंड का भ्रमण किया गया, जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियानअंतर्गत संचालित, अपशिष्ट प्रबंधन इकाई संदेश, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, योजना धूसर जल प्रबंधन हेतु निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मनरेगा द्वारा निर्मित जीविका भवन का लोकार्पण किया गया। पुस्तकालय भवन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत प्रखंड मे चल रहे योजनाओं यथा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की गयी, जिसमें सभी आवास सहायक को निदेशित किया गया कि आवास पणजी मे दैनिक भ्रमण कर संधारण करेंगे।मनरेगा के चल रहे कार्य वृक्षारोपण, मानव दिवस सृजन, खेल मैदान आदि की समीक्षा की गयी।

## गंगा नदी में आई बाढ़ से आरा सदर प्रखंड की जनता डुब रही है और आरा सीओ और बीडीयो फरार : क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के महागठबंधन समर्थित पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान में कहा कि आरा प्रखंड के जमीरा सहित 14 पंचायत बाढ़ से घिर गए हैं.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आज आरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया.उन्होने देखा कि आरा सरैया पथ पर पांच जगह बाढ़ का पानी चढ़ गया है वहीं आरा पैगा रोड़ पर बाढ़ का पानी बह रहा है. आरा सदर प्रखंड के कई दर्जन गांवों के सम्पर्क पथ पर पानी चढ़ गया है ।भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि जब मैं पिरौटा पहुंचा तो लोगों की परिशानी देख कर आरा उ.ड और इ.ऊड को फोन लगाया पता चला कि ये दोनों पदाधिकारी छुट्टी पर हैं तब मैं आरा रऊड को फोन कर कहा कि जगवलिया, पिपरा जयपाल,नागोपुर, चौमुखा, पीरौंटा,देवी, मोहनपुर,पलट,बरजा सहित सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव की व्यवस्था की जाय.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने गरीबों के बीच त्रिपाल की यथाशीघ्र व्यवस्था की जाय.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के बीच सुखा खाना चुड़ा,चना,सत्तू,गुड ,पियाज नमक,मिर्च, और कैण्डिल का शीघ्र वितरण हो. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने दूरभाष पर जिला पदाधिकारी तथा आपदा प्रबंधन पदाधिकारी से कहा कि आरा सी.ओ.और बी.डी.ओ.जनता जब बाढ़ से तंगो-तबाह है वे मर रहे है और ये पदाधिकारी नीतीश भाजपा राज में मस्त हैं और छुट्टी मना रहे है ।

## अवसीय विद्यालय में मना हरियाली संग सावन दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । आरा,एक संस्था जो संस्कार निर्माण एवं अनुशासन कायम रखने में जिले में अव्वल मानी जाती रही है तथा साथ ही साथ बच्चों की छिपी प्रतिभा को अत्यंत कम समय में ही उभार कर सामने लाने में सवार्दा अग्रणी रही है वह है आरा बक्सर मार्ग पर अवस्थित शिक्षा जगत की एक अग्रणी संस्था ज्ञान ज्योति अवसीय विद्यालय। यह अद्भुत संस्था पठन पाठन के साथ साथ समय के अनुसार सकारात्मक क्रियाकलापों को महत्व प्रदान करने मे सदा से तत्पर रही है। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बामपाली स्थित विद्यालय प्रांगण में आज एक अद्भुत और मनमोहक प्रस्तुति दी। सावन की हरियाली और भगवान शंकर और माता पार्वती के लिए इस सावन के महत्व को बच्चों ने शिव और पार्वती के साथ साथ शिव के भक्त काँवरियों का रूप धर कर एवं शिव के विभिन्न गणों के रूप में सजकर अपनी प्रस्तुति दी। हरे हरे परिधानों में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने भी इन बच्चों के साथ जमकर सावन सह हरियाली दिवस मनाया। दर्शक दीर्घा मे बैठे बच्चों ने तो भोले शंकर के गीत पर नृत्य भी करना शुरू कर दिया। उस समय तो लगा जैसे सभी कैलाश पर्वत पर पहुंच कर आराध्य भगवान शिव और माता पार्वती के समक्ष मंत्र मुग्ध हो गये ।

इस कार्यक्रम ने अपने आप में एक बड़ा ही मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया। जिसने भी देखा बस देखते ही रह गये। मृग छाल वस्त्र और व्याघ्र छाल वस्त्र पहने जटा धारी बन चन्द्रमा को सर पे धारण कर, हाथ में त्रिशूल और डमरू तथा गले मे सर्प के रूप को पहने बच्चे भोलेनाथ के रूप में मनमोहक लग रहे थे।

## अगिआंव विधानसभा के संभावित प्रत्याशी के संयोजन में बिहार बदलाव सभा का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत चरपोखरी बाजार स्थित बबुआन मार्केट में जन सुराज पार्टी के अगिआंव विधानसभा से संभावित प्रत्याशी वरुण देव के संयोजन में बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया। सभा को लेकर कई दिनों से जोरदार तैयारी भी की जा रही थी।आयोजित बिहार बदलाव बदलाव सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभय सिंह व संचालन अनुमंडल अध्यक्ष विष्णु शंकर पांडेय ने किया वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथागत हर्ष,शाहपुर विधानसभा के सम्भावित प्रत्याशी डॉ पदमा ओझा शामिल हुए।सभा में शिक्षा,स्वास्थ्य,पलायन और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।जन सुराज के संभावित उम्मीदवार वरुण देव ने बताया कि वे प्रशांत किशोर के बिहार से पलायन रोकने और राज्य में ही रोजगार सृजन के विचारों से प्रवाहित होकर जन सुराज से जुड़े हैं।वहीं मौके पर चरपोखरी प्रखंड किसान अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह,रोहतास चुनाव प्रभारी कमलेश सिंह कमल,सलमा बेगम,रंजन ओझा,सुदामा सिंह,भोला सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने मनाया रक्षाबंधन का उत्सव



प्रातः किरण संवाददाता

पीरो ( आरा )। डीएवी जीडी अनिल पांडेय पब्लिक स्कूल में एक से आठवीं कक्षा के छात्रों ने रक्षाबंधन पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से सुंदर राखियां बनाईं और स्कूल के अन्य छात्रों को राखी बांधकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य शनि सिंह ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि यह पर्व हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते को मजबूत करता है। उन्होंने छात्रों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों को समझने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर शिक्षिकाएं अंजली, निशी, तनू प्रिया ,शिवानी आकांक्षा ,समेत कई अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ रक्षाबंधन से जुड़ी बातें साझा कीं और उन्हें पर्व की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/17 दानापुर, दि. 05.08.2025
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:– **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** दानापुर मंडल के अंतर्गत खुसरूपुर (KOO) और जमुई (JMU) यार्ड में डीसी–ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) के प्रवधान हेतु कार्य। **2. अनुमानित लागत:** रुपये 46741695.51 **3. बयाना राशि:** रुपये 383700.00 **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 27.08.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 27.08.2025 को 15.00 बजे। **6 वेबसाइट विवरण:** http://www.ireps.gov.in **7 कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त बेवसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जायेगा।
मं सं० एवं दूर सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल,./दानापुर
कृते भारत के राष्ट्रपति
पीआर/0730/डीएनआर/सिंग. एवं दूर/टी/25–26/40

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा नोटिस
सं०– 23 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं०–13–डीडीयू–व०मं०इंजी०–|–25–26**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू डिवीजन में लेवल क्रॉसिंग पर मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 37054601.46, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 335300.00, **(iv) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 27.08.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**
**नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**
मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0731/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/28

# औरंगाबाद में दो एकड़ में 25 करोड़ से बना आधुनिक राइस मिल का हुआ उद्घाटन

## राज्य सरकार के उद्योग नीति का लोगों को मिल रहा है लाभ

■ स्थानीय स्तर पर रोजगार पैदा कर रही है सरकार

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद । राज्य सरकार द्वारा बनाई गई उद्योग नीति का लाभ लोगो को मिल रहा है। उक्त बातें बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने औरंगाबाद में एक आधुनिक राइस मिल के उद्घाटन के मौके पर कहा। डॉ. कुमार गुरुवार देर शाम औरंगाबाद स्थित औद्योगिक क्षेत्र में ह्लसीता एग्रो फूड प्रोडक्टह्व नामक आधुनिक राइस मिल का उद्घाटन करने पहुचते थे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, किसानों, व्यापार मंडल के सदस्यों एवं पैक्स पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि दो एकड़ भूमि पर स्थापित यह अत्याधुनिक राइस मिल 8 टन प्रतिघंटा की उत्पादन क्षमता के साथ करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित की गई है। यह इकाई न केवल औरंगाबाद जिले के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि पैक्स एवं स्थानीय व्यापार मंडल के लिए भी सहायक होगी। किसानों को अब अपनी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त होगा और उन्हें बाहर के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डॉ. कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार द्वारा उद्योग एवं कृषि के समन्वित विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सहकारिता विभाग द्वारा पैक्स का आधुनिकीकरण कर उन्हें बहुउद्देश्यीय सेवा केंद्रों में बदला जा रहा है, जिससे किसान, उपभोक्ता एवं व्यापारी तीनों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पैक्स अब केवल अनाज भंडारण या वितरण का केंद्र न रहकर प्रसंस्करण, विपणन, मूल्य संवर्धन और निर्यात जैसे कार्यों में भी भागीदार बन रहे हैं। ऐसे में ह्लसीता एग्रो फूड प्रोडक्टह्व जैसे उद्योग, पैक्स के साथ साझेदारी कर स्थानीय स्तर पर कृषि आधारित उद्योग को प्रोत्साहन दे रहे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि बिहार में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार उद्योग नीति के तहत अनेक रियायतें एवं प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है। कृषि आधारित उद्योगों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जा रही है ताकि गांव-गांव में रोजगार के अवसर सृजित हों और किसान आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम के अंत में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने ह्लसीता एग्रो फूड प्रोडक्टह्व के प्रोपराइटर एवं पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह राइस मिल आने वाले समय में औरंगाबाद के साथ-साथ बिहार की कृषि प्रगति में एक मील का पत्थर साबित होगी।वहीं मौके पर प्रो. सीता कुमारी,संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां मगध विद्याभूषण मिश्रा,जिला सहकारिता पदाधिकारी औरंगाबाद मनोज चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी,पूर्व जिला अध्यक्ष पुरूषोतम सिंह, नीकेश कुमार,अनिल कुमार,सतेंद्र कुमार,अनिल सिंह,रणजीत चंद्रवंशी सहित अराम केवल सिंह, जुगल किशोर सिंह, दीपक कुमार, विजय प्रसाद निराला, रामानुज पांडेय, सुनील शर्मा, अशोक पांडेय, इंद्रदेव यादव, अरविंद सिंह, नीरज कुमार, टूना प्रसाद गुप्ता, मधेश्वरब चंद्रवंशी,विनोद शर्मा चंदन सिंह आदि मौजूद रहें।

# पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से 25 किलो गांजा के साथ उड़ीसा की महिला तस्कर गिरफ्तार

➤ भुवनेश्वर से डेहरी आन सोन ले जा रहे गांजे की खेप को आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के मॉनिटरिंग में आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा ने की कार्रवाई

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी ( पूर्व मध्य रेल के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गोमो आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा के नेतृत्व में ऑपरेशन नार्कोस के तहत चलाये जा रहे सर्च अभियान में करीब 3 लाख,77 हजार 350 रुपये अनुमानित मूल्य के 25.150 किलोग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद की गई है। गांजा तस्करी में शामिल एक महिला को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया है। रेल सूत्रों ने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के मॉनिटरिंग में गोमो आरपीएफ की टीम व जीआरपी की संयुक्त टीम ने 12801 पुरी -नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में चंद्रपुरा से गोमो के मध्य चेकिंग के दौरान सामान्य कोच से एक सन्दिग्ध महिला को देखा गया है। उसके पास से रहे एक सफेद झोला, 02 ब्लू रंग के पिट्ठू बैग व एक ब्लू रंग का ट्रॉली बैग की जांच करने पर 13 पैकेट मिला। पैकेट खोलकर जांच करने पर उसमें गांजा बरामद हुआ है। बरामद गांजा की कुल वजन 25.150 किलोग्राम है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम व पता मानिनि नायक पिता पानतोल परिचा पता ग्राम बुढ़ेरगी पोस्ट करपोबारी थाना मोहना जिला गजपति उड़ीसा बतायी है। उसने स्वीकार किया कि उक्त बैग में गांजा है जिसे मैं भुवनेश्वर से लेकर चढ़ी थी तथा डेहरीऑन सोन में किसी को सुपुर्द करना था। इस घटना की सूचना वरीय अधिकारी को दी गई। कार्रवाई करने वालेबतिम में आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा,मो० शाकिब आलम, आनंद आलोक राधा कुमारी,विनोद सिंह,प्रभात सिंह, नवीन कुमार,अमित कुमार, सुनील कुमार यादव सभी आरपीएफ के अधिकारी व जवान तथा रेल पुलिस की टीम में शाहजहां खां,वाल्मीकि पाठक शामिल थे। आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार ने बताया कि रेलवे में नशीला पदार्थ की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान तेज किया गया है। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आरपीएफ को काफी अलर्ट किया गया है। इसमें बड़ी सफलता मिल रही है। उन्होंने बताया कि गोमो में गांजे की खेप की बरामदगी व तस्कर की गिरफ्तारी काफी सराहनीय ड्यूटी है। इस कार्य में शामिल टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिन कोडरमा आरपीएफ की टीम, डेहरी आन सोन आरपीएफ की टीम ने भी ट्रेन से गांजे की खेप को पकड़ा था।

# स्कूल में मनाया गया भाई बहनों का पर्व रक्षा बंधन




प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल में रक्षा बंधन के मौके पर शुक्रवार को फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम एवं रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त दौरान स्कूली छात्राओ ने छात्रों के हाथों पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई और शुभकामना दिया। उक्त दौरान स्कूली छात्राओं में अनुष्का कुमारी अंजली कुमारी अंकिता कुमारी प्रिया कुमारी सृष्टि कुमारी आदि ने विद्यालय के सभी बड़े एवं छोटे छात्रों को राखियां बांधकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। राखी बांधकर हुए चंदन टीका किया एवं रेशम के धागे से बना रखी को बांधा वहीं एक दूसरे को शपथ लेते हुए सहयोग करने एवं सहायता करने की भी शपथ ली, उक्त दौरान विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार मिश्रा ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का अटूट प्रेम का यह बंधन होता है जिसमें बहन काफी श्रद्धा से अपने भाई के हाथों पर राखी बांधती हैं और उनसे आशीर्वाद देती हैं यह त्यौहार वर्ष में एक बार आता है जो अपने भाई-बहन क्या टूट रिश्ते को निभाता है बतला दे की अपने बहन सुभद्रा को श्री कृष्णा भी बचाएं थे उसी तरह यह रेशम के धागे से बने राखी को बहन अपने भाई के कलाई पर बांधते हैं और मिठाई खिलाते हैं वही भाई भी बहन को उपहार के तौर पर देते हैं,

उक्त दौरान विद्यालय के शिक्षक अखिलेश कुमार, इम्तियाज आलम, तलत प्रवीण,वर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, तंजिला मैसर, स्नेहा कुमारी, टुनटुन कुमार समेत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं भी शामिल थे

# विकसीत भारत के निर्माण में प्रजातंत्र की अन्तिम कड़ी जब सशक्त होगी तो विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा: प्रोफेसर अश्विनी कुमार

➤ नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान आने पर मेयर, नगर आयुक्त, डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षदों को बधाई दिया

प्रात : किरण संवाददात



गया जी: सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास प्रधानमंत्री का यह आह्वाहन गया जी के नगर निगम ने चरितार्थ कर दिखाया. यही कारण है कि गया जी नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट (२०२४-२५) में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए बिहार में प्रथम और भारत में २७ वाँ स्थान प्राप्त हुआ जबकि राम की जन्मभूमि अयोध्या का २८ वाँ स्थान है।यह बातें संस्थापक श्रृष्टि महिला स्वाभिमान ट्रस्ट के प्रोफेसर अश्विनी कुमार ने कही. समावेशी एवम सतत विकास का यह विकास मॉडल का ही परिणाम है कि नगर निगम ने यह स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि का श्रेय निगम के मेयर, डिप्टी मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर, वार्ड पार्षद और सफाई कमीर्यों को जाता है. प्रबंधकीय कौशल से शहर में कॉपोर्रेट कल्चर की शुरूआत हुआ. विकसीत भारत के निर्माण की इस यात्रा में प्रजातंत्र की अन्तिम कड़ी जब सशक्त होगी तो विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा।गया जी में विश्व प्रसिद्ध मेला शुरू होने वाला है जहाँ देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में पिंडदानी अपने पितरों की तर्पण हेतु गया जी आते हैं, जिसकी तैयारी प्रशासन द्वारा किया जा रहा है.

इसी कड़ी में मेला क्षेत्र में रामसागर तालाब चांद चौरा जहाँ पर बहुत संख्या में धर्मशालाए और धार्मिक स्थल हैं जहाँ पिंडदानी पूजा अर्चना करते हैं, दुर्भाग्य वश तालाब परिसर के अंदर लाइट की व्यवस्था सम्पूर्ण नहीं है. प्रसाशन से निवेदन है कि कृपया कर तालाब परिसर के आसपास सम्पूर्ण बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि यात्रीयों को परेशानी ना हो.

## इनर व्हील क्लब सनराइज, द्वारा शिविर में महिलाओं का गर्भावधि जांच, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच की गई

गया जी।इनर व्हील क्लब सनराइज,गया, द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, रामपुर बोधगया में एक सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का नेतृत्व क्लब की अध्यक्ष डॉ. निभा जयन ने किया है। उनके साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया शाही एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वर्णलता भी उपस्थित रहीं हैं।शिविर में महिलाओं का गर्भावधि जांच, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन आदि की जांच की गई एवं उसी समय रिपोर्ट भी प्रदान की गई है। इसके साथ ही बच्चों का वजन भी मापा गया है।डॉ. प्रिया शाही ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था की पूरी अवधि में देखभाल कैसे करें, इस विषय में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्या करना चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए। उनका यह मार्गदर्शन महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी रहा।क्लब की सदस्यों द्वारा ह्लस्वस्थ माँ - स्वस्थ शिशुह्व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए हैं।काफी संख्या में महिलाओं एवं बच्चो ने इस चेक-अप कैंप कार्यक्रम का लाभ उठाया है।यह कार्यक्रम क्लब की परिवार कल्याण श्रेणी में एक सफल पहल सिद्ध हुआ, जो समाज में महिला एवं बाल स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक जरूरी कदम साबित हुआ है।

## शुक्र गुलजार शनि बहार में शिखा भारद्वाज की शानदार प्रस्तुति

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्र गुलजार शनि बहार कार्यक्रम के निमित्त शिखा भारद्वाज की शानदार प्रस्तुति हुई। दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉक्टर रविंद्र कुमार के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि औरंगाबाद भाजपा के जिला प्रवक्ता सह वैश्य समागम के जिला संयोजक योगाचार्य जितेंद्र गुप्ता की गर्म में उपस्थित रहे मशहूर लोक गायिका शिवांगी सिंह के संचालक तत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी समाज से ही बसंत मिश्रा ने विशेष सहभागिता निभाई सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई और शिखा भारद्वाज ने मां शारदे मां शारदे अवगुण हमारी तार दे एवं भजन तुम उठो सिया श्रृंगार करो अब धनुष राम को तोड़ा है की शानदार प्रस्तुति दी।उनकी प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में बैठे लोग भाव विभोर हो गए।डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि यह संगीत के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतरीन प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से मगध के सात जिले इसमें अपनी प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने के लिए शामिल करते हैं।मुख्य अतिथि जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि संगीत एक ऐसी विधा है जो जीवन में एक नई राह दिखाने के साथ-साथ रोजगार एवं कैरियर की भी संभावना को बरकरार रखने में सहायक सिद्ध होती है। यदि जीवन में विशेष सफलता प्राप्त करनी हो तो शिक्षा के साथ-साथ संगीत की कला को भी अपनाया जाए तो बेहतरीन अवसर की प्राप्ति हो सकती है।मौके पर रवि शंकर, संगीत शिक्षक वेद प्रकाश, मोहित सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज नवम ने हत्या के आरोपी को दिया दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज नवम पंकज पांडेय ने बारूण थाना कांड संख्या -179/20, एसटीआर -60/21, 198/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए काराधिन अभियुक्त राजू प्रसाद गुप्ता खजुरी फार्म बारूण को भादंवि धारा -302 और आर्म्स एक्ट की धारा -27 में दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 21 अगस्त 25 निर्धारित किया गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त 11 सितंबर 20 से जेल में बंद हैं। प्राथमिकी सूचक शिवपूजन चौधरी खजुरी फार्म बारूण ने प्राथमिकी में बताया था कि 01 सितंबर 20 को शाम 5:30 बजे अपने पुत्र ओमप्रकाश चौधरी के साथ अपने घर पर था तब अपने दो अन्य सहयोगी के साथ अभियुक्त घर पर आया और पिस्तौल लहराते हुए घर में घुसकर ओमप्रकाश चौधरी को गोली मारकर हत्या कर दी घटना के बाद अभियुक्त भागने में सफल हुए सूचक ने कहा था कि मेरे पुत्र का गांव में एक महिला से अवैध संबंध था जिससे अभियुक्त नाराज था, अभियुक्त के खिलाफ आरोपपत्र 30 नवम्बर 20 को आया था अभियुक्त पर आरोप गठन 17 मार्च 2021 को हुई थी अभियुक्त के घर से देशी कट्टा और खाली खोखा बरामद किया गया था।

## जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में विधिक सहायता क्लीनिक का किया गया उद्घाटन

गया जी।नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर आज जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय, गया में विधिक सहायता क्लीनिक का उद्घाटन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुरूआत अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार दास , जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी सेवानिवृत्ति विंग कमांडर संदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## खाध प्रतिष्ठानों में 06 प्रतिष्ठानो का निरीक्षण कि दौरान 08 संदिग्ध मिठाई का नमूना संग्रह किया गया

गया।रक्षा बंधन के अवसर पर खाद्य प्रतिष्ठानो में आज दिनांक 08.08.2025 को गया में स्थित कुल 06 प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया एवं कुल 08 संदिग्ध मिठाई का नमूना संग्रह किया गया जिसका विवरणी निम्न हैः-

एम0 के0 अग्रवाल स्वीट्स, कण्डी नवादा पटना गया रोड, गया के प्रतिष्ठान से खोवा बर्फी का नमूना संग्रह किया गया है।

बिठल स्वीट्स कण्डी नवादा पटना गया रोड, गया के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना संग्रह किया गया।

वंदना स्वीट्स एण्ड नमकीन, पिर मंसुर जी0 बी0 रोड, गया के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना संग्रह किया गया है।

जैन स्वीट्स एण्ड नमकीन शहीद रोड, चौक गया के प्रतिष्ठान से आइसक्रिम बर्फी एवं काजु बर्फी का नमूना संग्रह किया गया है।

कृष्णा मिष्ठान भंडार, शहीद रोड, गया के प्रतिष्ठान से लड्डू का नमूना संग्रह किया गया है।प्रमोद लड्डू भंडार भेज प्लाजा पपरिका, नियर किरण टॉकिज, चौक टावॅर, गया के प्रतिष्ठान से वनस्पति पापड़ी एवं खिर मोहन, छेना मिठाई का नमूना संग्रह किया गया है। सभी नमूनो की गुणवता की जॉच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, पटना भेजा जा राह है, जॉच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत जॉच प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्यवाई कि जायेगी।

# आरजीएन पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।शेरघाटी एवं गया स्थित आर.जी.एन. पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे और रक्षाबंधन पर्व का संयुक्त आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया है। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने हरे रंग के परिधान पहनकर विद्यालय परिसर में हरियाली का संदेश दिया। बच्चों ने हरे रंग की वस्तुएँ लाकर एक-दूसरे को उनके महत्व के बारे में बताया है।

रक्षाबंधन समारोह के तहत छात्राओं ने रंग-बिरंगी एवं हस्तनिर्मित राखियाँ बनाकर अपने सहपाठियों को बाँधी और भाई-बहन के स्नेह एवं रक्षा के पवित्र बंधन का महत्व समझाया है। विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, कविता और नृत्य शामिल थे।

विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के संवर्धन का संदेश देते हुए ऐसे आयोजनों को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

# श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में हुआ ग्रीन डे का आयोजन



➤ हरा रंग जहाँ स्मृद्धि का प्रतीक है वहीं हमारी आंखों को भी सकून देता है : प्राचार्य

प्रातः किरण संवाददाता

गयाजी। शहर के नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में ग्रीन डे एवं फ्रूट व वेजेटेवल डे समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूरे विद्यालय परिसर को हरे रंग के गुम्वारे एवं हरे रंग के पत्तियों से सजाया गया। सभी बच्चे एवं शिक्षिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हरे रंग के परिधान डालकर विद्यालय पहुंचे। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर और आकर्षक पौधों, पत्तियों, हरे गुब्बारों, खिलौनों आदि से मनमोहक दृश्य बनाकर प्रकृति का को बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर बच्चों ने पेंटिग के माध्यम से हरे रंग के फल, सब्जियों का दृश्य बनाया।वहीं बच्चों को फल एवं सब्जियों को दिखाकर उसके महत्व एवं उससे प्राप्त होने वाली एनर्जी के बारे में भी बताया गया। शिक्षिकाओं बच्चों को बताया कि हमे हमेशा हरे साग सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से हमारे आंखों की रोशनी अच्छी रहती है। हमारे शरीर को ऊर्जा मिलती है। वहीं नन्हे मुन्हे बच्चों ने विभिन्न तरह के फल जैसे आम, अमरूद, नासपाती, खीरा, पपीता के साथ सब्जियों के सलाद बना कर अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या पूनम सिन्हा ने कहा कि हम अपनी प्रकृति का सम्मान करने और उसका जश्न मनाने के लिए ग्रीन डे मनाते हैं।

प्रकृति हमें हमेशा वो चीजें प्रदान करती है जो कोई भी हमें कभी नहीं दे सकता है। हरा रंग जीवन, प्रकृति और ऊर्जा का रंग है। यह विकास और समृद्धि से जुड़ा है। यह घास, पत्तियों और हमारी माँ पृथ्वी का रंग है। हरा रंग जीवन, विकास और उर्वरता का भी प्रतीक है। हरा रंग जहाँ स्मृद्धि का प्रतीक है वहीं हमारी आंखों को भी सकून देता है। पूरा कार्यक्रम प्राचार्या पूनम सिन्हा के दिशा निर्देशन में व उप प्राचार्या रूपा गुप्ता एवं मैनेजमेंट हेड राखी राज के देख रेख में किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# प्रधानमंत्री के अभियान को हर देश वासियों से निवेदन है हर घर तिरंगा अवश्य फहराये : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हम सभी भारतीयों के लिए गर्व, सम्मान और देशभक्ति का पर्व है। इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने सभी देश वासियों से आग्रह किया कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के प्रेरणा स्रोत से शुरू किया गयाह्लहर घर तिरंगाह्व घर-घर तिरंगा जन आंदोलन के रूप में ले लिया है जन आंदोलन के तहत इस अभियान मैं शामिल होते हुए स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने-अपने घर पर तिरंगा अवश्य लगाए। यह कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और एकता का प्रतीक है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत की आजादी के 78 वर्षों बाद यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम तिरंगे को न केवल सम्मान दें, बल्कि उसे अपने घरों पर फहराकर आने वाली पीढ़ी को देशभक्ति का संदेश दें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से पूरे देश में एकजुटता, अखंडता और राष्ट्रीय गर्व की भावना प्रकट होगी।डॉ. मनीष मिश्रा ने आम जनता, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से आग्रह किया कि वे इस आजादी के पर्व को एक उत्सव के रूप में मनाएं और अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों तथा मोहल्लों में तिरंगा अवश्य फहराएं। यह अभियान न केवल देशप्रेम को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज को जोड़ने का कार्य भी करेगा।उन्होंने कहा कि ह्लआइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने-अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराएंगे, भारत माता की जय बोलेंगे और वंदे मातरम्‌ के जयघोष से आकाश गुंजायमान करेंगे।तिरंगा मात्र एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आजादी, आत्मसम्मान और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है। यह उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्मरण कराता है।

# मगध विश्वविद्यालय में व्यावसायिक एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों की नामांकन प्रक्रिया पर हुई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

बोधगया मगध विश्वविद्यालय परिसर स्थित संचालित विभिन्न व्यावसायिक एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में नामांकन की स्थिति, उसके समक्ष उपस्थित चूनौतियाँ और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन कुलपति प्रो एसपी शाही की अध्यक्षता में किया गया है। यह महत्वपूर्ण बैठक विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के सभागार में संपन्न हुई।बैठक की शुरूआत में कुलपति ने सभी पाठ्यक्रम प्रभारी एवं समन्वयकों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है, और विश्वविद्यालय इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। बैठक में मुख्य चर्चा नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा की गयी है। यह देखा गया कि कुछ पाठ्यक्रमों में अपेक्षित संख्या में छात्रों का नामांकन नहीं हो पा रहा है

इस पर विस्तृत चर्चा की गई कि किन कारणों से यह स्थिति उत्पन्न हो रही है ?छात्रों की संख्या बढ़ाने हेतु मार्केटिंग रणनीतियों पर चर्चा की गई है। डिजिटल प्रचार, सोशल मीडिया कैंपेन और लोकल नेटवर्किंग को प्रमुख माध्यमों के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया को और सरलता करने का सुझाव दिया गया तथा कहा गया कि नामांकन प्रक्रिया को अधिक सरल, ऑनलाइन और छात्र अनुकूल बनाया जाए ताकि



दूर-दराज के छात्र भी सहजता से आवेदन कर सकें।स्थानीय संस्थानों से समन्वय बनाने की बात कही गई है। स्थानीय उद्योगों और संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और प्रायोगिक ज्ञान की व्यवस्था पर बल दिया गया है।विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए कैरियर काउंसलिंग, वर्कशॉप, सेमिनार एवं जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई गई है। कुलपति प्रो एसपी शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए भी निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने सभी अधिकारियों से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया है।इस महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो ब्रजेश राय, सीसीडीसी डॉ संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो उपेंद्र कुमार, समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो आरएस जमुआर और व्यावसायिक एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रभारी तथा समन्वयक उपस्थित रहे हैं। सभी ने अपने-अपने विभागों की स्थिति पर प्रकाश डाला और उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए हैं। इस बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन प्रो उपेंद्र कुमार ने किया, जिसमें सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की गई और प्रस्तावित सुझावों को क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया है।

# एसएसपी ऑफिस में तैनात दारोगा अनुज कश्यप ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी: गया पुलिस के मीडिया सेल में तैनात दारोगा अनुज कश्यप ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। वह मूल रूप से सहरसा के बनगांव थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। अनुज एसपी कोठी से महज 300 मीटर दूर किराए के मकान में रहते थे। बताया जा रहा है कि अनुज 2019 बैच के दरोगा थे। उन्हें 2022-23 में गया जिले में पोस्टिंग मिली थी।

बुधवार रात वह देर से कमरे पर लौटे थे। इसके बाद सुबह जब मीडिया सेल के अन्य कर्मियों ने उन्हें फोन किया तो कॉल रिसीव नहीं हुआ है। 9 बजे पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे। दरवाजा खटखटाया गया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला है। मकान मालिक से सीढ़ी मंगवाकर वेंटीलेटर से झांका गया तो अनुज को फंदे से लटका पाया गया है।

इस संबंध में रामपुर थाना प्रभारी दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही शव को नीचे उतारा जाएगा। इस बीच पुलिस और फॉरेंसिक टीम जरूरी जांच में जुटी है। अनुज की शादी दो साल पहले हुई थी। पत्नी इस समय दिल्ली में है और पांच महीने की गर्भवती है। वह वहां रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही है। मौत की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# डीएम के जनता दरबार में पहुंचे 16 फरियादी



**प्रातः किरण संवाददाता**

अरवल।जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 16 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अतिक्रमण, मजदूरी, आवास योजना, एसीपी भुगतान, भू समाधान, पेयजल योजना, सामान्य शाखा, अनुमंडल कार्यालय, अनुमंडल पुलिस कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शिक्षा विभाग, पीएचईडी विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम बलौरा निवासी सुमित्रा देवी द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानी स्व० करीमन सिंह के आश्रित को पेंशन नहीं मिल रही है तथा केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन प्राप्त हो रही है। बिहार सरकार की पेंशन चालू करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा सामान्य शाखा अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम जलपुरा निवासी बलीराम कुमार द्वारा बताया गया कि मुझे राजस्व विभाग द्वारा बंदोबस्त भूमि की प्राप्ति हुई है तथा मेरे घर के आस-पास हाथी चापाकल नहीं है जिसे सार्वजनिक लोगों को पानी की काफी दिक्कत हो रही है। हाथी चापाकल लगवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पीएचईडी विभाग अरवल एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। वहीं अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम मोथा निवासी लक्ष्मीनिया देवी द्वारा बताया गया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास निर्माण हेतु आवंटित राशि की गई थी, जिसे वरीय पदाधिकारी द्वारा मेरे खाता में नहीं भेजकर दूसरे के खाता में भेज दी गई है। इस राशि की जाँच करवाते हुए मुझे आवास योजना के तहत मिलने वाली राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अरवल को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

# पिपरा घाट पुल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी, कार्रवाई के दिये निर्देश

**प्रातः किरण संवाददाता**



मधुबनी। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने गुरुवार को देर शाम पिपरा घाट पुल निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्यपालक अभियंता, पुल निर्माण निगम को संबंधित संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।

मौके पर उपस्थित आमजनों द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर संभावित भीड़ को देखते हुए रैंप निर्माण की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने सतघरा पंचायत में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। नल-जल योजना के निरीक्षण में उन्होंने पाया कि निजी भूमि विवाद के कारण योजना अभी तक पूर्ण रूप से क्रियान्वित नहीं हो सकी है। इस पर उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विवाद का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने बाबूबरही-सतघरा सड़क की जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बाढ़ नियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का आकलन करते हुए जिलाधिकारी ने राजकीय मध्य विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय तथा संस्कृत उच्च विद्यालय, सतघरा का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से सीधा संवाद स्थापित कर पठन-पाठन की जानकारी ली। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रसोइयों के मानदेय का शीघ्र भुगतान, मीना मंच तथा छात्र संसद के गठन पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया। संस्कृत उच्च विद्यालय में शिक्षक व छात्रों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए भवन और भूमि के उपयोग को लेकर विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की गई है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन, गौ सदन एवं प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। खुटौना स्थित पंचायत सरकार भवन का निर्माण कर उन्होंने स्थानीय क्षेत्र संगठन-2 के कार्यपालक अभियंता को इसका शीघ्र हस्तांतरण पंचायती राज विभाग को सुनिश्चित कराने को कहा। कारमेघ पश्चिमी पंचायत में निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। लौकही प्रखंड स्थित गौ सदन के सीमांकन एवं चारदीवारी निर्माण के लिए बीडीओ एवं सीओ को तत्काल पहल करने को कहा गया। वहीं प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र की भूमि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अग्रेतर प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को क्षेत्रीय भ्रमण कर जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का आकलन कर रहे हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जा सके।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की तत्परता,उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को दिए त्वरित राहत उपलब्ध कराने के निर्देश



➤ उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह,भाजपा नेता हिमांशु पटेल समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रों का किया दौरा

**प्रातः किरण संवाददाता**

लखीसराय !बड़हिया प्रखंड अंतर्गत खुटहा डीह, चेतन टोला एवं लाल दियारा गांव इन दिनों बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहे हैं। जनजीवन अस्त-व्यस्त है, सड़कों पर पानी एवं घरों में घुसा बाढ़ ने आमजन की परेशानियों को बढ़ा दिया है।

इस विकट परिस्थिति को देखते हुए बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दूरभाष के माध्यम से स्वयं स्थिति का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद एसडीएम लखीसराय,सीओ बड़हिया तथा पंचायती प्रतिनिधियों से संवाद कर राहत सामग्री के त्वरित वितरण का निर्देश दिया।इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, भाजपा जिला मंत्री हिमांशु पटेल समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ स्थिति का जायजा लिया और हर संभव मदद सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को संज्ञान में लिया, और तत्काल राहत सामग्री की व्यवस्था प्रारंभ की गई।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा जी ने कहा,एनडीए सरकार जनता के हर सुख-दुख में साथ खड़ी है। बाढ़ जैसी आपदा में भी हम अपने प्रत्येक नागरिक तक राहत पहुंचाने हेतु पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। भाजपा नेतृत्व व प्रशासन की तत्परता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता की सेवा, हमारी प्राथमिकता है !

# कार्यपालक अधिकारी ने डोभी नगर पंचायत वासियों से होल्डिंग टैक्स जमा करने का किया आग्रह

**प्रातः किरण संवाददाता**



डोभी, गयाजी, बिहार संज्ञान दृष्टि : नगर पंचायत डोभी के कार्यपालक अधिकारी सुश्री कनिका राज ने ग्रामीणों से होल्डिंग टैक्स जमा करने का आग्रह किया है। होल्डिंग टैक्स का मुख्य उद्देश्य सुविधा देना है। टैक्स की मदद से नगर निकायों का भी विकास होता है।नगर विकास सह आवास विभाग के निर्देश के आलोक में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सर्किल रेट के अनुसार तय नियमों के तहत सभी होल्डिंग धारको को होल्डिंग टैक्स की राशि देनी होगी।

होल्डिंग टैक्स क्यों लिया जाता है?

होल्डिंग टैक्स का उपयोग स्थानीय सुविधाओं जैसे कि सड़कें, पार्क, जलापूर्ति, और कूड़ा-कचरा प्रबंधन इत्यादि के लिए किया जाता है।होल्डिंग टैक्स क्या होता है ? होल्डिंग टैक्स एक प्रकार का स्थानीय कर है जो संपत्ति के मालिकों से लिया जाता है। यह कर सामान्यतः नगर निगम या नगर पालिका द्वारा लगाया जाता है।नगर पंचायत डोभी के अध्यक्ष चेयरमैन मथुरा यादव ने अपने सभी वार्ड सदस्यों के साथ होल्डिंग टैक्स जमा कर टैक्स जमा करने का शुरूआत कर दी है।

मथुरा यादव ने बातचित में बताया कि नगर पंचायत डोभी के विकास के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। निकाय की विकास के लिए जो भी उचित होगा वो किया जाएगा आगे उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य विकास में अपना योगदान देने के लिए हर पल तैयार हैं। कार्यपालक अधिकारी के साथ मिलकर हम सभी विकास के लिए हर असंभव कार्य को संभव कर लेंगे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता प्रतिभा



अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक प्रभारी अलीशा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक भावना के साथ अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रिया कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सीवी कुमारी, सोनम भारती, काजल कुमारी, श्रुति कुमारी, आदित्य कुमार, साक्षी कुमारी, नंदनी कुमारी, अनन्या कुमारी, पवन कुमार, पुष्प, शिवम और अंकित ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों और सजावटी सामग्रियों से आकर्षक राखियों का निर्माण कर दर्शाया कि पारंपरिक त्योहारों में भी रचनात्मकता और नवाचार का समावेश किया जा सकता है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी बच्चों की सराहना की गई और प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। शिक्षक प्रभारी अलीशा कुमारी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों की कला और सृजनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति उनमें सम्मान का भाव भी विकसित करती हैं। विद्यालय के निदेशक और प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।

# रक्षा सूत्र से सजी प्रशासनिक संवेदना, स्कूल की छात्राओं ने जिलाधिकारी को बाँधी राखी



मधुबनी। मधुबनी,रक्षाबंधन के पावन अवसर पर संत जेवियर विद्यालय, राटी, मधुबनी की छात्राएं शुक्रवार को समाहरणालय पहुँचीं, जहाँ उन्होंने मधुबनी के जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा की कलाई पर राखी बाँधकर भाई-बहन के इस प्रेमपूर्ण पर्व को प्रशासनिक भावनाओं से जोड़ा। छात्राओं ने जिलाधिकारी को भाई समान मानते हुए उन्हें रक्षा-सूत्र बाँधा और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की मंगलकामना की।इस अवसर पर छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई महात्मा गांधी की एक सुंदर चित्रकला भी जिलाधिकारी को भेंट की, जिसे उन्होंने प्रसन्नता के साथ स्वीकार किया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने भी बच्चियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और शैक्षणिक उत्कृष्टता की शुभकामनाएं दीं।रक्षाबंधन के इस अवसर पर छात्राओं के चेहरों पर आत्मविश्वास एवं प्रसन्नता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस छोटे से आयोजन ने प्रशासन और समाज के बीच एक भावनात्मक पुल की तरह कार्य किया, जहाँ संवेदनाएं औपचारिकताओं से ऊपर उठकर सजीव बन गईं।

# रोटरी क्लब ऑफ गया युवा की तरफ से स्तनपान संबंधित जानकारी दी


गया।आज रोटरी क्लब ऑफ गया युवा की तरफ से स्तनपान कराने के संबंध मे महिलाओं को जानकारी देने के संबंध मे के बी मेमोरियल हॉस्पिटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर डॉ नन्द किशोर गुप्ता ने वहा मौजूद महिलाओं को स्तनपान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने सभी बातों को अच्छे से समझा और प्रश्न भी पूछे है। महिलाओं के बीच सेनिट्री पैड, प्रोटीन पाउडर अन्य सामग्री भी बाटा गया है।इस मौके पर रोटरी युवा की अध्यक्ष राहुल महाजन, मुख्यआयोजनकर्ता रोटेरियन मुकेश गुप्ता जी,कमल, ममता, आदित्य, एवम अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, राखी का त्यौहार रक्षा बंधन मनाया



गया जी ( बिहार ) के परिसर में सशस्त्र सीमा बल एवं हॉली पब्लिक स्कूल, डोभी गया जी के सयुंक्त तत्वाधान में राखी का त्यौहार रक्षा बंधन मनाया गया है।इस कार्यक्रम में रविशंकर कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट, अन्य अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं वाहिनी के बलकर्मिकों को हॉली पब्लिक स्कूल, डोभी गया जी की छात्राओं द्वारा जवानों की कलाईयों पर रक्षा सुत्र ( राखी ) बांध कर रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है।इस अवसर पर छात्राओं को अवगत कराया गया कि सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल सीमा व भारत- भूटान सीमा के ड्यूटी के साथ-साथ कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, एवं नक्सल विरोधी अभियान जैसे ड्यूटी में अपनी अहम भूमिका निभा रही है एवं साथ ही साथ बताया गया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है। जो उनके प्रेम और उनकी भलाई की प्रार्थना का प्रतीक है। बदले में, भाई अपनी बहनों की रक्षा का वचन देते हैं।

# सीमा सुरक्षा बल द्वारा सिमरारी में पशुचिकित्सा शिविर का सफल आयोजन



मधुबनी। जयनगर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के समवाय जानकीनगर के अंतर्गत सीमा चौकी सिमरारी क्षेत्र में शुक्रवार को एक दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन क्षेत्रीय मुख्यालय, मुजफ्फरपुर से पधारे डॉ. एस. एन. सिंह, कमांडेंट (पशुचिकित्सा) द्वारा किया गया। शिविर में कुल 35 पशुपालकों ने भाग लिया, जहां उनके कुल 175 पशुओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मौसमी रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया।शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण, संतुलित आहार व्यवस्था, साफ-सफाई तथा नियमित देखभाल के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था, साथ ही सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच समन्वय व विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना रहा।शिविर की सफलता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गहरी संतुष्टि व्यक्त की और ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का आग्रह किया। ग्रामीणों ने यह भी आश्वासन दिया कि वे आने वाले दिनों में इस प्रकार की सेवाओं में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट,कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाने एसएसपी के पास पहुंचा

गया जी।गया के वजीरगंज थाना क्षेत्र के किनार पहाड़पुर टोला बरबीघा निवासी प्रमोद यादव ने दबंगों के द्वारा मारपीट किए जाने के बाबजूद कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर एसएसपी ने न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित प्रमोद यादव ने बताया कि जब वह अपने घर में खाना खा रहा था उसी समय गांव के दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की गई।चंदन कुमार,प्रदीप कुमार,रीना देवी और उपेंद्र यादव पर मारपीट का आरोप लगाया है।इसे लेकर स्थानीय थाना वजीरगंज में आवेदन दिया गया है।लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया है।

# संस्कृति दर्पण संघ ने औरंगाबाद में रक्षाबंधन उत्सव की नई परंपरा का किया शुभारंभ

**प्रातः किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को नई दिशा और समाज में बहन-बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संस्कृति दर्पण संघ के द्वारा औरंगाबाद नगर भवन में रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व एक भव्य और ऐतिहासिक उत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन के साथ ही जिले में नए उत्सव एवं नई परंपरा की शुरूआत हुई, जिसे समाज के हर वर्ग ने सराहा। इस अवसर पर न केवल औरंगाबाद नगर, बल्कि आसपास के प्रखंडों और गांवों से भी लगभग 500 महिलाएं एवं बहनें शामिल हुईं। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सतीश सिंह (जिला महामंत्री एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष), मार्गदर्शक अजीत चंद्र, संस्था के अध्यक्ष प्रकाश चौहान एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रीतम मोदनवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और अटूट बंधन को भावपूर्ण तरीके से दर्शाया गया। यह मंच समाज में प्रेम, विश्वास और एकजुटता का सशक्त संदेश देने वाला बना।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह क्षण रहा जब लगभग 500 बहनों ने मुख्य अतिथि सतीश सिंह की कलाई पर राखी बांधी और उनसे यह वचन लिया कि वे समाज में महिलाओं और बहनों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस भावुक क्षण पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि सतीश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज से मैं केवल अपने परिवार की बहनों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की हर बेटी और बहन को अपनी बहन मानकर उनका सम्मान और सहयोग करूंगा। मार्गदर्शक अजीत चंद्र ने इस आयोजन को औरंगाबादके इतिहास में एक अनूठा और प्रेरणादायक प्रयास बताया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है । सस्था के अध्यक्ष प्रकाश चौहान ने कहा कि इस तरह के आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि रक्षाबंधन केवल परिवार के बीच का पर्व नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज में भाईचारा, सम्मान और सुरक्षा की भावना का प्रतीक है। इस पहल ने साबित किया कि जब समाज एकजुट होकर अपनी बहनों के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेता है, तो यह परंपराएं पीढ़ियों तक प्रेरणा देती हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर संघ के सचिव चंदन गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज सोनी, विश्वनाथ कुमार सोनू योगी, रोशन कुमार पंडित, रोशन मिश्रा, सुनील कुमार मोदी, तेजस्वी कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य, कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# बिक्रम सड़क हादसे में दो दिनों में दो की मौत, बाईक से टकरा कर एक बच्ची की गई जान

बिक्रम गोपाल विद्यार्थी थाना क्षेत्र के एस एच 2 पर लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी सड़क हादसे में एक बच्ची की जान चली गई पालीगंज बिहटा मुख्य मार्ग पर मंझौली गांव के समीप एक अज्ञात बाईक से टकरा कर एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची अपने मौसी के घर आई थी। सड़क किनारे एक बाइक सवार ने उसे जबर्दस्त ठोकर मारी जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गयाजी जिले के पिंकू चौधरी की 12 वर्षीय बेटी रानी कुमारी मंझौली गांव में अपने मौसा अजय चौधरी के घर आई थी।शुक्रवार को आसपास के बच्चों के साथ घूमते हुए बच्ची मंझौली के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र के समीप सड़क के किनारे खड़ी थी । इसी बीच तेज रफ्तार से आ रहे बाइक से उसकी जबर्दस्त ठोकर लगी और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गई।आसपास के लोग अभी पहुँच पाते ,बाइक सवार गाड़ी के साथ फरार हो गया। जख्मी हालत में स्थानीय लोगों ने बच्ची को लेकर बिक्रम पीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत को समझते हुए पटना एम्स रेफर कर दिया।पटना जाने के क्रम में ही बच्ची की मौत हो गई।

# जीबीएम कॉलेज में रेड रन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

➤ वैष्णवी एवं दामिनी राज प्रथम स्थान पर रहीं

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी के संरक्षण में एवं एनएसएस पदाधिकारी एवं रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के संयोजन में कॉलेज की एनएसएस इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा महाविद्यालय स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

दौड़ प्रतियोगिता में दस छात्राओं का चयन किया गया, जो जिला स्तरीय रेड रन प्रतियोगिता मे भाग लेंगी। चयनित प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पर वैष्णवी एवं दामिनी राज, द्वितीय सती एवं अंजलि कुमारी तथा तृतीय स्थान पर राजनंदन एवं स्वाति रहीं। वर्षा, रिशिका, रेशमा, एवं रीमा भी चयनित छात्राओं में से हैं। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों मे एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा रॉय एवं परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे मांझी थे। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और आशा जतायी कि छात्राएँ जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देंगी।

कॉलेज की पीआरओ डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किशोरों एवं युवाओं को एचआईवी एड्स, किशोर स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित युवा स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समाज को इन समस्याओं के प्रति जागरूक कर सकें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना एवं एनएसीओ, भारत सरकार के निदेशानुसार आयोजित की जाने वाली रेड रन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पाँच किलोमीटर की दौड़ में शामिल होना होता है।

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

संख्या एम०सी०–237–13–वीएसएस, दि० 06/08/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लू०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैः–

**1, कार्य का नाम, लोकेशन के साथ** :कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियों निगरानी प्रणाली की स्थापना और कोचों में आईपी (IP) आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्यस्थलः** दानापुर डिविजीन, **2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रू 56,61,77,620.05/– (रूपये छप्पन करोड़ इकसठ लाख सतहत्तर हजार छह सौ बीस एवं पांच पैसे मात्र) ।, **3. अग्रधन राशि (रूपया में) :** रू 29,80,900/– (रूपये उनतीस लाख अस्सी हजार नौ सौ मात्र) , **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 28.08.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी।, **5. वेव साईट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचनाः** निविदा सूचना पात्रता मान दड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेव साईट **CRIS website: www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

पीआर/0738/डीएनआर/एमईसीएच/टी/25–26/44

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।

अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–28 वर्ष 2025–26

निम्नलिखित कार्य हेतु पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–21.08.2025 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है । वैसे संवेदक जो इस कार्य का अनुभव रखते हो, उन्हे कार्य में प्राथमिकता दी जायेगी। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0म0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | Annual Maintenance & Operation of 2 No. Lift 15 Passenger(1020 Kg) at Main Building BPSC Office, Patna for Period from September -2025 to December-2026. (Make:-Schindler) |

PR- 010998 ( B C D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।



# शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की कप्तानी करेंगे

**विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को सेंट्रल जोन की कमान; 28 अगस्त से डोमेस्टिक सीजन शुरू होगा**

**मुंबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते नजर दिखेंगे। उन्हें डोमेस्टिक सीजन के पहले टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया है। गिल के अलावा, भारतीय विकेटकीपर ध्रुव जुरेल सेंट्रल जोन के कप्तान बनाए गए हैं।शुक्रवार को दोनों जोन की टीमें जारी की गई हैं। पिछले हफ्ते भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को वेस्ट जोन का कप्तान बनाया गया था, जबकि गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को वेस्ट जोन की कमान सौंपी गई है। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा साउथ जोन के लिए दलीप ट्रॉफी 2025 में खेलेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू हो रही है।दलीप ट्रॉफी का पिछला टाइटल मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली इंडिया ए ने जीता था। टीम ने फाइनल राउंड में इंडिया सी को 132 रन से हराया।भारतीय कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। उनकी टीम में आयुष बडोनी, यश धुल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और अंशुल कम्बोज जैसे खिलाड़ी हैं। नॉर्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित ब्बष्टद्ब के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा।

गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी।

## काउंटी क्रिकेट के वनडे में तिलक का अर्धशतक



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय टी-20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने इंग्लैंड में चल रहे काउंटी क्रिकेट लीग के वनडे कप में गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। उन्होंने जो वीदरली के साथ 98 रन की पार्टनरशिप भी की। वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। हैम्पशायर ने इस मैच में एसेक्स को 5 विकेट से हराया। हैम्पशायर इस जीत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 285 रन बनाए। 286 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी हैम्पशायर ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 288 रन बना लिए। एसेक्स की ओर से चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास ने अर्धशतक बनाएं इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे। एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर इंग्लैंड में मैच के दौरान गिरफ्तार

**लंदन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के युवा बैटर हैदर अली को इंग्लैंड में रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला 3 अगस्त का है, जानकारी अब सामने आई है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक 24 साल के बल्लेबाज हैदर पाकिस्तान ए टीम (पाकिस्तान शाहीन) का हिस्सा हैं। 3 अगस्त को वह कैंटरबरी मैदान में एमसीएसएसी (मेलबर्न क्रिकेट क्लब की टीम) के खिलाफ मैच खेल रहे थे। तभी ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस उन्हें मैदान से ही गिरफ्तार करके ले गई। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। इस घटना के सामने आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हैदर अली को फिलहाल सस्पेंड कर दिया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, हैदर पर रेप का आरोप लगाने वाली लड़की पाकिस्तानी मूल की है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। हैदर को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है, और हम ऋ में अपनी जांच करेंगे। बोर्ड इस मुश्किल समय में हैदर की कानूनी मदद करेगा। पाकिस्तान ए टीम 17 जुलाई से 6 अगस्त तक ऋ दौरे पर थी पाकिस्तान ए टीम 17 जुलाई से 6 अगस्त तक ऋ के दौरे पर थे और उन्होंने दो तीन-दिवसीय मैच खेले, दोनों ड्रॉ रहे। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीती। कप्तान सऊद शकील और हैदर को छोड़कर ज्यादातर खिलाड़ी बुधवार को ऋ से लौट आए। सऊद शकील निजी कारणों से दुबई में रुके हुए हैं। पाकिस्तान के लिए 2 वनडे और 35 टी-20 खेले हैं हैदर अली को एक समय पाकिस्तान क्रिकेट का उभरता सितारा माना जाता था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 2 वनडे और 35 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हैदर ने 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था, जहां भारत के यशस्वी जायसवाल के साथ उन्हें पाकिस्तान के सबसे होनहार खिलाड़ियों में गिना गया था।

## रविचंद्रन अश्विन चेन्नई से अलग हो सकते हैं

**संजू की राजस्थान से ट्रेड या रिलीज की मांग, सीएसके, केकेआर दिखा रही हैं रुचि**



**चेन्नई (एजेंसी)।** एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड और संजू सैमसन इन दिनों चेन्नई में हैं। इससे आईपीएल 2026 के लिए प्लेयर्स के ट्रेड एंड रिलीज की चर्चाएं तेज हैं। क्रिकबज ने लिखा- दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चेन्नई सुपरकिंग्स से अलग हो सकते हैं। वेबसाइट ने यह दावा- फ्रेंचाइजी के एक बड़े अधिकारी की एमएस धोनी और ऋतुराज गावकवाड की मीटिंग के बाद किया है। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि कप्तान संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से छोटी नीलामी से पहले खुद को ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। हालांकि, इन दोनों पर दोनों फ्रेंचाइजीज ने अधिकृत तौर पर कुछ नहीं कहा है।

### संजू ने राजस्थान के लिए 155 मैच खेले

संजू 2015 में कोलकाता नाइट राइडर्स से रिलीज होकर राजस्थान से जुड़े थे और तब से इस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन चुके हैं। सिर्फ 2016 और 2017 में टीम के निलंबन के दौरान नहीं खेले। उन्होंने राजस्थान की ओर से 149 मैच खेले और 4027 रन बनाए हैं। वह राजस्थान की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले और सबसे सफल कप्तान भी हैं।

### सीएसके, केकेआर और डीसी दिखा रही हैं रुचि

संजू को अपने साथ जोड़ने के लिए सीएसके, केकेआर और डीसी रुचि दिखा रही हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स सैमसन को अपनी टीम में शामिल करना चाहती है। 2025 के खत्म होने के बाद से ही सैमसन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में सीएसके मैनेजमेंट और उनके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग से मुलाकात भी की।

## भारत अब वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका से टेस्ट खेलेगा

**दोनों से 4 मैच, सभी जीते तो डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मौका**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पॉइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है।



### ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें

डब्ल्यूटीसी का नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। 3 टेस्ट जीत से 100 प्रतिशत पॉइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रॉ से 67त्न पॉइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला।

### सीरीज ड्रॉ तो भारत को इंग्लैंड से ज्यादा पॉइंट्स क्यों?

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रॉ रहा। एक जीत से 12 पॉइंट्स और 1 ड्रॉ से 4 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पॉइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पॉइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पॉइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

### भारत अब अक्टूबर में सीरीज खेलेगा

डब्ल्यूटीसी के एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पॉइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70त्न पॉइंट्स के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत पॉइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रॉ रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे।

**होमग्राउंड से बाहर भारत की टेस्ट सीरीज**

| खिलाफ | टेस्ट | कब/नतीजा |
|---|---|---|
| श्रीलंका | 2 | अगस्त, 2026 |
| न्यूजीलैंड | 2 | अक्टूबर, 2026 |
| इंग्लैंड | 5 | 2-2 से ड्रॉ रही |

### अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज

2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी। भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी।

## अर्जुन की जीत से शुरुआत, निहाल जर्मनी के विन्सेंट से हारे




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के अब तक के सबसे मजबूत ग्रांड मास्टर्स क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रांड मास्टर्स शतरंज के पहले दिन पहले राउंड के पाँच मुकाबलों मे दो परिणाम जीत और हार के तौर पर सामने आए जबकि तीन बाज़ियाँ बेनतीजा रही । प्रतियोगिता के टॉप सीड ग्रांड मास्टर भारत के अर्जुन एरीगैसी नें एक बार फिर अपने अभियान आरंभ जीत के साथ किया है , अर्जुन नें यूएसए के आवोण्डर लियांग के खिलाफ सफ़ेद मोहरो से राय लोपेज ओपनिंग मे एक प्यादा कुर्बान करते हुए रोचक बाजी खेली और 49 चालों मे जीत दर्ज की । वहीं भारत के निहाल सरीन को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ एक करेबी हार का सामना करना पड़ा , काले मोहरो से गुर्नफ़ील्ड ओपनिंग मे अंत तक चले मुक़ाबले मे लगभग ड्रॉ होती बाजी मे पराजय का सामना करना पड़ा । अन्य तीन मुकाबलों मे भारत के विदित गुजराती नें नीदरलैंड के वान फॉरेस्ट जॉर्डन से , नीदरलैंड के अनीश गिरि ने यूएसए के रोबसोन रे से और भारत के दोनों खिलाड़ियों मुरलाई कार्तिकेयन और प्रणव वी के बीच बाजी बेनतीजा रही । अब कल अर्जुन वान फॉरेस्ट से , विदित रोबसन से , निहाल अनीश से , प्रणव विन्सेंट से और मुरली लियांग से मुक़ाबला खेलेंगे ।

## मैग्नस कार्लसन बने पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 चैंपियन

**रियाद, सऊदी अरब (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक नॉर्वे के ग्रांडमास्टर मैग्नस कार्लसन (टीम लिक्विड) ने ईरान के ग्रांडमास्टर अलीरेज़ा फिरौज़जा (टीम फाल्कन्स) को फाइनल में लगातार दो सेटों में 3-1, 3-1 से हराकर पहले शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कार्लसन ने न केवल इतिहास रच दिया बल्कि 2,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और अपनी टीम के लिए 1000 अंक भी अर्जित किए। फाइनल मुकाबला टेनिस की तरह तीन सेटों का था, जिसमें प्रत्येक सेट चार बाजियों का था। अगर ज़रूरत पड़ती तो तीसरा सेट दो बाजियों का होता। कार्लसन ने पहला सेट दो जीत और दो ड्रॉ से 3-1 से जीता। दूसरा सेट फिरौज़जा ने एक जीत से शुरू किया, पर अगले तीनों बाजियाँ हारकर मैच भी गँवा दिया ।तीसरे स्थान का मुकाबला-अमेरिका के ग्रांडमास्टर हिकारू नाकामुरा (टीम फाल्कन्स) ने भारत के ग्रांडमास्टर अर्जुन एरिगैसी (टीम जेन.जी) को 3.5-2.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन ने पहली बाजी में जीत दर्ज की थी, इसके बाद मुकाबला बराबरी पर चलता रहा लेकिन निर्णायक बाजी नाकामुरा ने जीतकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

## जयपुर में मैच-फिक्सिंग से घिरे आयोजक करा रहे थे लीग



**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेटरों वाली लेजेन टी-10 लीग मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले कैंसिल हो गई। खेल परिषद को लीग आयोजकों के मैच फिक्सिंग के आरोपी से घिरे होने की जानकारी मिली थी। सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस) में शुक्रवार (8 अगस्त) से लीग की शुरुआत होनी थी। इसके लिए रॉस टेलर हर्शल गिब्स जैसे क्रिकेटर जयपुर पहुंचे हैं ।खेल विभाग के सचिव का कहना है आयोजकों ने कोई पैसा जमा नहीं कराया है। इसलिए उनका सामान भी जब्त किया जाएगाइस लीग का आयोजन क्रिक प्लेक्स स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड करा रहा था। लीग के फाउंडर चिरंजीवी दुबे पर मैच फिक्सिंग और खिलाड़ियों के साथ चौथ वसूली के आरोप हैं ।वहीं, लीग के को-फाउंडर मीनाक्षी अग्रवाल के पति दीपक अग्रवाल पर आईसीसी प्रतिबंध भी लग चुका है। इसलिए खेल परिषद ने परमिशन कैंसिल कर दी है। आयोजकों को नोटिस देकर उन पर लगे आरोपों पर भी सवाल पूछा गया है। खेल परिषद ने इनकी पहचान को संदिग्ध बताया है। इनकी कंपनी क्रिक प्लेक्स स्पोर्ट्स मैनजमेंट पर मैच फिक्सिंग, सट्टेबाजी और वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप हैं।

## वेलम्मल स्कूल बना फीडे विश्व स्कूल्स टीम शतरंज चैम्पियन




**एलेक्ज़ेंड्रिया, वर्जीनिया ,अमेरिका (एजेंसी)।** विश्व चंपोइओन डी गुकेश और प्रज्ञानन्दा के स्कूल के नाम से पहचान रखने वाले भारत की वेलम्मल एमएचएस स्कूल चेन्नई ने एक बार फिर अपने शतरंज प्रभुत्व का प्रदर्शन करते हुए 2025 फीडे विश्व स्कूल्स टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के एपिस्कोपल हाई स्कूल के सुंदर परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वभर से युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। आठ राउंड में सभी मैच जीतकर वेलम्मल एमएचएस ने स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। यह जीत भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी सफलता है। वेलम्मल स्कूल इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित खिताब जीत चुका है, और इस स्कूल के पूर्व छात्र ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ,आर. प्रग्गानंधा और लियॉन मेंडोंका जैसे नाम आज विश्व शतरंज में प्रसिद्ध हैं। प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में वेलम्मल पहले ही अपराजेय बढ़त बना चुका था ।दूसरे स्थान के लिए संघर्ष बेहद रोमांचक रहा, जहां सात टीमें आखिरी राउंड तक रेस में थीं। अंतत: कजाखस्तान के नेशनल स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड मैथेमैटिक्स ने रजत पदक जीता। अमेरिका की द हार्कर स्कूल ने भी समान अंक अर्जित किए, पर टाईब्रेक में तीसरे स्थान पर रही। चौथे स्थान पर कजाखस्तान की ही अस्ताना 2 आरएसपीएम रही।




## बेंगलुरु में विमेंस वर्ल्ड कप मैचों पर संकट

**स्टेट एसोसिएशन को कर्नाटक सरकार से नहीं मिली मंजूरी, यहां 4 मैच खेले जाने हैं**

**बेंगलूर (एजेंसी)।** आईसीसी विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर से होगी और फाइनल मैच 2 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच बेंगलुरु में खेला जाना है। हालांकि इस मैच पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को अभी तक कर्नाटक सरकार से इस स्टेडियम में इन मैचों के आयोजन के लिए मंजूरी नहीं मिली है। यहां जो मैच खेले जाने हैं उनमें भारत और श्रीलंका के बीच ओपनिंग मैच के अलावा एक सेमीफाइनल भी शामिल है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े आयोजनों की मेजबानी को लेकर हाल ही में गंभीर सवाल उठे थे। इस साल जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई भगदड़ ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इस हादसे में 11 लोगों की जान गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। वहीं, केएससीए को महाराजा टी20 टूर्नामेंट को बेंगलुरु से मैसूर शिफ्ट करना पड़ा था।

इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा।

पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं।

2025 के टूर्नामेंट का फॉर्मेट 2022 जैसा ही होगा, जिसमें आठ टीमें राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। मेजबान भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका ने सीधे क्वालिफाई किया था।

# डीएम ने गाँधी मैदान का किया निरीक्षण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

### पूरे गाँधी मैदान को चार जोन में बाँटा गया , हरेक जोन में टीम क्रियाशील है, सभी तैयारी तेजी से चल रही है : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने आज गाँधी मैदान, पटना का निरीक्षण किया तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2025 की तैयारियों का जायजा लिया। स्थल पर ही उन्होंने समीक्षात्मक बैठक भी की। साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, बैठने की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था, परेड एवं पूर्वाभ्यास, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा, अग्निशमन की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, झांकियों का प्रदर्शन, आमंत्रण पत्र, विधि-व्यवस्था सहित सभी बिन्दुओं पर एक-एक कर समीक्षा की तथा अद्यतन तैयारी का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा। पूरी गरिमा एवं शान के साथ पूरे जिला में इसका आयोजन किया जाएगा। मुख्य राजकीय समारोह गांधी मैदान, पटना में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियाँ तेजी से चल रही है। पूरे गाँधी मैदान को चार जोन में बाँटा गया है। हरेक जोन में अपर जिला दंडाधिकारी के स्तर के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में टीम क्रियाशील है।

जिलाधिकारी ने कहा कि गाँधी मैदान के चारों ओर सुचारू यातायात हेतु पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा नियमित तौर पर कार्रवाई की जाती है। अधिकारियों को सीसीटीवी मॉनिटरिंग प्रणाली को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया है ताकि यातायात को और व्यवस्थित किया जा सके। वर्तमान में पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गाँधी मैदान परिसर में तथा आस-पास समुचित संख्या में संस्थापित कैमरा क्रियाशील है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत संस्थापित 128 सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जाएगी। ये फिक्स्ड बुलेट, पीटीजेड एवं एनालिटिक कैमरा है। 128 कैमरा में 61 फिक्स्ड कैमरा, 22 पैन टिल्ट जूम (पीटीजेड) कैमरा तथा 45 एनालिटिक कैमरा है। इसमें गाँधी मैदान के चारों तरफ 49 कैमरा तथा गाँधी मैदान के अंदर 79 कैमरा क्रियाशील है। पटना स्मार्ट सिटी के इंटिग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर (आईसीसीसी) से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इसका नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। साथ ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संख्या में कैमरा लगाने का निदेश दिया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि गाँधी मैदान के चारों ओर बुडको, विद्युत कार्य प्रमंडल एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 15 हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापित किया गया है। वर्तमान में इसका संचालन पटना नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। बुडको द्वारा गाँधी मैदान में विभिन्न स्थानों पर 56 डेकोरेटिव लाईट लगाया गया है जिसका संचालन वर्तमान में विद्युत कार्य प्रमंडल सं.-1 द्वारा किया जा रहा है। साथ ही गाँधी मैदान के पाथ-वे के दोनों तरफ स्ट्रीट लाईट लगा हुआ है जिसका संचालन भी वर्तमान में विद्युत कार्य प्रमंडल सं.-1 द्वारा किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को इन सभी हाईमास्ट लाईट, डेकोरेटिव लाईट एवं स्ट्रीट लाईट का बेहतर रख-रखाव एवं नियमित क्रियाशीलता सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 34 प्रकाश मीनारों से 136 एलईडी मेटल लाईट, 229 पोल लाईट एवं 15 हाईमास्ट लाईट के द्वारा गाँधी मैदान एवं उसके चारों ओर प्रकाश की उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी। पाथवे लाईट की भी बेहतर व्यवस्था रहेगी। गाँधी मैदान में कुल 15 हाईमास्ट लाईट, 56 डेकोरेटिव लाईट, 98 पोल लाईट तथा गाँधी मूर्ति के पास 28 पार्क लाईट क्रियाशील है। गाँधी मैदान के चारों तरफ पटना नगर निगम द्वारा अधिष्ठापित 131 पोल लाईट भी क्रियाशील है। प्रकाश की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु प्रकाश मीनारों, हाईमास्ट लाईट के स्थलों पर अभियंताओं एवं तकनीशियनों की प्रतिनियुक्ति रखने का निदेश दिया गया है।जिलाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग, विद्युत कार्य प्रमंडल तथा पटना नगर निगम के अधिकारियों को निदेश दिया कि गाँधी मैदान के पास के प्रकाश मीनारों, एलईडी मेटल लाईट, पोल लाईट, हाईमास्ट लाईट, पाथवे लाईट, डेकोरेटिव लाईट एवं पार्क लाईट क्रियाशील रखें। समय-समय पर तकनीकी जाँच कराई जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गाँधी मैदान में आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी मैदान, पटना में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों एवं उपकरणों की एंटी-सबोटाज जांच हेतु तकनीकी परीक्षण पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, पटना के स्तर से की जाएगी। तकनीकी परीक्षण होने के उपरांत ही गाड़ियों के गांधी मैदान में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## पुनौराधाम में गृह मंत्री व सीएम का धार्मिक न्याय बोर्ड के अध्यक्ष ने किया स्वागत



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ प्रो रणबीर नंदन ने पुनौराधाम की पुण्यभूमि पर गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुनौराधाम की पुण्यभूमि एक ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना, जब भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माता जानकी की जन्मस्थली में भव्य मंदिर एवं संपूर्ण परिसर के विकास कार्यों का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष होने के नाते प्रो रणबीर नंदन को गरिमामयी नेताओं का स्वागत करने और इस पावन अनुष्ठान में सहभागी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल पुनौराधाम के धार्मिक महत्व को नए शिखर पर ले जाएगा, बल्कि यहां के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन क्षेत्र में भी नए युग की शुरूआत करेगा। प्रस्तावित योजना में मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का विस्तार, यातायात के समुचित प्रबंध और स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को गति देने जैसे अनेक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस भव्य परियोजना से पुनौराधाम न केवल भारत बल्कि विश्वभर के धार्मिक मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। यह आस्था और विकास के संकल्प का साक्षात उदाहरण बनेगा, जिससे स्थानीय समुदाय के जीवन में भी समृद्धि की धारा बहेगी। इस आयोजन में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय राज्य मंत्री  नित्यानंद राय, सतीशचंद्र दुबे, राजभूषण चौधरी, राज्य सरकार के मंत्रीग्विजय कुमार चौधरी, डॉ. अशोक चौधरी, राज्यसभा सांसद एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, लवली आनंद, कई विधायक, विधान पार्षद सहित कार्यकर्ता, पदाधिकारी, उपस्थित रहे।

## रामकिशोर शर्मा के द्वितीय पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

मसौढ़ी। नगर मुख्यालय स्थित तारेगाना डीह मुहल्ले स्थित माई छोटा स्कूल में शुक्रवार को स्वर्गीय रामकिशोर शर्मा के द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र डॉ मुकेश कुमार द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें 250से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य की जांच कर मैडिसन दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायिका रेखा देवी ने की,मौके पर रामकिशोर शर्मा के तैल्या चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी, रामकिशोर शर्मा के पुत्र डॉ मुकेश कुमार व उनके पुत्रवधू डॉ काजल भारती ने बताया कि पिता जी के पुण्यतिथि के मौके स्वास्थ्य जांच शिविर और गरीब असहायों को मदद के लिए विशेष आयोजन किया गया।जिसमें जानकारी दी कि कैंसर रोग विशेषज्ञ गैस्ट्रोलॉजी हृदय रोग ई एन टी इंटरनल मेडिसिन चर्म रोग फिजियोथैरेपी स्त्री विशेषज्ञ डायबेटोंलॉजिस्ट नेत्र रोग सहित अन्य लगभग 30 विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने किया दीघा हाल्ट-सोनपुर-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण, जीवधारा में निमार्णाधीन वाशिंग पिट का लिया जायजा



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज 08.08.2025 को दीघा हाल्ट-सोनपुर-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने इस रेलखंड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, रेल पुलों आदि का मुआयना किया । महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित परिचालन हेतु सभी संभव कदम उठाने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय द्वारा जीवधारा में निमार्णाधीन वाशिंग पिट का भी निरीक्षण किया गया तथा इसे यथाशीघ्र पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर सोनपुर के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन एवं समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित थे।

## आयुक्त के निर्देश पर शहर में लगातार पाँचवें दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार पाँचवे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.14 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ गोलम्बर से आर ब्लॉक गोलम्बर तक रोड के दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 12,400/- जुमार्ना वसूल किया गया।पाटलिपुत्र अंचल में 11.00 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ ज्ञान भवन से कारगिल चौक होते हुए बाँकीपुर क्लब के दोनों साईड पुनः बिस्कोमान भवन होते हुए ज्ञान भवन तक स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान नाला पर से लगभग 40 से 50 स्थायी झोपड़ी को तोड़कर हटाया गया तथा 1 चार चक्का लकड़ी का ठेला, टेबल, कुर्सी बगैरह जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 14,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।कंकड़बाग अंचल में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 02.30 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ कॉलोनी मोड़ से करबिगहिया होते हुए मीठापुर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 3 ठेला जब्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 13,600/- जुमार्ना वसूल किया गया।नगर परिषद् दानापुर निजामत में 11.30 बजे पूर्वाह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ राम जयपाल मोड़ से लक्ष्मी जगत पेट्रोल पम्प तक नेहरू पथ मुख्य सड़क के दक्षिण तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 12 अवैध पोस्टर/बैनर, 15 बाँस, 10 चाली हटाया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 12,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 52,000/- जुमार्ना वसूला गया।

आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।

आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी।

पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे। वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।आयुक्त डॉ. सिंह ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है। उन्होंने आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया है। आयुक्त डॉ. सिंह के निदेश पर जिला पदाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा विशेष अभियान के तहत प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन अभियान संचालित करने के लिए एक पाँच-सदस्यीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है।

## प्रशांत किशोर के सभी आरोप निराधार : मंगल

### कहा - दिलीप जायसवाल को पिताजी ने चेक से दिए ऋण के पैसे

पटना। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के लगाए गए सभी आरोपों पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने जो भी आरोप लगाए हैं वह निराधार हैं। मंत्री मंगल पांडेय ने प्रशांत किशोर के सभी आरोपों का एक-एककर जवाब भी दिए। मंत्री मंगल पांडेय ने रिश्वत के पैसे से पत्नी के नाम पर फ्लैट खरीदने के आरोप को लेकर कहा कि भाजपा नेता डॉ. दिलीप जायसवाल से जो पैसा ऋण के रूप में लिया गया था, उसे पौने पांच साल पहले उन्हें वापस कर दिया गया है। जो राशि ऋण के रूप में ली गई थी वह चेक से ही ली गई थी और उस राशि को वापस भी चेक से ही किया गया है प्रशांत किशोर ने एक कॉलेज के विश्वविद्यालय की मान्यता को लेकर जो आरोप लगाये है उसके विषय में मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय की मान्यता में स्वास्थ्य विभाग का कोई रोल नहीं होता है। मंत्री मंगल पांडेय ने एंबुलेंस खरीद में हेराफेरी के आरोपों को लेकर कहा कि इसके लिए बजाब्ता एक प्रक्रिया है। निविदा होती है, निविदा में संबंधित पक्ष अपनी निविदा देती है। उसके निष्पादन की भी एक प्रक्रिया है। निष्पादन प्रक्रिया से जो पक्ष सहमत नहीं होता है तो न्यायालय जाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी लोग न्यायालय गए हैं। यह मामला उच्च न्यायालय में है। विभाग से जानकारी ली गई है जिसमें बताया गया कि अभी तक इस मामले में कोई भुगतान भी नहीं हुआ है।

## जिसको जबाब देना है वही सवाल कर रहा है : राजद

पटना। चुनाव आयोग द्वारा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भेजे गए पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि यह जबाब तो चुनाव आयोग को देना चाहिए कि तेजस्वी जी के नाम पर दो एपिक नम्बर कैसे जारी किया गया। चूंकि एपिक नम्बर चुनाव आयोग द्वारा हीं जारी किया जाता है। यह कोई एक घटना नहीं है, ऐसे कई उदाहरण हैं जिसके नाम से दो - दो एपिक नम्बर जारी है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग को यह भी बताना चाहिए कि तेजस्वी यादव लालू प्रसाद के मकान से मंटू कुमार पिता नरेश राम के मकान में कैसे और कब चले गए। यह मंटू कुमार कौन हैं जिनका मकान संख्या 110 है और तेजस्वी जी के मकान कि संख्या भी 110 है। चुनाव आयोग क्या शपथ पत्र के साथ यह दावा करेगी कि बिहार के पुरे मतदाता सूची में केवल तेजस्वी यादव के नाम से हीं दो-दो एपिक नम्बर है। दरअसल चुनाव आयोग अपने हीं बुने हुए जाल में बुरे तरीके से फंस गई है। भाजपा को मदद पहुंचाने की उसकी साजिश सामने आ चुका है, इससे ध्यान भटकाने के लिए और मीडिया के माध्यम से तेजस्वी यादव की छवि प्रभावित करने के लिए बार-बार पत्र लिखा जा रहा है।

## एसपी ने थानाध्यक्षों एवं सभी डीएसपी व एसडीपीओ के साथ किया मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित



आरा । आरा,पुलिस अधीक्षक भोजपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, भोजपुर(आरा) में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक, सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इस अपराध गोष्ठी में मासिक रूप से होने वाले पुलिस के उपलब्धियों की समीक्षा की गई एवं विगत माह में प्रतिवेदित गंभीर और लंबित कांडों के अनुसंधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।सभी थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण और सुव्यवस्थित न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## डीएम की अध्यक्षता में पुनपुन अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला के आयोजन के संबंध में की गई बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पुनपुन अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला, 2025 के सफल आयोजन हेतु बैठक हुई। यह मेला दिनांक 06 सितम्बर, 2025 से 21 सितम्बर, 2025 तक होना निर्धारित है। ज़िलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मानकों के अनुरूप सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनपुन अन्तर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्व है। यहाँ नेपाल, भूटान, श्रीलंका सहित देश-विदेश से हजारों की संख्या में तीर्थ-यात्री, श्रद्धालुगण एवं पर्यटक पहुँचते हैं। पुनपुन नदी को पितृ-तर्पण की प्रथम वेदी के रूप में स्वीकार किया गया है। पुनपुन नदी पिंडदान स्थल पर पहुँचकर लोग अपने पितरों की आत्मा की चिरशांति के लिए पिंडदान एवं तर्पण करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष भी मेला में काफी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। अतः हम सबको सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था करते हुए तत्पर एवं मुस्तैद रहना होगा। सम्बद्ध सभी विभागों के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए मेला का सफल आयोजन सुनिश्चित करना होगा। पर्यटन, राजस्व, रेलवे, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमण्डल, नगर पंचायत, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, यातायात, परिवहन सहित सभी विभागों को ससमय दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनपुन नदी पर लक्ष्मण झूला समतुल्य केबल सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। कुछ दिनों पहले उन्होंने इसका स्थल निरीक्षण किया था। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा फिनिशिंग टच दिया जा रहा है। इस बार विश्व-प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को लक्ष्मण झूला की सुविधा प्राप्त होगी। इससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को तर्पण एवं पिंडदान के लिए आवागमन में काफी सहायता मिलेगी। कार्यपालक अभियंता को बचे हुए कार्य को जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुनपुन को राज्य सरकार पर्यटन के दृष्टिकोण से विश्वपटल पर लाने के लिए दृढ़संकल्पित है। पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला का निर्माण हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन में काफी सहायता मिलेगी तथा पुनपुन का पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकास होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुल की लंबाई 320 मीटर एवं चौड़ाई 11.5 मीटर है। यह बिहार का पहला लाईट वेहिकल केबल सस्पेंशन ब्रिज है। इसमें केबल की संख्या 18 है। सस्पेंशन डेक की लंबाई 120 मीटर, वायडेड वायाडक्ट की लंबाई 200 मीटर तथा सम्पर्क पथ की लंबाई 135 मीटर है। पायलॉन की ऊँचाई 100 फीट रहेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, पुनपुन को निदेश दिया गया कि पूर्व से अधिष्ठापित सभी एलईडी हाई-मास्ट लाईट को नगर पंचायत द्वारा क्रियाशील रखा जाए। संबंधित पदाधिकारियों को मेला क्षेत्र में अस्थायी नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ पर्यटक सहायता-सह-सुविधा केन्द्र (हेल्पलाईन तथा मे आई हेल्प यू काउंटर) की स्थापना करने तथा वीडियो कैमरा/सीसीटीवी के द्वारा निगरानी करने का निदेश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु अस्थायी टेंट का निर्माण किया जाएगा। आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग, नाव, गोताखोर एवं एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। क्यूआरटी सक्रिय रहेगा। सम्पूर्ण मेला परिसर का एन्टी-सैबोटाज जाँच सुनिश्चित किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुनपुन घाट रेलवे हॉल्ट एवं पुनपुन स्टेशन पर रेलगाड़ियों के अल्पकालीन ठहराव के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर को अनुरोध पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

गौरतलब है कि मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष अवधि में पहला पिंडदान पुनपुन नदी के ही तट पर किया जाता रहा है। इसलिए इस स्थान को प्रथम अतर्राष्ट्रीय पिंडदान स्थल के नाम से जाना जाता है। तदुपरांत श्रद्धालु गया में भी पिंडदान तर्पण करते हैं।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी ने मेला के सफल आयोजन हेतु पीपीटी के माध्यम से पूर्व तैयारी से संबंधित विवरणी प्रस्तुत किया। स्थानीय जन-प्रतिनिधियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अपना सुझाव दिया गया। पितृपक्ष मेला के दौरान पधारने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश, यातायात एवं परिवहन, आवासन, सुरक्षा व्यवस्था, हेल्प डेस्क काउंटर एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, स्नानागार एवं चेंजिंग रूम, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, रेलवे संबंधित सुविधा, पर्यटन संबंधी व्यवस्था, विधि-व्यवस्था सहित सभी पहलुओं पर एक-एक कर समीक्षा की तथा आवश्यक निदेश दिया।

## मिरहट्टी पंचायत में गंगा का पानी घुसा, घरों में घुसा पानी, हजारों एकड़ फसल बर्बाद



भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के मिरहट्टी पंचायत के स्थनडीह,पतोराडीह,बरबिन्ना में गंगा का पानी घुसा, हजारों घर हुआ जल मग्न, लाखों एकड़ फसल बर्बाद,पशु को नहीं मिल रहा चारा/इस मामले को लेकर पुर्व मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार एवं ग्रामीणों ने बताया कि मिरहट्टी पंचायत के स्तनडीह,पतोराडीह, बरबिन्ना में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर पानी घुस गया है जो हजारों घरों में पानी घुसने पर सड़क किनारे शरणं लिये हुए हैं, सरकार के द्वारा कोई भी सहायता राशि नहीं मिलने पर भूखे पेट जीवन ज्ञापन कर रहे हैं इसकी जानकारी स्थानीय विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल एवं विडिओ को देने पर राहत सामग्री देने की बात कही गई है/इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर माई बहिन मान योजना की जानकारी दिया : भाई दिनेश

आरा। भाई दिनेश, पूर्व विधायक जगदीशपुर, भोजपुर ने रेलवे स्टेशन पर बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के सोच संकल्प माई बहन मान योजना की जानकारी देते हुए पर्चा वितरण किया।इस योजना के तहत, राज्य की गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।इसके अलावा, 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी और बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को 1,500 रुपये पेंशन के रूप में दिए जाएंगे।माई बहन मान योजना के मुख्य बिंद इस प्राकार है। वित्तीय सहायताः राज्य की गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।- बिजली की सुविधाः 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी।पेंशनः बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को 1,500 रुपये पेंशन के रूप में दिए जाएंगे। युवा आयोगः युवा आयोग का गठन किया जाएगा। भ्रष्टाचार पर रोकः भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाएगी। उद्योग और शिक्षाः उद्योग का जाल बिछाया जाएगा और विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा 'भाई दिनेश ने कहा की बिहार के भावी मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी ने ह्यमाई बहिन मान योजना के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।इस योजना के तहत, राज्य की गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ।कार्य क्रम मे सुरेंद्र सिह , श्याम बाबू सिह, बिरेंद्र सिह, डब्बू ठाकुर, करिया राय थे ।

## शिक्षक का विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया

उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुरा आरा में कार्यरत शिक्षक ताहिर हुसैन का आज विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रधान शिक्षक के पद पर ताहिर हुसैन ने एन. पी. एस. बजरेयाँ टोला प्राथमिक विद्यालय सहार में प्रधान शिक्षक के तौर पर हुआ है । विद्यालय परिवार का प्रतिनिधत्व करते हुए मध्य विद्यालय हसनपुरा के प्रधानाध्यापक राज मंगल तिवारी ने माल्यार्पण कर उनके सेवा के प्रति आभार प्रकट किया । प्रधान शिक्षक ताहिर हुसैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अथक प्रयास ही सफलता की कुंजी है अगर जीवन में सफल होना है तो लगातार प्रयास करते रहना होगा ' भविष्य में उन्हें कभी भी जरूरत पड़े तो मैं उनके साथ हुँ ' यहां से मेरी विदाई के साथ-साथ मुझे और बड़ी जिम्मेदारी मिली है जिससे मैं अपनी ज्ञानमई प्रकाश से और भी बच्चों के भविष्य को उज्जवल कर सकूँ ' इस मौके पर प्रधान शिक्षक ताहिर हुसैन की पत्नी शबनम खातून शिक्षक और शिक्षिकाएं पूनम कुमारी,सविता चौधरी, नीरज कुमार सिंह, अंजली, योगेंद्र प्रसाद,रेखा कुमारी,कुमार राजेंद्र सिंह,अरुण कुमार राय,सानु कुमारी, मोहम्मद हयात अली, बेबी कुमारी, गीता कुमारी,रंजू सिंह,इंदु कुमारी और विद्यालय के परिवार सभी शामिल थे ।

## कटाव की सूचना पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

आरा । आरा, बड़हरा अंचल में पंचायत निकनामटोला अंतर्गत शालिग्राम सिंह का टोला में गंगा नदी के किनारे हो रहे कटाव की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार, तत्क्षण कार्रवाई करते हुए बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा स्थल पर कटाव निरोधात्मक कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि संभावित क्षति को रोका जा सके और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।जिला प्रशासन कटाव की स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है ।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्र इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555